संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 22 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 78 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



बजट सत्र के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद परिसर में।

# आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद नासूर: शाह

● ये हमें विरासत में मिले, हमने मुकाबला किया, 10 साल में बहुत कुछ बदला, मोदी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई

**चर्चा**

**चार दशक से देश में तीन नासूर थे, पहला- आतंकवाद, दूसरा- नक्सलवाद और तीसरा- पूर्व उग्रवाद**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद पर करारा हमला बोलते हुए सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का जिक्र किया। उन्होंने अनुच्छेद 370 समेत तमाम मुद्दों पर कांग्रेस समेत विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि चार दशक से देश में तीन नासूर थे, पहला- आतंकवाद, दूसरा- नक्सलवाद और तीसरा- पूर्व उग्रवाद। हमने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई। अमित शाह ने कहा कि मैं इस सदन में जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि इस देश में नक्सलवाद 21 मार्च 2026 तक समाप्त हो जाएगा। अमित शाह ने कहा, '21 सदस्यों ने सदन में अपने विचार रखे। एक तरह से गृह मंत्रालय के अनेक कार्यों के आयामों को समेटने का प्रयास किया गया। सबसे पहले मैं उन हजारों राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ-साथ सीमाओं को मजबूत करने के लिए, अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।' सरकार के विकास कार्य गिनाते हुए शाह विपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि जो काला चश्मा पहनकर आंखें मूंदकर बैठे हैं, उनको विकास के नजारे नहीं दिखाए जा सकते। एक सांसद कश्मीर गए। वहां कार्यकर्ताओं के साथ बर्फ के साथ खेले भी। उन्होंने कहा कि उन्हें दूर से आतंकी दिखाई दिया। आगे उन्होंने कहा कि नजर में ही आतंकी है तो आपको सपने में भी वही आएगा। हम तो दिखाई देते ही दो आंखों के बीच में गोली मारते हैं। हमारी सरकार न तो आतंक को बर्दाश्त कर सकती है और न ही आतंकियों को। आतंकियों के लिए देश में कोई जगह नहीं है। अमित शाह ने कहा, '...जब 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई, तो हमें 2014 से पहले की कई विरासत की समस्याएं मिलीं। इस देश की सुरक्षा और विकास को हमेशा तीन मुख्य मुद्दों के कारण चुनौती दी गई। इन तीन मुद्दों ने देश की शांति में बाधा उत्पन्न की, देश की सुरक्षा पर सवाल उठाए और लगभग 4 दशकों तक देश के विकास की गति को बाधित किया। उन्होंने देश की पूरी व्यवस्था को भी कई बार हास्यास्पद बना दिया।



### एक साल में 380 नक्सली ढेर, 1045 ने किया आत्मसमर्पण: शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राज्यसभा में शुक्रवार को गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि पूर्वोत्तर राज्यों में हिंसा घटनाओं में कमी आई। गृह मंत्री ने नक्सलियों को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि एक साल में 2619 नक्सली कम हुए हैं। सालभर में 380 नक्सली मारे गए हैं। अब सिर्फ 12 जिले नक्सल प्रभावित हैं।



उन्होंने आगे कहा कि 1045 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। शाह ने यह भी बताया कि नक्सलियों के फाइनेंसर को हमने खत्म किया है। **अनुच्छेद 370 अलगाववाद की मुख्य वजह:** शाह ने कहा कि हमारी सरकार ने उग्रवाद, आतंकवाद और नक्सलवाद पर चोट किया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुई प्रगति का भी जिक्र किया। गृह मंत्री ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को अलगाव के पीछे की मुख्य वजह बताई। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद से कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में कमी आई है। पत्थरबाजी भी रुक गई है।

**आदर्श विचार**



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। - भगवत गीता"

**मन की बात**



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं। -स्वामी विवेकानंद"

## सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने एक वरिष्ठ अधिवक्ता को कारण बताओ नोटिस जारी कर यह पूछने का निर्णय किया है कि शीर्ष अदालत की ओर से उन्हें दी गई पदवी क्यों न रद्द कर दी जाए। यह अभूतपूर्व निर्णय वरिष्ठ अधिवक्ता ऋषि मल्होत्रा के खिलाफ कदाचार के आरोपों के मद्देनजर लिया गया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की ओर से बुलाई गई पूर्ण अदालत, जिसमें प्रशासनिक पक्ष के सभी सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश शामिल थे, ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया। शीर्ष अदालत ने 20 फरवरी को मल्होत्रा के खिलाफ कड़ी टिप्पणी की थी। उन पर शीर्ष अदालत की चेतावनियों के बावजूद भ्रामक बयान देने के अलावा कैदियों की समयपूर्व रिहाई के कई मामलों में महत्वपूर्ण तथ्यों को दबाने का आरोप है। जारी करने के लिए अधिकृत किया, ने कहा कि मल्होत्रा को वरिष्ठ पदनाम से हटाए जाने से पहले अपने आचरण को स्पष्ट करने के लिए एक और अवसर दिया जाना चाहिए।

## विदेशी जेलों में बंद हैं 10 हजार से ज्यादा भारतीय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने संसद में विदेशों में बंद भारतीयों के मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा, वर्तमान में 10,000 से अधिक भारतीय विभिन्न विदेशी जेलों में बंद हैं और उनमें से 49 को मौत की सजा सुनाई गई है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लिखित जवाब में बताया, सबसे ज्यादा 2,633 भारतीय सऊदी अरब में कैद हैं, जबकि दूसरे नंबर पर 2,518 संयुक्त अरब अमीरात में कैद हैं। सरकार विदेशी जेलों में बंद भारतीय नागरिकों सहित विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा,संरक्षा और कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती है। विदेश में भारतीय मिशन/केंद्र सतर्क रहते हैं।

## मुस्लिम कोटा को लेकर कर्नाटक विधानसभा में बवाल, नारेबाजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**बंगलूरुः** कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार का दिन हंगामे के नाम रहा। हनी ट्रैप और मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को लेकर सदन में भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की। इसी क्रम में कर्नाटक विधानसभा में विरोध प्रदर्शन कर रहे 18 भाजपा विधायकों को अनुशासनहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से छह महीने के लिए निलंबित कर दिया। जिसके बाद मार्शलों ने उन्हें जबरन सदन से बाहर निकाला। **इसलिए हुई कार्यवाही** कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर ने यह कार्रवाई विधानसभा की कार्यवाही में बाधा डालने वाले विधायकों के खिलाफ की। वे हंगामा कर रहे भाजपा विधायकों ने न सिर्फ अध्यक्ष के आदेशों की अवहेलना की बल्कि अनुशासनहीन तथा अपमानजनक तरीके से व्यवहार भी किया। जिसके बाद कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच.के. निलंबन के लिए, विधानसभा में प्रस्ताव रखा, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा की कार्यवाही में बाधा डालने के लिए 18 भाजपा विधायकों को छह महीने के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव पारित किया।



**आरक्षण**

**मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को लेकर सदन में भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की**

## बिहार सरकार ने फिर उठाई विशेष राज्य के दर्जे की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** विशेष राज्य के दर्जा के साथ बिहार ने 16वें वित्त आयोग से केंद्रीय करों में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी मांगी है। इसके साथ ही करों के बंटवारे में बहुआयामी गरीबी सूचकांक को भी एक मानक बनाने का आग्रह किया है। गुरुवार को आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने बताया कि विशेष दर्जा वित्त आयोग के अधिकार क्षेत्र का विषय नहीं। वैसे भी योजना आयोग के दौरान ही ऐसी व्यवस्था का समापन हो चुका है। उल्लेखनीय है कि 15वें वित्त आयोग ने कर हस्तांतरण की सीमा 41 प्रतिशत निर्धारित कर रखी है, जिसकी समय-सीमा वित्तीय वर्ष 2025-26 के साथ समाप्त हो जानी है। उसके बाद अगले पांच वित्तीय वर्ष के लिए 16वें वित्त आयोग की अनुशंसाएं प्रभावी होंगी। पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम कर बंटवारे के संदर्भ में बिहार की अपेक्षाओं और सुझावों से अवगत होने के लिए तीन दिवसीय दौरे पर बुधवार रात पटना पहुंची थी। शुक्रवार को यह टीम मधुबनी में मिथिला हाट का अवलोकन करने के बाद वापस होगी। गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और वित्त विभाग का दायित्व संभाल रहे उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ इस टीम ने विचार-विमर्श किया।

**हिस्सेदारी मांगी**

**बिहार ने सौंपा मांग-पत्र, सेस और सरचार्ज में मांगी हिस्सेदारी, बिहार दौरे पर आई आयोग की टीम**

## ट्रंप के टैरिफ प्लान पर सरकार कर रही है मंथन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने बिना किसी छूट के सभी देशों से इस्पात और एल्युमीनियम के आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाया है, लेकिन भारत पर अभी तक कोई देश विशेष टैरिफ या पारस्परिक शुल्क नहीं लगाया गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि सरकार इन शुल्कों के प्रभाव का बारीकी से मूल्यांकन कर रही है, जो पिछले शुल्कों की तुलना में वृद्धि दर्शाते हैं। जितिन प्रसाद ने सीपीआई (एम) के सदस्य जॉन ब्रिटास के एक सवाल के जवाब में कहा कि आज की तारीख तक अमेरिका ने भारत पर विशेष रूप से कोई पारस्परिक शुल्क नहीं लगाया है। केंद्रीय वाणिज्य राज्यमंत्री ने कहा कि अमेरिका ने सभी देशों से स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर समान रूप से अतिरिक्त शुल्क लगाए हैं, जिनका प्रभाव व्यापक स्तर पर देखा जा रहा है। भारत सरकार इन शुल्कों के प्रभाव का बारीकी से मूल्यांकन कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले भी भारत द्वारा लगाए गए उच्च टैरिफ की आलोचना कर चुके हैं, लेकिन अभी तक दोनों देशों के बीच कोई विशेष व्यापारिक विवाद नहीं उभरा है।

**टैरिफ वॉर**

**अभी तक कोई पारस्परिक शुल्क नहीं लगाया गया है, किया जा रहा मूल्यांकन: केंद्र सरकार**



बजट सत्र के दौरान सांसद प्रियंका गांधी साथी सांसदों संग वार्ता करती हुई।

## सरकार की पाकिस्तान को खरी-खरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बार फिर पाकिस्तान को जमकर खरी-खोटी सुनाई। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान मंत्रालय ने पड़ोसी मुल्क को उसका असली चेहरा भी दिखाया। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर पाकिस्तान उच्चायोग में आयोजित इफ्तार रात्रिभोज में किसी भारतीय सरकारी अधिकारी को आमंत्रित किया गया था तो उन्होंने कहा कि निमंत्रण तो रिश्तों पर निर्भर करता है ना...।

## जज यशवंत वर्मा के बंगले में मिला नोटों का भंडार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ एक रिपोर्ट आने के बाद उन्हें उनके मूल उच्च न्यायालय इलाहाबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने केंद्र सरकार को उनके स्थानांतरण की सिफारिशें कीं। न्यायमूर्ति वर्मा ने अक्तूबर 2021 में दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी।



**घर में लगी आग और फूट गया भांडाः** पिछले हफ्ते होली की छुट्टियों के दौरान उनके सरकारी बंगले में बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी मिलने के बाद यह फैसला लिया गया। यह धनराशि उस समय मिली जब इमारत में आग लग गई और न्यायाधीश के परिवार के सदस्यों ने- जो उस समय शहर में नहीं थे- आपातकालीन सेवाओं को फोन किया। उन्होंने फिर पुलिस को बुलाया। **कौन हैं जस्टिस यशवंत वर्मा** जस्टिस यशवंत वर्मा का जन्म 6 जनवरी 1969 को इलाहाबाद में हुआ। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से बी.कॉम (ऑनर्स) की पढ़ाई की और मध्य प्रदेश के रीवा विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. की डिग्री हासिल की। उन्होंने कॉर्पोरेट कानूनों, कराधान और कानून की संबद्ध शाखाओं के अलावा संवैधानिक, श्रम और औद्योगिक विधानों के मामलों में भी वकालत की।

**रिपोर्ट तलब**

**सुप्रीम कोर्ट ने शुरू की जांच, दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से मांगी रिपोर्ट**

**हनी ट्रैप**

भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की और कुछ विधायकों ने अपने हाथों में सीडी थामे हुईं थी

## कर्नाटक विधानसभा में हनीट्रैप पर हंगामा, सीबीआई जांच की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**बंगलूरू :** कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार को हनी ट्रैप के मुद्दे को लेकर हंगामा हो गया। भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की और कुछ विधायकों ने अपने हाथों में सीडी थामे हुईं थी, जिन्हें लेकर दावा किया गया कि उनके पास हनी ट्रैप को लेकर सबूत हैं। इसके बाद कुछ विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। इस दौरान विधायकों ने सभापति के आसन के पास पेपर फेंके। सदन में हंगामे के चलते विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। **कर्नाटक सरकार के मंत्री के बयान से हुआ हंगामा:** दरअसल गुरुवार को कर्नाटक सरकार के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने विधानसभा में दावा किया कि केंद्रीय नेताओं समेत 48 राजनेता हनी ट्रैप में फंस गए हैं। राजन्ना ने कहा कि 'कर्नाटक को सीडी और पेन ड्राइव फैक्ट्री कहा जा रहा है। पता चला है कि 48 लोगों की सीडी-पेन ड्राइव उपलब्ध हैं। नेटवर्क पूरे भारत में फैला है। कई केंद्रीय मंत्री भी फंसे हैं।' अन्य विधायकों ने भी मंत्री राजन्ना के बयान का समर्थन किया। इसके बाद राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने का आश्वासन दिया। **विपक्ष कर रहा न्यायिक जांच की मांग:** भाजपा विधायक और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि 'यह किसी एक पार्टी का मुद्दा नहीं है। यह लोगों के लिए काम करने वाले विधायकों के खिलाफ सबसे बड़ी साजिश है। कुछ लोग अपने छिपे हुए एजेंडे के तहत ये सब (हनीट्रैप) कर रहे हैं।' इस मुद्दे पर सदन में बोलते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी और किसी को बचाने का सवाल ही नहीं है। सीएम ने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि इस मामले में कोई बचने न पाए। दोषियों को कानून के मुताबिक सजा दी जाएगी। राजन्ना ने किसी का नाम नहीं लिया है, अगर वे किसी का नाम लेते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।



**विरोध**

**कुछ विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। विधायकों ने सभापति के आसन के पास पेपर फेंके**

## कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस पर भड़की भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार को घेरा और उन पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण देने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 'कर्नाटक में सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत ठेके मुसलमानों को दिया जाएगा। यह आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के सेंधमारी करके कर्नाटक सरकार ने राहुल गांधी के कहने पर मुसलमानों को दिया है।'



**'राहुल गांधी राजनीतिक रूप से अनफिट':** संबित पात्रा ने कहा कि 'अन्य पिछड़ा वर्ग, एससी और एसटी वर्ग के लोगों को कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह गैर संवैधानिक है। यह फैसला तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। राहुल गांधी कहीं न कहीं राजनीतिक रूप से अनफिट हैं और इसी वजह से वे तुष्टिकरण के माध्यम से अपनी राजनीतिक महत्वकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं।' **'यह कॉन्ट्रैक्ट जिहाद':** भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि 'पंडित जवाहरलाल नेहरू के देश के प्रधानमंत्री बनने की महत्वकांक्षा के चलते इस देश के दो टुकड़े हुए। अब उसी राह पर चलते हुए राहुल गांधी ने ये चार प्रतिशत आरक्षण दिया है और ये कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि यह भविष्य में 100 प्रतिशत भी हो सकता है। यह जिहाद की राजनीति है।'

# आप ने संगठन में किया बड़ा बदलाव

## मनीष सिसोदिया बनाए गए पंजाब के प्रभारी, सौरभ भारद्वाज बने दिल्ली के अध्यक्ष



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूत करने पर फैसला लिया गया। चार राज्यों में प्रभारी बनाने पर सहमति हुई। गुजरात में गोपाल राय प्रभारी, दुर्गेश पाठक सह प्रभारी, गोवा में पंकज गुप्ता प्रभारी, पंजाब में मनीष सिसोदिया प्रभारी और सतेन्द्र जैन सह प्रभारी, छत्तीसगढ़ के लिए संदीप पाठक प्रभारी बनाए गए हैं। दिल्ली का अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और जम्मू कश्मीर के लिए मेहराज मलिक को जिम्मेदारी दी गई है। आप सांसद संदीप पाठक ने कहा, "आज पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में कई फैसले लिए गए। गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी बनाया गया है। पंकज गुप्ता को गोवा का प्रभारी बनाया गया है। मनीष सिसोदिया को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है और मुझे छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज को पार्टी की दिल्ली इकाई का प्रमुख और मेहराज मलिक को पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई का सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद कहा, "चुनाव में दिल्ली की लगभग आधी आबादी ने हमें (आप) वोट दिया था। हमें इन वोटर्स के साथ उन लोगों का भी ध्यान रखना है, जिन्होंने यह सोचकर भाजपा को वोट दिया था कि हमें 2500 रुपये मिलेंगे और गैस सिलेंडर मिलेगा। हम पार्टी को मजबूत करेंगे और मेरा मानना है कि हारने के बाद संगठन का निर्माण करना सबसे आसान होता है। जो पार्टी की हार के समय भी आपके साथ रहता है, वह खरा सोना होता है।"

**जिम्मेदारी**

"चुनाव में दिल्ली की लगभग आधी आबादी ने हमें (आप) वोट दिया था। हमें उन लोगों का भी ध्यान रखना है: भारद्वाज

# चालक रवि कुमार ने कायम की ईमानदारी की मिशाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद :** ऑटो चालक रवि कुमार ने रुपये से भरा बैग पुलिस को सौंपकर ईमानदारी की मिशाल कायम की है। जनपद ललितपुर के कस्बा मंडावरा निवासी दिवाकर पुराने वाहनों की बिक्री और खरीद का कारोबार करते हैं। बृहस्पतिवार को वह अपने साथी राजू, अरविंद और सौरभ के साथ वाहन खरीदने नगर में आए। गोविंदपुरम से पुराने बस अड्डे पर पहुंचने के लिए चारों ऑटो में सवार हो गए। उतरते समय उनका रुपये से भरा बैग ऑटो में छूट गया। कारोबारी सिहानी गेट थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। रात को रवि ऑटो लेकर घर पहुंचा तो रुपये से भरा बैग देखा। शुक्रवार की सुबह ऑटो चालक सिहानी गेट थाने पहुंचा और 8.23 लाख रुपये का बैग पुलिस को सौंप दिया।

# दिल्ली में मेरठ जैसी दरिंदगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दूसरे लड़कों से बातचीत करने से नाराज एक युवक ने कार में अपनी महिला मित्र की गला घोंटकर हत्या कर दी। शव ठिकाने लगाने के लिए वह काफी देर तक कार में इधर उधर घूमता रहा और फिर एक दोस्त की मदद से छावला में पहुंचा, जहां उसने नजफगढ़ नाले में शव फेंक दिया। शव बाहर न निकले, इसके लिए आरोपियों ने हाथ-पैर को रस्सी से बांधकर उसमें पत्थर बांध दिया, लेकिन पांच दिन के बाद ही शव पानी से बाहर निकल गया और छावला थाना पुलिस ने शव बरामद कर लिया। हत्या के इस मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपियों आसिफ और जावेद उर्फ जुबैर को गिरफ्तार कर लिया। मृतका की पहचान कोमल के रूप में हुई है। वह सुंदर नगरी में रहती थी और कॉल सेंटर में काम करती थी। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 17 मार्च को छावला थाना पुलिस को नजफगढ़ नाले में युवती का शव होने की जानकारी मिली थी।

## एक स्कूल ऐसा भी... टॉयलेट के लिए जाना पड़ता है घर

**ग्रेटर नोएडा :** एक दिन पहले जिले में प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने दावा किया था कि यूपी के परिषदीय स्कूल देश में मॉडल बन रहे हैं, लेकिन दनकौर ब्लॉक का परिषदीय स्कूल बल्लूखेड़ा तो कुछ और ही बयां कर रहा है। स्कूल की चहारदीवारी नहीं है। इससे छात्रों की असुरक्षा का भय रहता है। शौचालय के लिए लड़कियों को घर जाना पड़ता है।


**भारतीय रेल**
**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**(रेलवे बोर्ड)**
**शुद्धिपत्र–II**

**No. 2024/ Track-III/ MC/4** **New Delhi, dated 21.03.2025**

**विषयः पन्द्रह नग स्विच रेल ग्राइंडिग मशीन (एस आर जी एम) की आपूर्ति हेतु निविदा संख्या टी एम 2403**

वाणिज्यिक निविदा शर्तों व तकनीकी विशिष्टताओं से संबंधित पूर्व बोली सम्मेलन की प्रतिक्रियाएं वाणिज्यिक निविदा शर्तों व तकनीकी विशिष्टताओं से संबंधित शुद्धिपत्र एवं संशोधित निविदा दस्तावेज तथा अन्य सम्बंधित दस्तावेज वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 28.03.2025 को भी स्थगित कर 22.04.2025 कर दिया गया है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगीं।

कार्यकारी निदेशक, ट्रैक (ऍम एंड एमसी)
रेलवे बोर्ड

877/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थितिः– | 30-Elect-50-T-R1-24-25-E3 मेरठ में खैर नगर पोस्ट ऑफिस घंटा घर मार्केट के निर्माण के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागतः– | रू० 105.32 लाख |
| कार्यालय का पता :– | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशिः– | रू० 202700.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :– | 21.04.2025, 12.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय :– | 21.04.2025, 12.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्डः– | www.ireps.gov.in/वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली 887/2025 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा–201301, उ0प्र0
वेबसाइटः www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह फर्मों/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्या हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जिन्हें निम्नानुसार निर्धारित तिथि तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट **www.noidaauthorityonline.in** एवं UPLC की वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

**क). (रु. 1.00 लाख से 30.00 लाख तक)**

| S. No. | Job No. | Sale Start Date | Sale End Date | Tender Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जॉब सं.–04/ई–निविदा/भ.क्र.वि./2024–25 कार्य का नाम– शीतकालीन वर्दी के कपड़े की आपूर्ति हेतु। अनुमानित लागत रु. 22,66,485.00 | 24.03.2025 | 01.04.2025 upto 5:00 P.M. | 02.04.2025 11.00 AM |

ऑफिसः सैक्टर–30 नौएडा
भण्डार क्रय अधिकारी नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रंजन पुत्रः जगदीश भिंड, पताः** झुग्गी, कंजर बस्ती, गाँव निलोठी, निहाल विहार, दिल्ली, **FIR No. 1219/2023, U/s 25/54/59 ARMS ACT,** थानाः निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रंजन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रंजन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1219/2023, U/s 25/54/59 ARMS ACT,** थानाः निहाल विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रंजन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 292, जिला पश्चिम,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3488/OD/2025 (Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 व 83 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. जमशेद आलम पुत्र काशम अली 2. शबाना पत्नी खुर्शीद अली 3. खुर्शीद आलम पुत्र काशम अली 4. अंजुमन पत्नी जमशेद अली 5. सलमान खान पुत्र काशम अली 6. सीमा पत्नी सलमान खान सभी निवासी सी–12/160, यमुना विहार, दिल्ली** ने case **FIR No. 1210/2023 U/s 467/468/471/120B IPC, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. जमशेद आलम 2. शबाना 3. खुर्शीद आलम 4. अंजुमन 5. सलमान खान 6. सीमा** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त उपरोक्त उल्लिखत अभियुक्त फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि case **FIR No. 1210/2023 U/s 467/468/471/120B IPC, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त उपरोक्त उल्लिखत अभियुक्तों से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 30.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
कमरा नं. 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3512/OD/2025(Court Matter)

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **करण बलानी पताः** प्लॉट नं. 539, खसरा नं. 143/539, भूतल, गाँव कंझावला, दिल्ली, **CC No. 2793/2020,** थानाः बवाना, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण बलानी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करण बलानी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 2793/2020,** थानाः बवाना, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **करण बलानी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सार्थक पनवार, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 114, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3392/ON/2025 (Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **उषा रानी सचदेवा,** निदेशक मेसर्स रोनी फाइनेंस लिमिटेड, निवासी- 1105/45, डीडीए फ्लैट्स, कालकाजी, नई दिल्ली-110019 ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 10617/2017 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना दक्षिण रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उषा रानी सचदेवा** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उषा रानी सचदेवा** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **उषा रानी सचदेवा, प्रथम सूचना रिपोर्ट नंबर 10617/2017 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना दक्षिण रोहिणी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 21.04.2025 को या उससे पहले हाजिर

आदेश से
**सुश्री इब्बानी अग्रवाल**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03
दक्षिण पश्चिम, कोर्ट नंबर 107, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/3540/RD/2025

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. अकबर सैफी उर्फ अकबर सैफी पुत्र मो. नईम निवासी 245/7, गली नंबर–6, स्कूल ब्लॉक, मंडावली, मधु विहार, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली** ने **FIR No. 294/2023, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना मधु विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. अकबर सैफी उर्फ अकबर सैफी,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मो. अकबर सैफी उर्फ अकबर सैफी,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 294/2023, U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना मधु विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. अकबर सैफी उर्फ अकबर सैफी,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री उदमव कुमार जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–04
कमरा नं. 13, द्वितीय तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3327/ED/2025 (Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रहीश उर्फ बाबू , पुत्र इदरीश उर्फ तैय्या निवासी झुग्गी नं. एफ-7/डब्ल्यू-49/67, सुल्तानपुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 83/2020 धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना राज पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **रहीश उर्फ बाबू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **रहीश उर्फ बाबू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 83/2020 धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना राज पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रहीश उर्फ बाबू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.03.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री एब्बानी अग्रवाल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, कमरा नं.107**
**प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली**

दि.पु./1755/बाहरी जिला/2025


**उत्तर रेलवे**
**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (**https://ireps.gov.in/**) पर **ई–बोली** निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-09-2025 | दिनांक 04.04.2025 को 11:00 बजे | दिल्ली सदर बाज़ार (कुतुब रोड) = कुल 1 साइट |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/ |
| ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान, 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता, 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण, 5. फण्ड का लियन मार्किंग, 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation), 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

संख्या–23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांकः- 21.03.2025 881/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## सूचना

खण्ड मुरथल, जिला सोनीपत की ग्राम पंचायत झुण्डपुर में 1 सफाई कर्मचारी नियुक्त किया जाना है। गांव का कोई भी इच्छुक व्यक्ति उक्त पद पर नियुक्ति के लिए गांव के सरपंच के पास अपना आवेदन दिनांक 04.04.2025 तक जमा करवा सकते है।

**सरपंच**
**श्री देवेन्द्र कुमार, ग्राम पंचायत झुण्डपुर खण्ड-मुरथल।**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# सीएम ने महानायकों की मूर्तियों के सम्मानजनक रखरखाव के निर्देश दिए

**निर्देश जारी**

**सीएम ने सभी संबंधित विभागों को 30 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट पेश करने का आदेश**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता** ने शुक्रवार को राष्ट्रीय ध्वज और देश के महानायकों की मूर्तियों के सम्मानजनक रखरखाव के लिए दिल्ली सरकार के संबंधित विभागों, अधिकारियो और संगठनों को निर्देश जारी किया है। राजधानी के विभिन्न स्थानों पर स्थापित राष्ट्रीय ध्वज की गरिमापूर्ण देखभाल एवं उसके आसपास की वस्तुओं के समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं मुख्यमंत्री ने बताया कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज और और देश के महानायकों की मूर्तियां हमारे गौरवशाली इतिहास, संघर्ष और सांस्कृतिक विरासत की पहचान हैं। इनका सम्मानजनक रखरखाव न केवल हमारा कर्तव्य है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए देशभक्ति और प्रेरणा का स्रोत भी है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन प्रतीकों का आदर करें और उनके संरक्षण में योगदान दें। पिछली सरकार ने दिल्ली में राष्ट्रीय ध्वज तो लगवाए लेकिन उनके रखरखाव पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। पूर्ववर्ती सरकार ने कई जगह पहले से स्थापित मूर्तियों का भी समुचित रखरखाव का प्रबंध नहीं किया। उन्होंने बताया कि इनके उचित रखरखाव को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों, विभागों और संगठनों को निर्देश जारी किए गए हैं। सभी विभागों को निर्देश दिया गया है कि यदि कोई मूर्ति क्षतिग्रस्त या जर्जर हो गई है तो उसकी सम्मानपूर्वक मरम्मत या आवश्यकतानुसार प्रतिस्थापित किया जाए। इस संबंध में एक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है और 30 दिनों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना और उन्हें संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करना है।

## शहीदों से प्रेरणा लेकर युवा शक्ति विकसित भारत का निर्माण कर सकती है: विजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि शहीदों से प्रेरणा लेकर युवा शक्ति ही एक विकसित भारत का निर्माण कर सकती है।वह दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद सुखदेव कॉलेज में शुक्रवार को 'शहीदों की विरासत, युवा शक्ति का प्रभाव-विकसित भारत का निर्माण' विषय पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। विजेंद्र गुप्ता ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद करते हुए कहा कि इन महान स्वतंत्रता सेनानियों ने मात्र 22-23 वर्ष की आयु में देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। गुप्ता ने कहा कि यह हमेशा याद रखें कि हम आज खुलकर सांस ले रहे हैं, क्योंकि हमारे शहीदों ने अपने प्राणों की कुबार्नी दी। उनका बलिदान केवल इतिहास में पढ़ने के लिए नहीं है, बल्कि यह हमारे लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है। उन्होंने शहीद सुखदेव कॉलेज की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को संजोने और उनकी कुर्बानियों को उजागर करने का कार्य भी करता है। गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा शहीदों की विरासत को संरक्षित करने के लिए किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, जलियांवाला बाग स्मारक और अंडमान निकोबार की सेल्यूलर जेल जैसे स्मारकों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये स्मारक न केवल शहीदों के प्रति हमारी श्रद्धा को दशार्ते हैं बल्कि नई पीढ़ियों को उनके संघर्ष से प्रेरित करते हैं। गुप्ता ने भारत के आर्थिक और तकनीकी विकास पर चर्चा करते हुए बताया कि देश अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है।





दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने पीसी एंड पीएनडीटी ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया, भ्रूण जांच की होगी सख्त निगरानी।

## चोरी के रुपये से खरीदे महंगे फोन व जूते, धरे गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण पश्चिम जिले के मुनिरिका इलाके में एक घर से लाखों की नकदी व सोने के आभूषण चोरी के आरोपित को किशनगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। उसने चोरी के रुपयों से दो महंगे मोबाइल फोन बैग तथा जूते खरीदे थे। अचानक रहन सहन में आए बदलाव ने उसे पुलिस के हत्थे चढ़ा दिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के 1.58 लाख रुपये तथा सोने का मंगलसूत्र और चोरी के रुपयों से खरीदा गया सामान बरामद किया है। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चोधरी ने शुक्रवार को बताया कि 15 मार्च को मुनिरिका गांव में रहने वाले लक्ष्मण प्रसाद ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी।

## आईपीयू की सक्सेस स्टोरी से सीखेगी सिंघानिया यूनिवर्सिटी

**दौरा**

**इस यूनिवर्सिटी के एक उच्च स्तरीय शिष्टमंडल ने आईपी यूनिवर्सिटी के द्वारका कैम्पस का दौरा किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: गुरु गोबिंद सिंह** इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपी) की सक्सेस स्टोरी से राजस्थान के झुंझुनू स्थित सिंघानिया यूनिवर्सिटी सीखेगी। उस सिलसिले में इस यूनिवर्सिटी के एक उच्च स्तरीय शिष्टमंडल ने आईपी यूनिवर्सिटी के द्वारका कैम्पस का दौरा किया। सिंघानिया यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट मनोज कुमार के नेतृत्व में दो दर्जन अधिकारियों एवं संकाय सदस्यों की एक टीम ने आईपी यूनिवर्सिटी के द्वारका कैम्पस का भ्रमण किया। उन्होंने यहां स्थित विशाल प्रेक्षा गृह, ओपन एयर थीयेटर, हेल्थ सेंटर, स्मार्ट क्लास रूम, आइडिया लैब, स्पोर्टस स्टेडियम और छात्रावास इत्यादि को करीब से देखा और महसूस किया कि कैसे किसी यूनिवर्सिटी की तरक्की में इन्फ्रास्ट्रक्चर की भी बड़ी भूमिका होती है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उस शिष्टमंडल को संबोधित करते हुए आईपी यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. (डॉक्टर) महेश वर्मा ने कहा कि किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान के विकास में शोध, इंटर-डिसिप्लिनेरी अप्रोच, इनोवेशन, समायोजन एवं सततता की अहम भूमिका होती है।

## तिहाड़ जेल में बंद सांसद इंजीनियर की नियमित जमानत याचिका खारिज

**झटका**

**कोर्ट ने 10 मार्च को इंजीनियर रशीद की संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत की मांग खारिज कर दी**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: पटियाला हाउस** कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज चंदर जीत सिंह ने टेरर फंडिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। पटियाला हाउस कोर्ट ने 10 मार्च को इंजीनियर रशीद की संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत की मांग खारिज कर दी थी, जिसके बाद रशीद ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट में ये याचिका लंबित है। 10 मार्च को ही कोर्ट ने इंजीनियर रशीद की नियमित जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। इसके पहले हाई कोर्ट ने इंजीनियर रशीद को संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए दो दिन कस्टडी पैरोल पर रिहा करने की अनुमति दी थी। इंजीनियर रशीद ने हाई कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका 24 फरवरी को वापस ले ली थी। हाई कोर्ट ने पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल एनआईए कोर्ट को निर्देश दिया था कि वो इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर जितना जल्द हो सके सुनवाई कर फैसला करें। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से मिले स्पष्टीकरण के बाद हाई कोर्ट की रजिस्ट्री ने बताया था कि पटियाला हाउस कोर्ट का स्पेशल एनआईए कोर्ट इंजीनियर रशीद के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई कर सकता है।

## एअर इंडिया की हीथ्रो से संचालित कई उड़ानें प्रभावित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** टाटा की अगुवाई वाली एअर इंडिया ने 21 मार्च के लिए लंदन हीथ्रो एयरपोर्ट से आने-जाने वाली अपनी सभी फ्लाइटें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने यह कदम हीथ्रो एयरपोर्ट पर परिचालन के अस्थायी रूप से बंद होने के कारण उठाया है। एअर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि लंदन स्थित हीथ्रो एयरपोर्ट पर परिचालन अस्थायी रूप से बंद होने के कारण उसकी कई उड़ानें बाधित हुई है, जबकि कुछ उड़ानों को निरस्त करना पड़ा है। एयरलाइन ने बताया बिजली की भारी कमी की वजह से लंदन हीथ्रो एयरपोर्ट को 21 मार्च को 23:59 बजे तक बंद कर दिया गया है।

## प्रवेश ने कार्यकारी अभियंता के निलंबित किया

**कार्रवाई**

**यह कार्रवाई उस समय हुई जब मंत्री ने निरीक्षण के दौरान एक नाले की बदतर स्थिति पाई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने पूर्वी दिल्ली में तैनात एक कार्यकारी अभियंता के निलंबन के आदेश दिए हैं। यह कार्रवाई उस समय हुई जब मंत्री ने निरीक्षण के दौरान एक नाले की बदतर स्थिति पाई। मंत्री ने पटपड़गंज क्षेत्र में सड़कों का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने पाया कि एनएच-9 (सर्विस लेन), जिसे एनएच-24 के नाम से भी जाना जाता है, के किनारे बने नाले बुरी हालत में थे और कोई सफाई या रखरखाव कार्य नहीं किया जा रहा था। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी है कि वह इन नालों की सफाई और रखरखाव करे लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मैंने इस लापरवाही के लिए संबंधित अभियंता के निलंबन का आदेश दिया है। लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में अधिकारी ह्यमोटी चमड़ीह्न के हो गए हैं और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो चुके हैं। अब सख्त निगरानी और जवाबदेही लागू की जाएगी। मंत्री ने न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन से होते हुए त्रिलोकपुरी के चीला गांव और पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के अन्य इलाकों में सड़कों और नालों का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि नाले खराब स्थिति में हैं, जिससे स्थानीय लोगों को असुविधा हो रही है। सिंह ने अधिकारियों को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने और जलभराव व सफाई की समस्या को हल करने के निर्देश दिए। मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखें लेकिन जमीनी हालात बेहद खराब हैं। दिल्ली के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण और त्वरित कार्रवाई जरूरी है। मंत्री सिंह ने सभी वरिष्ठ पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जो अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली को विश्वस्तरीय सड़कों और बुनियादी ढांचे की जरूरत है।

## भाजपा अध्यक्ष ने सेनानियों का किया अभिनंदन

**सम्मान**

**लोकतंत्र विजय दिवस कार्यक्रम में 1975 - 77 के आपातकाल बंदियों को सम्मानित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में 1977 में आपातकाल की समाप्ति दिवस पर आयोजित लोकतंत्र विजय दिवस कार्यक्रम में 1975 - 77 के आपातकाल बंदियों को सम्मानित किया। सचदेवा ने देश भर से कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे आपातकाल बंदियों को सम्बोधित करते हुए उन्हें सच्चा देशभक्त बताया।वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अगर लोकतंत्र को समझना हो तो सबसे पहले हमें लोकतंत्र के सेनानी, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया, उन्हें समझने की जरूरत है। इस मौके पर उपस्थित आपातकाल बंदियों को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि 21 मार्च को ही देश से आपातकाल हटाया गया था। इसलिए यह लोकतंत्र की विजय का दिन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासकों द्वारा 25 जून 1975 को लोकतंत्र को कुचलने का काम किया गया था। उस लड़ाई को लड़ने वाले आपातकालीन साथियों ने यातनाएं सहीं और 19 महीने तक जेलें काटीं और कई आपातकाल बंदियों को शहादत देनी पड़ी। आज का भारतीय लोकतंत्र उन सभी के त्याग और बलिदान पर खड़ा है। सचदेवा ने कहा कि देश भर से आए आपातकाल के वे सभी साथी, जिन्होंने इस कष्ट को सहा है, उन्हें आज सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को इस बात को समझना चाहिए कि कांग्रेस के शासनकाल में किस प्रकार से लोकतंत्र की हत्या की जाती रही है।

## विधायकों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के मुख्य सचिव को लिखे गए पत्र के अनुपालन में दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को सभी विभागों के सचिवों और विभागाध्यक्षों को विधानसभा सदस्यों के साथ व्यवहार करते समय निदेर्शों का पालन करने के लिए एक परिपत्र जारी किया है। प्रशासन और सांसदों तथा राज्य विधानसभाओं के बीच व्यवहार के लिए दिल्ली सरकार के एसओपी का उल्लेख करते हुए सामान्य प्रशासन के अतिरिक्त सचिव ने कहा कि ऐसा कोई अवसर नहीं होना चाहिए कि विधायकों या सांसदों को ऐसी शिकायतें करने के लिए बाध्य होना पड़े।

## एमसीडी कूड़े के ढेर में आग लगाकर प्रदूषण बढ़ा रही है: मनजिंदर सिंह सिरसा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार पिछले कुछ दिनों से प्रदूषण कम करने और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) को बेहतर करने में सफल रही है। उन्होंने आज यहां कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेतृत्व वाला दिल्ली नगर निगम जान बूझकर कूड़े के ढेर को आग लगाकर दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ा रहा है। इससे दिल्ली की वायु गुणवत्ता भी खराब हो रही है। मुझे निरंतर आग लगाने की ऐसी खबरें मिल रही है और मैं आप सब के साथ बीती रात का वीडियो साझा कर रहा हूं। मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को एक्स पर वीडियो जारी करते हुए कहा कि आआपा के नेतृत्व वाले दिल्ली नगर निगम के तहत यह एक लापरवाही भरा काम है। दिल्ली में हाल के हफ्तों में एक्यूआई में सुधार हुआ है। यह हवा को प्रदूषित करने और फिर भाजपा सरकार पर दोष मढ़ने की एक सोची समझी चाल है।

## शिकंजा: दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी गिरफ्तार

**बरामद**

**जीतेंद्र यादव और अमित यादव के नाम से दो भारतीय आधार कार्ड और दो मोबाइल फोन बरामद किए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने देश में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही देश में रुकने के लिए मदद करने वाले इनके एक साथी को भी गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने शुक्रवार को बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान जिला सुनामगंज, डिवीजन सिलहट, बांग्लादेश निवासी मोहम्मद इकबाल हुसैन उर्फ फरहान खान (44), रजीब मियां उर्फ राहुल बिस्वास उर्फ अमित यादव, मोहम्मद मोमिन बादशाह उर्फ मोहम्मद मोमिन हुसैन उर्फ जीतेंद्र यादव, और ओखला फेज-2 निवासी अग्रसेन कुमार के रूप में हुई है। पकड़े गये मोहम्मद इकबाल के पास पुलिस ने फरहान खान के नाम से एक भारतीय पासपोर्ट, मोहम्मद इकबाल हुसैन के नाम से बांग्लादेशी पासपोर्ट की प्रति, फरहान खान के नाम से आधार कार्ड और भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस के अलावा जीतेंद्र यादव और अमित यादव के नाम से दो भारतीय आधार कार्ड और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इसी क्रम में रजीब मियां के पास से राहुल बिस्वास निवासी एनएफसी, दिल्ली के नाम से आधार और भारतीय मतदाता पहचान पत्र और एक मोबाइल फोन, मोहम्मद मोमिन बादशाह के पास से मोहम्मद मोमिन हुसैन निवासी जामिया नगर के नाम से आधार और भारतीय मतदाता पहचान पत्र/पैन कार्ड तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पकड़ा गया चौथा आरोपित अग्रसेन कुमार ने फर्जी आधार कार्ड की मदद से बैंक खाता खुलवाया तथा उसने सरकारी तंत्र में पूरी तरह से गलत जानकारी प्रस्तुत करके अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों के लिए आधार कार्ड बनवाए।डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कई जगह छापे मारे और नेहरू प्लेस से आरोपित मोहम्मद इकबाल और बदरपुर बॉर्डर से रजीब मियां उर्फ राहुल और मोहम्मद मोमिन को गिरफ्तार किया।जांच में पता चला है कि 1995 में बांग्लादेश में स्कूल छोड़ने के बाद आरोपित मोहम्मद इकबाल हुसैन ने 1996 से 2004 तक चावल के व्यापार में काम किया। 2004 में वह दो साल के लिए वर्क परमिट पर इंग्लैंड गया। यहां उसने डिलीवरी सेवाओं और रेस्तरां में काम किया। वह 2009 तक इंग्लैंड में ही रहा और फिर बांग्लादेश लौट गया। वर्ष 2016 तक सुनामगंज में एक किराने की दुकान चलाई। इस अवधि के दौरान उसने बांग्लादेश में शादी कर ली। उसकी एक बेटी है। उसकी पत्नी और बेटी दोनों वर्तमान में बांग्लादेश में रह रही हैं। वर्ष 2017 में वह अवैध रूप से असम सीमा के माध्यम से भारत में प्रवेश किया और असम से ट्रेन द्वारा दिल्ली आया। दिल्ली में वह जामिया नगर में रहने लगा। इस बीच उसने कपड़े का कारोबार शुरू किया। वर्ष 2018 में उसने मैट्रिमोनियल प्लेटफॉर्म के जरिए मध्य प्रदेश की एक महिला से दूसरी शादी कर ली। बिना उसे बताए कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। इस शादी से उसकी दो बेटियां हैं। 2022 से वह अपनी भारतीय पत्नी और बच्चों के साथ मालवीय नगर के पंचशील विहार में रहने आ गया। फिलहाल वह साप्ताहिक बाजारों में कपड़े बेचने का काम कर रहा था। इस दौरान उसने लाइफस्टाइल मॉल में टिकटिंग की दुकान भी किराए पर ले ली। अपने कपड़े के कारोबार को सुचारू रूप से चलाने के लिए उसे श्रमिकों की जरूरत थी। इसलिए उसने एनसीआर में स्थित मानव तस्करों की मदद से कई बांग्लादेशी नागरिकों को असम सीमा के जरिए अवैध रूप से दिल्ली बुलाया।

## ठगी के मामले में तीन गिरफ्तार

**काबू**

**ठगों से धोखाधड़ी के दौरान इस्तेमाल किए गए डिवाइस सहित के साथ छह स्मार्टफोन बरामद किए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिणी पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने एपीके फाइल (एंड्राइड पैकेज) के माध्यम से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठगों से धोखाधड़ी के दौरान इस्तेमाल किए गए डिवाइस सहित के साथ छह स्मार्टफोन बरामद किए हैं। दक्षिणी पश्चिमी जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि जालसाजों की पहचान झारखंड के दुमका स्थित गांव चमरा बहियार निवासी मुन्ना कुमार बैद्य, चार खेड़ा निवासी दिनेश कुमार और ताराजोरा निवासी बिपिन कुमार के रूप में हुई है। जालसाज क्रेडिट कार्ड से संबंधित समस्या का समाधान करने के बहाने लोगों से संपर्क करते थे। फिर कॉल के दौरान पीड़ित से उसके मोबाइल पर एपीके फाइल डाउनलोड कराते थे। इसके बाद उनके मोबाइल का एक्सेस लेकर खाते से पैसे निकाल लेते थे। आरोपितों से बरामद किए गए डिवाइस में एपीके फाइलें और एक्सेल शीट हैं, जिनमें क्रेडिट कार्ड धारकों की गोपनीय जानकारी है। इनमें मोबाइल नंबर, सीवीवी कोड और विभिन्न बैंकों के पैन कार्ड का विवरण शामिल हैं।

# बजट से सीएम सैनी ने हर जाति वर्ग को लाभान्वित करने का किया कार्य: बेदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शुक्रवार को जिला सचिवालय के सभागार में प्रेस वार्ता में हरियाणा सरकार के बजट के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा का बजट सर्व समाज और सभी वर्गों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का बजट किसानों, एग्रीकल्चर, बिजनेस मैन, कर्मचारियों व खिलाडियों के सुझावों को रखकर पेश किया गया है। उन्होंने बताया कि इस बजट से प्रदेश की अर्थव्यवस्था बढ़ी है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा कृषि क्षेत्र में किसानों पर विशेष ध्यान दिया गया है, सैनिकों के लिए भी घोषणाएं की गई है, प्रमुख राज्यों में हरियाणा की प्रति व्यक्ति







आय सबसे अधिक है, राजस्व घाटे में पिछले 10 वर्षों में कमी आई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार जनहित की घोषणाएं कर आम जनता को खुश करने में लगे हुए हैं, हरियाणा राज्य के गिनती देश के अग्रणीय राज्यों में हो रही है, महिला किसानों को डेयरी स्थापित करने के लिए 1 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा, देसी गाय की खरीद पर अनुदान राशि बढ़ाकर 30 हजार रुपये की गई है, यूरिया व डाई खाद की बिक्री को मेरी फसल मेरी ब्यौरा पोर्टल से जोड़ा जाएगा, प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए भूमि की सीमा को घटाकर एक एकड़ किया गया है।

## तीन दर्जन शहरी निकायों के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों सम्बन्धी प्रकाशित की नोटिफिकेशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** ऐसा पढ़ने और सुनने में बेशक आश्चर्यजनक प्रतीत हो परन्तु वास्तविक सत्य यही है कि हरियाणा के शहरी निकायों में आधिकारिक तौर पर कोई भी पार्षद अर्थात म्युनिसिपल काउंसलर (एम.सी.) नहीं है. गुरूवार 20 मार्च को हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य सरकार के गजट (राजपत्र) में प्रकाशित अधिसूचनाओ (नोटिफिकेशन) में प्रदेश के शहरी निकायों के वार्डो से निर्वाचित उम्मीदवारों के लिए पार्षद के स्थान पर सदस्य शब्द का ही उल्लेख किया गया है।

# मुख्य सचिव ने अनुपालन बोझ और विनियमन को कम करने पर बल दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्य** सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश में और अधिक व्यापार-अनुकूल परिवेश को बढ़ावा देने के लिए अनुपालन बोझ और विनियमन को कम करने पर बल दिया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत अनुपालन बोझ और विनियमन को कम करने से संबंधित एक कार्यशाला में बोलते हुए, उन्होंने केंद्रीय कैबिनेट सचिवालय में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस प्रकोष्ठ बनाने का स्वागत करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सभी राज्यों को शामिल करके औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत करना और उद्यमशीलता के अवसरों को बढ़ाना है। मुख्य सचिव ने वर्ष 2047 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने के हरियाणा के महत्वाकांक्षी विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह की प्रमुख पहल आर्थिक विकास और निवेश प्रोत्साहन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।



यह कार्यशाला हरियाणा के औद्योगिक विकास को बढ़ाने और राज्य में व्यापार संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यशाला के दौरान हुई चर्चा और सुझावों से निवेशक-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए आगे के सुधारों के साथ- साथ रणनीतिक सुधार और कार्य योजना की नींव भी मजबूत हुई है। केंद्रीय कैबिनेट सचिवालय में सचिव (समन्वय) श्रीमती वंदना गुरनानी और हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव डॉ. डी. सुरेश ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रदेश की सक्रिय औद्योगिक नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अनुकूल कारोबारी माहौल सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों में सहयोगात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. डी. सुरेश ने राज्य में और अधिक व्यापार-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकारी विभागों में समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता जताई।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा रोडवेज कर्मचारी करेंगे संसद मार्च, प्राइवेट बसें बंद करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल। हरियाणा** रोडवेज वर्कर्स यूनियन की पलवल डिपो में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र डागर ने की और संचालन सचिव गंगाराम ने किया। यूनियन के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद और महासचिव सुमेर सिवाच ने बताया कि 24 मार्च को हजारों कर्मचारी दिल्ली में संसद कूच में हिस्सा लेंगे। उन्होंने हिट एंड रन कानून को कर्मचारियों और जनता के हित में नहीं बताया। नेताओं ने रोडवेज की वर्तमान स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि 1999 में जहां हरियाणा की जनसंख्या 1 करोड़ थी, वहीं रोडवेज में 23 हजार कर्मचारी और 3840 सरकारी बसें थीं। अब जनसंख्या बढ़कर 3 करोड़ हो गई है। लेकिन रोडवेज में केवल 2400 बसें और 14 हजार कर्मचारी रह गए हैं। यूनियन ने सरकार से प्राइवेट इलेक्ट्रिक बसों के ठेके को रद्द करने की मांग की है। साथ ही रोडवेज के बेड़े में 10 हजार नई सरकारी बसें शामिल करने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे 60 हजार बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और जनता को बेहतर परिवहन सेवा मिलेगी। बैठक में राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, डिपो प्रधान जितेंद्र डागर, महासचिव सुमेर सिवाच, गंगाराम सोरोत, कर्मचारी संघ के जिला सचिव योगेश शर्मा और हरकेश सोरत समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

### डीजीएचएस ने कमांड हॉस्पिटल वेस्टर्न कमांड में किडनी ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए प्रदान की स्वीकृति - स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग द्वारा ट्राइसिटी क्षेत्र में कमांड हॉस्पिटल वेस्टर्न कमांड (पंचकूला) में किडनी ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। कमांड हॉस्पिटल पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के बाद यह अनुमोदन प्राप्त करने वाला दूसरा सार्वजनिक अस्पताल बन गया है। यह मंजूरी स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) हरियाणा-सह-राज्य समुचित प्राधिकरण द्वारा दी गई, जो राज्य में अंग प्रत्यारोपण की देखरेख के लिए जिम्मेदार है। इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं विशेषकर किडनी प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले रोगियों की सहायता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि कमांड हॉस्पिटल वेस्टर्न कमांड को मंजूरी हरियाणा में जीवन रक्षक अंग प्रत्यारोपण सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन पूरे भारत में अंग दान और प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। संगठन ने किडनी प्रत्यारोपण सहित अंग प्रत्यारोपण के लिए व्यापक दिशानिर्देश और प्रोटोकॉल स्थापित किए हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के गतिशील नेतृत्व में, राज्य सरकार पहले से ही किडनी रोगियों के लिए सरकारी अस्पतालों में मुफ्त डायलिसिस सेवाएं प्रदान कर रही है। इसके अलावा, राज्य के स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे का लगातार विस्तार किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सबसे कमजोर आबादी को भी आवश्यक उपचार तक पहुंच हो। उन्होंने कहा कि इस मंजूरी से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार होगा, जिससे किडनी प्रत्यारोपण की जरूरत वाले बड़ी संख्या में रोगियों को लाभ होगा।

### 700 साल पुराने शीतला माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा, भव्य कलश यात्रा निकली

**गन्नौर।** जाहरी गांव में 700-800 साल पुराने शीतला माता मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर का जीर्णोद्धार कर माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। गुरुग्राम शीतला माता मंदिर से श्रद्धालु अखंड ज्योत लेकर आए। प्राण प्रतिष्ठा से पहले मुख्य मार्गों पर बैंड-बाजों के साथ 500 से ज्यादा कलशों की भव्य यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। शुक्रवार को मंदिर में हवन यज्ञ हुआ। इसमें गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने यज्ञ में आहूति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही एमएलए कोटे से मंदिर के कार्यों के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। मंदिर पहुंचने पर कमेटी प्रधान कृष्ण आंतिल और ग्रामीणों ने फूलमाला और पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में भजन सम्राट नरेंद्र कौशिक समचाना ने माता की महिमा का गुणगान किया।

# आज 'कैच द रैन' का शुभारंभ पंचकूला से होगा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा द्वारा पिछले 10 वर्षों में निरंतर किए जा रहे सफलतापूर्वक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को फिर से एक बड़े अभियान के आयोजन की जिम्मेवारी सौंपी है। इसी कड़ी में ह्लजल शक्ति अभियान-कैच द रैन 2025ह्व के छ्ठे संस्करण का राष्ट्र स्तरीय शुभारंभ पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम से 22 मार्च 2025 को किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह व सिंचाई एवं जलसंसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। यहां उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जल शक्ति अभियान की शुरूआत 2019 में हुई थी। इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य जल संचयन, तालाबों और जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन, मॉनसून के जल का पुनः उपयोग, विल्पुत हो रहे नदी मार्गो का पुनजीवन जैसे महत्वपूर्ण प्रयासों आधारित है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा पौंड अथॉरिटी का गठन किया गया है, जो प्राचीन तालाबों के पानी को उपचारित कर सिंचाई व अन्य कार्यों के लिए उपयोग करने के प्रति लोगों को प्रेरित कर रही है।

# स्वास्थ्य हैल्प लाईन टोल फ्री नंबर 104 की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की लोगों को ऑन लाईन नागरिक सेवाएं उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता की कड़ी में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने बडी पहल करते हुए डॉक्टर से मिलने का समय लेने के लिए टोल फ्री नंबर डायल 104 की सुविधा उपलब्ध करवाई है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुआरती सिंह राव ने इस पोर्टल का शुभारंभ आज पंचकूला के सेक्टर-1 स्थित विश्राम गृह से किया। इसके बाद पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि आज स्वास्थ्य विभाग के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों को भी इस पोर्टल पर दर्ज करवाया जा सकता है।




शिकायतकर्ता से 5 दिन के अंदर-अंदर कॉल बैक की जाएगी। इस पोर्टल पर दवाइयों के बारे में जानकारी ली जा सकेगी। इस दौरान प्रदेश से सभी सीएमओ वीसी से जुडे। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य नागरिक अस्पतालों में लोगों को लाईन में लगने से बचाना है। डायल 104 पर पहले से डॉक्टर से परामर्श लेने का समय लिया जा सकेगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कमी को पूरा किया जा रहा है। अभी हाल ही में 761 डॉक्टरों को नई नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि पहले से जारी ई-टेली मेडिसन सेवाओं को भी इसके साथ एकीकृत किया जाएगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अस्पतालों के मरम्मत का कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग के साथ शीघ्र ही बैठक करेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर मनीष बंसल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉक्टर वीरेंद्र यादव, डॉक्टर कुलदीप सिंह व विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**पहल**

**अस्पतालों में डॉक्टर से परामर्श लेने का समय निर्धारित करने की बड़ी पहल- आरती सिंह राव**

# फिर झूठा साबित हुआ बीजेपी का 24 फसलों पर एमएसपी देने का वादा: हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार द्वारा 24 फसलों पर एमएसपी देने के दावे की पोल एक बार फिर खुल गई है। क्योंकि सरकार किसानों को सरसों का एमएसपी नहीं दे रही है। हमारे पास बाकायदा किसानों ने सरसों खरीद की रसीद भेजकर अपना दुखड़ा सुनाया है। सरसों की एमएसपी 5960 है, लेकिन मंडी में खरीद 5400 में की जा रही है यानी किसानों को लगभग ?500 प्रति क्विंटल का घाटा हो रहा है। पिछली बार धान की खरीद भी एमएसपी से कम रेट पर की गई और इस बार सरसों की खरीद में भी किसानों को लूटने का खेल शुरू हो गया है। जबकि बीजेपी ने चुनाव से पहले किसानों को धान और गेहूं जैसी फसलों पर एमएसपी से भी ज्यादा रेट देने का वादा किया था। धान की फसल पर बीजेपी ने ?3100 रेट का वादा किया था। ना बीजेपी ने सरकार बनने के बाद यह वादा निभाया और ना ही इस बार के बजट में ऐसा कोई प्रावधान रखा। इतना ही नहीं, खुद सरकार द्वारा पेश किए आर्थिक सर्वेक्षण में दिए गए आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार ने किसी भी फसल की खरीद एमएसपी पर नहीं की है। सरकार ने मात्र 61% सरसों, 55% गेहूं, 25% मूंग, 18% जो, 9% कपास, सिर्फ 29 और 23% बाजार व मक्खी की एमएसपी पर खरीद की है। सूरजमुखी की भी सिर्फ 5% खरीद एमएसपी पर हुई है। यानी सरकारी दस्तावेज बता रहे हैं कि यह सरकार ज्यादातर किसानों को ज्यादातर फसलों पर एमएसपी नहीं दे रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा का कड़वा सच भी आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 में स्पष्ट नजर आ रहा है।

## अपना बूथ मजबूत करना हर भाजपा कार्यकर्ता की जिम्मेदारी: कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने शुक्रवार को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के दर्जन से अधिक गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों सहित कार्यकर्ताओं के साथ जनसंवाद किया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल ने गांव देवघर में कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी संगठन की मजबूती के लिए हर भाजपा कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है और अपना बूथ मजबूत करना हर भाजपा कार्यकर्ता की जिम्मेदारी भी है।

# पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार: राव नरबीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि भोजन, जलवायु संतुलन और जैव विविधता के संरक्षण होने के कारण पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए जंगलों को और अधिक समृद्ध बनाना होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार बखूबी तरीके से आगे बढ़ा रही है। राव नरबीर सिंह आज विष्व वानिकी दिवस के अवसर पर ढोसी हिल्स की तलहटी पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री ने कहा कि जब तक वन संरक्षित नहीं होंगे तो हमारा जीवन भी सुरक्षित नहीं रहेगा। अगर हम अभी से जागरूक नहीं होंगे तो आने वाली पीढ़ियों की उम्र कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सबको प्रत्येक शुभ अवसर पर एक पेड़ लगाकर उसके बड़े होने तक उसकी पूरी देखभाल करनी चाहिए।

सिंह ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे ब्याह शादियों में कार्ड के चलन को बंद करें। इसकी बजाय हमारे पूर्वजों की चावल देने की परंपरा के साथ-साथ डिजिटल कार्ड भेजें। इसके अलावा, उन्होंने पॉलिथीन का प्रयोग न करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक कार्य करते हुए हरियाणा सरकार ने एक अनोखी योजना शुरू की है, जिसमें 75 साल या उससे अधिक उम्र के पेड़ों की देखभाल करने वाले व्यक्तियों को हर वर्ष तीन हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस योजना का नाम प्राण वायु देवता योजना है और इसका उद्देश्य पेड़ों की कटाई को रोकना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अरावली की पहाड़ियों को बचाने के लिए अरावली ग्रीन वॉल योजना की शुरूआत की गई है तथा अरावली ग्रीन यात्रा की भी शुरूआत की जायेगी। यह योजना गुजरात, राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली में भी लागू की जायेगी। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में 53 हर्बल पार्क बनाए हैं जिनमें विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटियां के अलावा महत्वपूर्ण प्रजातियों के पेड़ लगाए गए हैं।

**जलवायु**

**नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार बखूबी तरीके से आगे बढ़ा रही है: राव नरबीर सिंह**

# सरकारों को किसानों की चिंता नहीं: दुष्यंत चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि आज हरियाणा, पंजाब और केंद्र सरकार किसानों को कमजोर करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की मांगों पर चर्चा करके गौर करने की बजाय धरने पर बैठे किसानों को जबरन रातों-रात उठा रही है और उनके साधनों को क्षति पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि तीनों सरकारे किसानों के हित में नहीं है। शुक्रवार को वे जींद में पत्रकारों से रूबरू थे। जींद स्थित जेजेपी कार्यालय पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का पार्टी



कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का दावा करते है, जबकि हैरानी की बात है कि केंद्र सरकार 23 फसलों को एमएसपी पर खरीदने की बात करती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भावांतर भरपाई योजना पर खरीदे जाने वाली फसलों को भी एमएसपी से जोड़ती है, जबकि मंडियों में आज हालात ये है कि कई दिनों से फसलों की खरीद ठप पड़ी है। उन्होंने कहा कि गेहूं की खरीद को लेकर भी सीएम गंभीर नहीं है इसीलिए चार दौर की वार्ता के बावजूद लेबर और ट्रांसपोर्ट के टेंडर लंबित पड़े है। एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि विधानसभा बजट सत्र में जो कुछ हो रहा है, उसे जनता अच्छे से देख रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के बजट में भी कुछ नया देखने को नहीं मिला। सरकार न तो कोई नई योजना लेकर आई और न ही पुरानी योजनाओं को बजट दिया। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज कांग्रेस की हालत दयनीय है।

# सैनी ने प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट किया प्रस्तुत: गौरव


**टीम एक्शन इंडिया**

**पलवल। हरियाणा के युवा** अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा खेल और कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वित्त मंत्री के रूप में अपना पहला और प्रदेश के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत किया है। इस बजट में युवा, महिला, श्रमिक, खिलाड़ी, स्टार्टअप, उद्योग जगत और किसानों सहित हर वर्ग-हर व्यक्ति का ध्यान रखा गया है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के विश्राम गृह में बजट को लेकर पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि यह बजट सहभागितापूर्ण दृष्टिकोण एवं समावेशी निर्णय लेने के प्रति सरकार प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के युवाओं को हर क्षेत्र में अपना उज्ज्वल भविष्य बनाने को लेकर संकल्पित है। इसी को लेकर हरियाणा को भविष्य सक्षम बनाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम से नया विभाग बनाया जाएगा। वहीं डेटा आधारित नीति निर्धारण व गवर्नेंस ऑटोमेशन से जनता के लिए हरियाणा ए.आई. मिशन की स्थापना की जाएगी। गुरुग्राम और पंचकूला में एक-एक ए. आई. हब स्थापित किया जाएगा। इससे प्रदेश के हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन्न बैंसला व मीडिया प्रभारी ईश्वर सिंह आदि मौजूद रहे। खेल मंत्री गौरव गौतम ने बताया कि बजट में पलवल जिला का भी विशेष ध्यान रखा गया है। जिले में एक बागवानी सेंटर खोला जाएगा। इसके अलावा जिले के गांव पेलक में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू करवाया जाएगा। इसके साथ बल्लभगढ़ से पलवल तक मेट्रो के विस्तार को लेकर भी जल्द कार्य शुरू करवाया जाएगा। वहीं जिले में एक बड़े गौ अभ्यारण्य का निर्माण करवाया जाएगा।

# मुख्यमंत्री सैनी किसान के बेटे उनको है किसानों की चिंता: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: भाजपा संकल्प** पत्र प्रमुख रहे एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बहादुरगढ़ में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए। धनखड़ ने कहा कि कांग्रेसियों को बजट में दिए गए आर्थिक आंकड़े पढने चाहिए और प्रदेश में सबका साथ - सबका विकास की नीति से हो रहे विकास कार्य देखने चाहिए। उनका भ्रम दूर हो जाएगा।हमारी सरकार ने बेहतर वित्त प्रबंधन किया है धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी ने समाज के हर वर्ग और क्षेत्र का बजट में ध्यान रखा है । महिलाओं,किसानों,युवाओं, पूर्व



सैनिकों ,जरूरतमंदों सहित सभी के कल्याण के लिए बजटीय प्रावधान किया है। भविष्य तकनीक का है, इसलिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है।

धनखड़ ने बजटीय आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रदेश में वर्ष 2014 में प्रति व्यक्ति आय 47 हजार 382 थी,अब वर्ष 2025 में प्रति व्यक्ति आय तीन लाख, 53 हजार, 181 हो चुकी है । राजकोषीय घाटा वर्ष 2014 में 2.88 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में 2.68 प्रतिशत रह गया है। बजट में राजस्व घाटा वर्ष 2014 में 1.90 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में 1.47 प्रतिशत रह गया है।

**पहले ही वर्ष में आधे वादे पूरे होंगे -बोले धनखड़**

संकल्प पत्र प्रमुख रहे धनखड़ ने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करती है। मोदी जी जो बोलते हैं वो करते हैं । पूरे देश की जनता को मोदी जी पर विश्वास है। हमने संकल्प पत्र में 217 वादे किए थे पहले ही वर्ष में आधे से ज्यादा पूरे होंगे। उन्होंने बताया कि 19 वादे पूरे हो चुके हैं, 14 वादों पर कार्य चल रहा है और 90 वादों के लिए बजटीय प्रावधान कर दिया है।

**मुख्यमंत्री किसान के बेटे हैं उनको किसानों की चिंता**

धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी किसान के बेटे हैं और किसानों की जरूरतों को बेहतर तरीके से समझते हैं और उनका समाधान कर रहे हैं। सीएम ने सभी के स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए और किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दिया है। प्राकृतिक खेती के लिए 25 हजार एकड़ से बढ़ाकर एक लाख एकड़ का लक्ष्य तय किया है।

**जनहित**

**सीएम ने बजट में हर वर्ग और क्षेत्र का रखा ध्यान: भाजपा राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़**

# नई बागवानी नीति के तहत जैविक बागवानी को एफपीओ के माध्यम से मिलेगा प्रोत्साहन: श्याम

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। सब्जी उत्कृष्टता** केंद्र, घरौंडा में 21 से 23 मार्च तक तीन दिवसीय 11वां मेगा सब्जी एक्सपो आयोजित किया जा रहा है। एक्सपो के पहले दिन उद्घाटन समारोह में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और कार्यक्रम का उद्घाटन किया। एक्सपो में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से किसान शामिल हुए। किसानों ने इस दौरान विभिन्न सब्जियों की किस्मों के साथ-साथ आलू की किस्मों व मधुमक्खी पालन की नवीनतम जानकारी प्राप्त की। एक्सपो के उद्घाटन समारोह में



मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सब्जी उत्कृष्टता केंद्र, घरौंडा की शुरुआत वर्ष 2011 में की गई थी। यह केंद्र इंडो-इजराइल तकनीक पर प्रदेश का पहला उत्कृष्टता केंद्र था। जहां देश-प्रदेश के ही नहीं, अपितु विदेशों से किसानों एवं विशेषज्ञों ने संरक्षित खेती की तकनीकी जानकारी हासिल की। उसके उपरांत प्रदेश के अन्य जिलों में 11 विभिन्न प्रकार के उत्कृष्टता केंद्र खोले जा चुके हैं। इन 12 उत्कृष्टता केंद्रों पर बागवानी खेती की मुख्य गतिविधियां शामिल की गई हैं, जो किसानों के लिए मील का पत्थर साबित हुई हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे में इन केंद्रों पर विशेषज्ञों के माध्यम से नवीनतम तकनीकी जानकारी हासिल कर किसान संरक्षित खेती, मधुमक्खी पालन, फलों की खेती सहित ग्राफ्टेड पौधे तैयार करने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण को प्राप्त करके किसान बागवानी खेती को अपनाने में आगे आ रहे हैं और दोगुनी आय प्राप्त कर रहे हैं।

**वर्ष 2025-26 में घोषित नए कार्यक्रम एवं भावी परियोजनाएं : कृषि मंत्री**

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए भावी योजनाएं एवं कार्यक्रम तैयार किए गए हैं, जिसके तहत वर्तमान में जो कृषक उत्पादक संगठन अर्थात एफपीओ एक कम्पनी के रूप में पंजीकृत है, उन्हें तो सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है। परंतु जो कृषक उत्पादक संगठन एक सहकारी समिति के रूप में पंजीकृत हैं, वे इन योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं।

इस अंतर को समाप्त करने के लिए हम शीघ्र ही एक नई बागवानी नीति लाएंगे, जिसके तहत मूल्य संवर्धन, भण्डारण, प्रोद्यौगिकी, मार्केटिंग, प्राकृतिक व जैविक बागवानी को दोनों प्रकार के एफपीओ के माध्यम से प्रोत्साहन दिया जायेगा।

# गुरु नानक कॉलेज में डिस्ट्रिक्ट लीगल सेमिनार का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
सोनीपत/जिला विधिक सेवा

प्राधिकरण के तत्वाधान में माननीय मुख्य न्यायिक दंडधिकारी व सचिव प्रचेता सिंह के निर्देशानुसार गुरु नानक कॉलेज मुरथल में लीगल सर्विसेज जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया' जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता विकास सैनी ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे मे छात्रों को कानूनी जागरूकता प्रदान की। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में चल रहे विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी देना था, जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जाता है, लेकिन समाज में इसके प्रति जागरूकता की कमी है।




विकास सैनी ने लोक अदालत की भूमिका और मामलों में समझौता प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला।

इसके साथ ही, उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए छात्रों को जल बचाने के उपायों के बारे में भी जागरूक किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अर्चना आर्य ने भी सभी को जल बचाओ जीवन बचाओ और जल ही जीवन है जैसे विषयो पर जानकारी दी ' इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अर्चना आर्य, अरविंद, शमशाद, योगेश, रेनू, ज्योति, अंजलि, आशु, नीरू सहित कई शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### लल्हेड़ी खुर्द ग्राम पंचायत में घोटाले की शिकायत, उपायुक्त से जांच की मांग

**गन्नौर। लल्हेड़ी खुर्द ग्राम** पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर गांव के पंच राजेश ने उपायुक्त को शिकायत पत्र सौंपा है। शिकायत में पंच ने उपायुक्त से ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में हो रही धांधली की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायतकर्ता गांव के वार्ड 11 से पंच राजेश ने बताया कि पंचायत के पास लगभग 18 से 20 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध है, जिस पर सालाना 10 से 12 लाख रुपये का ब्याज आता है। आरोप है कि गांव के सरपंच और सचिव ने मिलीभगत से पंचायत फंड से करीब 4 करोड़ रुपये का भुगतान कर लिया है। जब पंचों ने इस फंड का लेखा-जोखा मांगा तो उन्हें टाल-मटोल कर गुमराह किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस संबंध में पहले भी 2-3 बार आरटीआई दायर की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा, पिछले एक साल से पंचों का मासिक वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। राजेश ने उपायुक्त से मांग की है कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए और दोषी सरपंच व सचिव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत धनराशि के गबन को रोका जा सके।

### आत्म संयम एवं सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने कार्यशाला आयोजित

**राई। सीबीएसई की** क्षमता संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मानसिक स्वास्थ्य और खुशहाली विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता भावना सहगल, वंदना सिंघल, अनुराधा भारद्वाज, टीनू भारती, आरती बत्रा, अर्जुन धामा थी। कार्यशाला में अध्यापकों को भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में आत्म संयम एवं सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जागरूक किया। कार्यशाला का उद्देश्य जीवन में खुशहाल वातावरण के निर्माण के साथ स्वस्थ्य एवं खुशहाल मन से ही कक्षा शिक्षण को प्रभावी बनाया जा सकता है। छात्रों एवं अध्यापकों के बीच में समझ एवं दायित्वबोध के लिए भी आवश्यक है। स्कूल के प्रधानाचार्य रोहित पंडा, मुख्याध्यापक एस. पी. सिंह, मुख्याध्यापिका मेघा कौशिक आदि शिक्षक मौजूद थे।

### बस स्टैंड से महिला यात्री का मंगलसूत्र चोरी

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। बस में चढ़ रही** एक महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र तोड़ लिया। वह आंगनबाड़ी की ट्रेनिंग कर के वापस लौट रही। महिला की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सतनाली की रहने वाली महिला ज्वाला रानी ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह सतनाली के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत है। वीरवार को उनकी ट्रेनिंग महेंद्रगढ़ के मसानी चौक के पास थी। वह ट्रेनिंग अटेंड करने के बाद बस स्टैंड पर पहुंची। वहां कुछ समय इंतजार करने के बाद लगभग दो बजे सतनाली की बस आई।

### घर से दो युवती अचानक हुई लापता

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। शहर के एक नजदीकी** गांव से 23 वर्षीय युवती घर से अचानक लापता हो गई है। युवती करीब एक महीने पहले ही जींद(सफीदों ) से बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई करके घर पर आई थी। युवती के पिता ने पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की हैं। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। युवती के पिता ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 23 वर्षीय लड़की बीएससी नर्सिंग जींद (सफीदो) से करके लगभग एक महीने पहले घर पर आई थी। लड़की बीती रात्री को बिना बताए घर से चली गई है। लड़की का मोबाइल फोन भी मकान के बाथरूम में मिला हैं। लड़की घर से कोई कीमती सामान नहीं लेकर गई है। शहर के एक मौहल्ला निवासी आईटीआई में पढ़ने आई एक 20 वर्षीय छात्रा अचानक लापता हो गई हैं। छात्रा के चाचा ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर उसकी तलाश करने की मांग की हैं। छात्रा चाचा ने सिटी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शहर के एक मौहल्ले का निवासी हैं। उसकी भतीजी आईटीआई में पढ़ने के लिए गई थी। लेकिन वह अभी तक वापिस नहीं पहुंची है, उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। उसकी

# आध्यात्म को जागृत करने वाला अद्वितीय ब्रह्म का ज्ञान है : स्वामी

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। श्री कृष्ण प्रणामी** मन्दिर सिद्धपीठ धाम एवं गौशाला गन्नौर के वार्षिक संत समागम महोत्सव के अंतिम दिन पूर्णाहुति, संतो के प्रवचन,भजन,ध्वजारोहण व भंडारे के साथ समापन हुआ। हरिद्वार से आए स्वामी शंकरानंद महाराज, गौ ऋर्षि श्यामदास महाराज, गौशाला सेवा समिति के प्रधान सतपाल शर्मा आदि भक्तों ने हवन में आहुति डालकर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। कार्यक्रम में समाजसेवी अनिल कौशिक व अन्य समाजसेवियों का सम्मान किया गया। इसके बाद प्रवचनों की रसधारा प्रवाहित करते हुए स्वामी शंकरानंद महाराज ने कहा कि आध्यात्म को जागृत करने वाला




अद्वितीय ब्रह्म का ज्ञान है। भागवत वैष्णवो का परम धन, पुराणों का तिलक, परम हंसों की संहिता, भक्ति ज्ञान-वैराग्य का प्रवाह, श्रीकृष्ण का आलौकिक स्वरूप, प्रेमी भक्तों की लीला स्थली है। स्वामी शंकरानंद महाराज ने कहा कि जगत का आधार, लोक-परलोक को संवारने वाला, जगत व्यवहार परमार्थ का ज्ञान कराने वाला, वेदों उपनिषदों का अद्वितीय सार व्यक्ति को शांति तथा समाज को क्रांति का प्रतीक तथा पंचम वेद है। जहां भगवान का नाम नियमित रूप से लिया जाता है। वहां सुख, समृद्धि शांति बनी रहती है। हमें अपने जीवन को कर्मशील बनाना है तो प्रभु की बताई शिक्षाओं इसके बनाए संविधान के अनुसार अपने जीवन को जीना शुरू कर दें। जीवन जीने की कला संत शरण में सीखने को मिलती है। कृष्ण प्रणामी मंदिर के संचालक गौऋषि श्यामदास महाराज ने कहा कि हर पल खुशी के साथ बीते दूसरों का आप भला कर पाएंगे। इसके लिए संयमित जीवन जीना सीख लें। सभी संयमित मर्यादित हैं तो अच्छा है। जिस प्रकार से बिना ब्रेक की सुन्दर गाड़ी भी कोई बैठना नहीं चाहता उसी प्रकार सुन्दर जीवन में संयम की जरूरत है। श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के संचालक गौऋषि श्यामदास महाराज, समिति प्रधान सतपाल शर्मा आदि ने व्यवस्था में भागीदारी की।

# पंजाब में किसानों के उपर लाठी चार्ज की घोर निंदा करते किसानों ने ज्ञापन सौंपा

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। भारतीय किसान** यूनियन (अंबावता ग्रुप) के जिला अध्यक्ष बलजीत सिंह , जयभगवान मलिक (सूबेदार भूतपूर्व), कर्मवीर , राम मेहर, सुभाष के नेतृत्व में एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार गजे सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन (अ) की तरफ से पंजाब में किसानों के उपर लाठी चार्ज की घोर निंदा करते हुए कहा कि ये प्रजातंत्र देश है।।अपनी मांगों के लिए किसानों ने आवाज उठाई । जिस पर प्रशासन ने किसानों पर लाठी बरसाई। प्रशासन किसानों पर इतना जुल्म न करें क्योंकि किसान फिर से



बाहर निकल आये तो प्रजा और प्रशासन को परेशानी झेलनी पड़ेगी। जितने भी किसान जेल में हैं उनको रिहा किया जाए।और मुकदमें वापिस लिए जाए । उन्होंने कहा कि सरकार ने एमएसपी गारन्टी देने का वादा किया था, एकत्रित हुए सभी किसान एमएसपी मांग रहे हैं । इस मौके पर किसानसत्यवान सरोहा, बलजीत सिंह , कृष्ण आदि मौजूद थे।

# क्षय रोग को समाप्त करने में समाज व चिकित्सको की अहम भूमिका

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। पांची रोड** स्थित एक नर्सिंग होम में 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष में बाल अक्षय रोग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। जिसमें सोनीपत के मित्तल नर्सिंग होम के सीनियर पीडियाट्रिशियन डॉक्टर एन के मित्तल ने हम में आए बच्चों के अभिभावकों को जागरूक किया। डॉ मित्तल ने कहा कि बच्चों में बढ़ते क्षय रोग (टीबी) के खतरे, = विश्व और भारत में क्षय रोग की स्थिति, बाल क्षय रोग के विशेष मुद्दे निदान में आने वाली कठिनाइयों ,2025 तक टीबी उन्मूलन लक्ष्य में आ रही बाधाएँ, पोलियो उन्मूलन



बनाम टीबी उन्मूलन के बीच अंतर, क्षय रोग को समाप्त करने में समाज और डॉक्टरों की भूमिका के बारे में बताया । डॉ क मित्तल ने कहा कि वे कई वर्षों से क्षय रोग उन्मूलन के लिए विशेष रूप से बाल क्षय रोग 0-14 वर्ष तक के रोगियों का निशुल्क उपचार कर रहे है।

# बाल विवाह की जानकारी छुपाने पर सरपंचों पर भी होगी कार्रवाई

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। बीडीपीओ कार्यालय** गन्नौर में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तत्वाधान में एमडीडी आफ इंडिया, सोनीपत इकाई द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों और ब्लाक समिति सदस्यों ने हिस्सा लिया। जिसमें बाल विवाह रोकथाम के प्रति जागरुकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीपीओ पूनम चंदा ने की, जबकि मुख्य वक्ता एमडीडी आफ इंडिया के जिला समन्वयक व पूर्व अध्यक्ष डा. राज सिंह सांगवान रहे। डा. सांगवान ने बताया कि



बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह अवैध है। ऐसा करने पर दोषियों को दो साल की सजा और दो लाख रुपये तक का जुमार्ना हो सकता है। विवाह में सहयोग देने वाले परिवारजन, बाराती, टेंट हाउस, पंडित, ब्यूटी पार्लर, हलवाई, कैटरिंग, मैरिज गार्डन और अन्य सेवाएं देने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई होगी। बीडीपीओ पूनम चंदा ने चेतावनी दी कि बाल विवाह की जानकारी छुपाने पर सरकारी कर्मचारियों, सरपंचों, पंचों और पंचायत सचिवों पर भी छह महीने की सजा और 10 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। उन्होंने जनता से बाल विवाह की सूचना हेल्पलाइन 1098 पर देने की अपील की। कार्यशाला में उपस्थित लोगों ने बाल विवाह मुक्त भारत बनाने में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर गैर-सरकारी संगठन के समाजसेवी सरिता, विकास दहिया और विक्टिम सपोर्ट कोऑर्डिनेटर सुनीता सिंह भी मौजूद रहे।

**कार्यशाला**

**बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया**

# बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी देना सरकार का अच्छा कदमः देवेंद्र

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। विधानसभा सत्र** में बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। किसान, महिला, युवा, गरीब और व्यापारी समेत सभी के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। यह बजट लोगों की उम्मीदों के अनुरूप आया है। कादियान ने कहा कि यह बजट जनता के हित में लाभकारी साबित होगा। यह लोक कल्याणकारी है और विकसित भारत-विकसित हरियाणा की दिशा में आगे बढ़ाने वाला है। गन्नौर में अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी को



विकसित करने पर जोर दिया गया है, जिससे किसानों की आय बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि इस साल बजट में जो बढ़ोतरी हुई है, वह पर्याप्त है। विधायक ने कहा कि विधानसभा सत्र में जो अच्छा होता है, उसकी सराहना सभी को करनी चाहिए। भाजपा सरकार ने कई अच्छे कार्य किए हैं और आगे भी करेगी। उन्होंने खुद को किसान परिवार से बताते हुए कहा कि पहले की तुलना में आज किसान संपन्न हैं। यह बदलाव सरकार की नीतियों से आया है। कादियान ने कहा कि प्रदेश में बिना पर्ची और बिना खर्चे के नौकरियां दी गई हैं। तीसरी बार सरकार बनते ही मुख्यमंत्री नायब सैनी ने करीब 24 हजार युवाओं को नौकरी दी है। विपक्ष को इसकी सराहना करनी चाहिए, लेकिन वे हर बात पर सवाल उठाते हैं। अकेले में मिलते हैं तो मानते हैं कि बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी देना अच्छा कदम है। यही वजह है कि भाजपा सरकार तीसरी बार बनी है। उन्होंने विपक्ष को सलाह दी कि भाजपा सरकार की नीतियों को अपनाएं। विधायक ने बताया कि विधानसभा सत्र में गन्नौर क्षेत्र के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दे उठाए गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री इन पर संज्ञान लेंगे, जिससे गन्नौर अपनी अलग पहचान बनाएगा।

# गाय, बछड़े चोरी के मामले में एक ओर आरोपित को किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
दिनेश नौताना

**महेंद्रगढ़। थाना सदर पुलिस** टीम ने पशु चोरी करने के मामले में एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है, आरोपित की पहचान पप्पल वासी तुलसीवाड़ा ब्राह्मणों की ढाणी थाना नारायणपुर अलवर राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपित चोरी की वारदात को अंजाम देने में संलिप्त था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपित के खिलाफ पहले भी चोर का मामला दर्ज है। इस मामले में पुलिस द्वारा एक आरोपित गोगा सिंह उर्फ योगी वासी काकड़ा थाना बुहाना जिला झुंझुनूं राजस्थान को पहले गिरफ्तार किया था। आरोपितों ने खेड़की गोशाला से गाय, बैल व बछड़ा चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार बताया कि शिकायतकर्ता राजकुमार निवासी मेई ने थाना सदर में शिकायत दर्ज कराई कि वह बाबा खेतानाथ गोशाला खेड़की का प्रधान है और उसके पास गोशाला मे लगभग 1500 गाय हैं, जिनकी देखभाल वह खुद करता है। चार जनवरी कि शाम को वह सभी गायों की देखभाल करके सोया था। अगले दिन पांच जनवरी को समय सुबह छह बजे गोशाला में गाय देखी तो दो गाय, एक बैल व एक बछड़ा गायब मिले।

# पीआरपीसी में ऑनसाइट आपदा ड्रिल का अभ्यास सफलतापूर्वक सम्पन्न

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में** संभावित खतरों, जैसे आग और गैस रिसाव, से निपटने के लिए नियमित रूप से आपदा ड्रिल का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में, 21 मार्च 2025 को एक ऑनसाइट आपदा ड्रिल सफलतापूर्वक संपन्न की गई, जिसका उद्देश्य निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का मूल्यांकन करना था।

इस आपदा ड्रिल के लिए परिदृश्य "वन्स थ्रू हाइड्रोक्रैकर यूनिट (ओ एच सी यू ) के स्ट्रिपर (उ-501) के आउटलेट स्ट्रीम से ओवरहेड वेसल (श-501) तक



पूर्ण बोर रिलीज, जिसके परिणामस्वरूप हाइड्रोकार्बन और हाइड्रोजन सल्फाइड का रिसाव" निर्धारित किया गया था। सुबह 11:18 बजे जैसे ही फायर अलार्म बजा, मुख्य अग्निशमन केंद्र और सैटेलाइट अग्निशमन केंद्र से दमकल गाड़ियाँ तत्काल मौके पर पहुँचीं, स्थिति का आकलन किया और प्रभावित क्षेत्र में वोटर करटेइन बनाना शुरू किया। सभी अग्निशमन कर्मी इस दौरान स्व-निहित श्वासयंत्र (एस सी बी ए) पहने हुए थे। फायर एवं सेफ्टी विभाग के शिफ्ट इंचार्ज ने यूनिट के शिफ्ट इंचार्ज से समन्वय स्थापित कर वेसल श-501 और फर्नेस के जल स्प्रे सिस्टम को संचालित कर स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। यूनिट इंचार्ज, डीजीएम (प्रॉडक्शन), डीजीएम (फायर एण्ड सेफ्टी) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी और मेंटेनेंस विभाग भी तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे। स्थिति का आकलन करने के बाद, समन्वयक और यूनिट इंचार्ज ने इसे "मेजर इमरजेंसी" घोषित किया और सुबह 11:32 बजे एल -1 सायरन बजाया गया। सायरन सुनते ही फायर एंड सेफ्टी के महाप्रबंधक, साइट इंसीडेंट कंट्रोलर (एस आई सी), चीफ इंसीडेंट कंट्रोलर (सी आई सी) और अन्य आपातकालीन समन्वयक घटनास्थल पर पहुँचे। इस बीच, रिसाव के कारण गैस डाउनविंड दिशा में फैलने लगी। जब स्थिति और अधिक गंभीर हो गई, तो सुबह 11:43 बजे सीआईसी ने कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख (ईडी & आरएच) को सूचना दी। (ईडी & आरएच) के परामर्श से सीआईसी ने इस घटना को "ऑनसाइट डिजास्टर (एल-2)" घोषित किया।

इसके बाद, आपदा प्रबंधन योजना सक्रिय की गई और आपातकालीन प्रतिक्रिया एवं आपदा प्रबंधन योजना के तहत समन्वयक अपने-अपने निर्दिष्ट स्थानों पर तैनात हो गए। आसपास की यूनिट्स और फैब्रिकेशन यार्ड से कर्मियों का सुरक्षित निकास कराया गया।

# पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। आर्य प्रादेशिक** प्रतिनिधि उपसभा, हरियाणा द्वारा आयोजित कार्यक्रम आर्य समाज स्थापना सप्ताह के अंतर्गत जयंती प्रसाद डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, गन्नौर में आर्य समाज की महान विरासत और परंपरा से परिचित कराने हेतु, वैदिक संस्कारों को अनुप्राणित कराने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आर्य समाज के महान प्रचारक पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी को उनकी पुण्यतिथि पर प्रधानाचार्य सुनील शर्मा व अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




प्रधानाचार्य ने पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंडित गुरुदत्त महान युग द्रष्टा ऋषि दयानंद के प्रमुख शिष्य एवं आर्य समाज के प्रमुख नेता थे । उन्होंने डी.ए.वी. कॉलेज की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई व दयानंद के मिशन के प्रचारक रहे। इन्होंने आर्य समाज का विस्तार करने में भरपूर सहयोग दिया। इनका जीवन बहु-आयामी रहा।

# संपादकीय

## अध्यात्मिक ज्ञान के संग आर्थिक विकास की जुगलबंदी

**भारतवर्ष सदैव** आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता रहा है। अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है।यदि इसके साथ आर्थिक विकास और विज्ञान के ज्ञान की जुगलबंदी हो तो देश एक मजबूत आर्थिक सनातनी राष्ट्र बन सकता है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है। यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की "सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति" यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता ।ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है। सुभाष चंद्र बोस,महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, सरोजनी नायडू और अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में सच्चरित्र जीवन और मानसिक आध्यात्मिक शक्ति एवं ऊर्जा के कारण ही स्वतंत्रता संग्राम में पराधीन भारत को स्वतंत्रता दिलवाई थी।

# संकट में पाकिस्तानः अंदर-बाहर हर तरफ हाहाकार

संजय सक्सेना

> यहां के अलगाववादी आंदोलन, प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण की मांग, और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप पाकिस्तान की स्थिरता के लिए खतरा बने हुए हैं। दरअसल, 1947 में भारत से अलग मुसलमानों के लिये पाकिस्तान देश बनने के बाद, बलूचिस्तान के कलात राज्य ने पाकिस्तान में विलय से इंकार कर दिया था। हालांकि, 1948 में पाकिस्तानी सेना ने इस पर कब्जा कर लिया, जिससे बलूच राष्ट्रवादियों में असंतोष बढ़ा। तब से, बलूचिस्तान में कई बार विद्रोह हुए हैं, जिनमें 1950, 1960, 1970 और 2000 के दशक शामिल हैं।
> पिछले कुछ वर्षों में, बलूच अलगाववादी समूहों की गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2015 से 2024 के बीच, इन समूहों द्वारा किए गए हमलों की संख्या चार गुना बढ़कर 171 हो गई है

**पड़ोसी** देश पाकिस्तान चौतरफा मुसीबतों से घिरता जा रहा है। चीन की दोस्ती उसे डूबों रही है तो भारत और अफगानिस्तान से दुश्मनी उसे भारी पड़ रही है। अमेरिका में भी ट्रम्प सरकार  आने के बाद वहां से पाकिस्तान पर मेहरबानियों का सिलसिला थम गया है। पाकिस्तान के अंदरूनी हालात भी कम खराब नहीं है। एक तरफ पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके,सिंध प्रांत की जनता पाकिस्तान सरकार के खिलाफ जहर उगल रही है,वहीं ब्लूचिस्तान प्रांत की विद्रोही जनता  तो पाकिस्तान की अखंडता के लिये ही खतरा बन गया है।यहां के लोग पाकिस्तान से अलग पूर्ण आजादी चाहते हैं। इसके चलते बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और पाकिस्तान सेना के बीच लगातार संघर्ष होता रहता है। हद तो तब हो गई जब 11 मार्च 2025 को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को ही हाईजैक कर लिया, जिसमें लगभग 440 यात्री सवार थे। इस हमले में बीएलए ने ट्रेन को रोककर यात्रियों को बंधक बना लिया और सुरक्षाबलों पर हमला किया, जिससे 21 यात्रियों और 4 अर्धसैनिक बलों के जवानों की मौत हो गई। पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई में 33 आतंकवादियों को मार गिराया और बचे हुए यात्रियों को सुरक्षित छुड़ा लिया। इस घटना के बाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई, जिसमें सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में आतंकवाद के खिलाफ रणनीतिक राजनीतिक संकल्प और बेहतर शासन की आवश्यकता पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तानी सेना ने इस हमले के लिए भारत को दोषी ठहराया, हालांकि उन्होंने इसके समर्थन में कोई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं किया। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया है।

ट्रेन हाईजैक के बाद, बलूच विद्रोहियों ने बलूचिस्तान के नोशकी इलाके में पाकिस्तानी सेना के काफिले पर एक और बड़ा हमला किया, जिसमें कई सैनिक हताहत हुए। यह घटना बलूच विद्रोहियों की बढ़ती गतिविधियों को दशार्ती है, जो बलूचिस्तान में अधिक स्वायत्तता और



संसाधनों पर नियंत्रण की मांग कर रहे हैं। इन घटनाओं के मद्देनजर, पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने देश को सख्त राष्ट्र बनाने और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बेहतर शासन और राजनीतिक संकल्प की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सके। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने 18 मार्च, 2025 को अपने एक बयान में पाकिस्तान को एक कठोर राज्य में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष देश के अस्तित्व के लिए एक लड़ाई है। जनरल मुनीर ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय सुरक्षा पर संसदीय समिति की एक उच्चस्तरीय बैठक में की, जो बलूच आतंकवादियों द्वारा एक यात्री ट्रेन का अपहरण करने के कुछ दिनों बाद बुलाई गई थी , जिसके परिणामस्वरूप 25 यात्रियों की मौत हो गई थी।

मुनीर ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष ह्लहमारे और हमारी भावी पीढ़ियों के अस्तित्व की लड़ाई है।ह्व उन्होंने बेहतर शासन और पाकिस्तान को एक ह्लकठोर राज्यह्व बनाने का आह्वान किया और पूछा, ह्लहम कब तक एक नरम राज्य की शैली में अनगिनत लोगों की जान कुर्बान करते रहेंगे?ह्व जनरल मुनीर ने कहा, ह्लस्थायी विकास के लिए, राष्ट्रीय शक्ति के सभी तत्वों को सामंजस्य के साथ काम करना होगा।ह्व

बात बलूचिस्तान, के भौगोलिक और राजनैतिक परिदृश्य की कि जाये तो यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत, लंबे समय से देश के लिए एक गंभीर सुरक्षा चुनौती बना हुआ है। यहां के अलगाववादी आंदोलन, प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण की मांग, और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप पाकिस्तान की स्थिरता के लिए खतरा बने हुए हैं। दरअसल, 1947 में भारत से अलग मुसलमानों के लिये पाकिस्तान देश बनने के बाद, बलूचिस्तान के कलात राज्य ने पाकिस्तान में विलय से इंकार कर दिया था। हालांकि, 1948 में पाकिस्तानी सेना ने इस पर कब्जा कर लिया, जिससे बलूच राष्ट्रवादियों में असंतोष बढ़ा। तब से, बलूचिस्तान में कई बार विद्रोह हुए हैं, जिनमें 1950, 1960, 1970 और 2000 के दशक शामिल हैं।

पिछले कुछ वर्षों में, बलूच अलगाववादी समूहों की गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2015 से 2024 के बीच, इन समूहों द्वारा किए गए हमलों की संख्या चार गुना बढ़कर 171 हो गई है। इन हमलों में लगभग 590 लोग मारे गए हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना के जवान भी शामिल हैं।

गौरतलब हो बलूचिस्तान प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है, जिसमें गैस, सोना, और तांबा शामिल हैं। हालांकि, स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इन संसाधनों का लाभ उन्हें नहीं मिलता, बल्कि पाकिस्तान के अन्य प्रांतों को मिलता है। यह आर्थिक असंतोष अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा देता है।

ब्लूचिस्तान हमेशा से पाकिस्तान सेना की हैवानियत का भी शिकार होता रहा है। बलूच कार्यकताओं और नागरिक समाज के सदस्यों के जबरन गायब होने की घटनाएं बलूचिस्तान में आम हैं। वॉयस फॉर बलूच मिसिंग पर्सन्स (वीबीएमपी) के अनुसार, बलूचिस्तान से 7,000 से ज्यादा लोग लापता हैं। हालांकि, सरकारी आंकड़े इससे कम हैं, लेकिन यह मुद्दा स्थानीय निवासियों में गहरा असंतोष पैदा करता है।

बलूचिस्तान में यहां के निवासियों के भारी विरोध के बाद भी चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) और अन्य विदेशी निवेश परियोजनाएं चल रही हैं,जबकि अलगाववादी समूह इन परियोजनाओं को अपने संसाधनों के शोषण के रूप में देखते हैं और इन्हें निशाना बनाते हैं। अगस्त 2024 में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक घातक हमला किया, जिसमें 50 से अधिक लोग मारे गए। फरवरी 2025 में कलात जिले में एक बड़े संघर्ष में 18 पाकिस्तानी अर्धसैनिक बलों और 23 विद्रोहियों मतलब बीएलए के सदस्यों की मौत हुई थी। बलूचिस्तान में जारी संघर्ष पाकिस्तान के लिए कई मोर्चों पर खतरा पैदा कर रहा है। लगातार हमलों से पाकिस्तान सुरक्षा बलों पर दबाव बढ़ता है और देश की आंतरिक स्थिरता खतरे में पड़ती है।सीपीसीई जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर हमलों से विदेशी निवेशकों का विश्वास कम होता है, जिससे आर्थिक विकास प्रभावित होता है। वहीं मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों से पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय छवि धूमिल होती है, जिससे कूटनीतिक संबंध प्रभावित होते हैं।

**अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच खींची तलवारें**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान में तनाव की वजह पर नजर दौड़ाई जाये तो दोनों देशों के बीच डुरंड रेखा विवाद का बड़ा कारण है। 1893 में ब्रिटिश शासन द्वारा खींची गई डुरंड रेखा को अफगानिस्तान ने कभी मान्यता नहीं दी है। यह सीमा विवाद दोनों देशों के बीच तनाव का एक ऐतिहासिक स्रोत है।उधर, पाकिस्तान का आरोप है कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान अफगानिस्तान की जमीन से संचालित होकर पाकिस्तान में आतंकी हमले कर रहा है। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान से टीटीपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, लेकिन तालिबान ने इसे अस्वीकार कर दिया है।हाल ही में, तोरखम सीमा चौकी पर पाकिस्तानी और अफगान सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुई हैं, जिससे कम से कम एक व्यक्ति की मौत और कई घायल हुए हैं।

# कविता

**छोड़ो व्यर्थ पानी बहाना...**

बारिश को अब आने दो।
तपती गर्मी जाने दो॥

छोड़ो व्यर्थ पानी बहाना,
जीवन को बच जाने दो॥

ये बादल भी कुछ कह रहे।
इनको मन की गाने दो॥

कटते हुए पेड़ बचाओ।
शुद्ध हवा कुछ आने दो॥

पंछी क्या कहते है सुन लो।
उनको पंख फैलाने दो॥

फोटो में ही लगते पौधे।
सच को बाहर लाने दो॥

होती कैसे धरा प्रदूषित।
सबको पता लगाने दो॥

पौध लगाकर पानी दे हम।
सच्चा धर्म निभाने दो॥

चल चुकी है बहुत आरिया।
धरती कुछ बच जाने दो॥

कैसे अब हरियाली होगी।
सौरभ प्रश्न उठने दो॥

झुलस रही पावन धरती पर।
हरियाली तुम आने दो॥

-प्रियंका सौरभ

## कैंसर की रोकथाम के लिए तैयार हुआ ब्लूप्रिंट

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**कैंसर दुनिया** भर में मौत के प्रमुख कारणों में से एक है। 2022 में, लगभग 20 मिलियन नए कैंसर के मामले सामने आए और वैश्विक स्तर पर 9.7 मिलियन लोगों की इस बीमारी के कारण मृत्युल हो हुई। भारत में भी कैंसर एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है, जिसके मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि होने का अनुमान है। भारत में हर एक लाख लोगों में से लगभग 100 लोगों को कैंसर है, इसकी पहचान हो पाती है।

वर्ष 2025-26 के राष्ट्रीय बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को कुल 99,858.56 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 95,957.87 करोड़ रुपए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए तथा 3,900.69 करोड़ रुपए स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के लिए निर्धारित किए गए हैं । बजट में घोषणा की गई थी कि प्रत्येक जिला अस्पताल के साथ ह्यकैंसर केयर केंद्रह्ण स्थापित किए जाएंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जो ब्लूप्रिंट तैयार किया है, उसके मुताबिक प्रत्येक कैंसर केंद्र में एक विशेषज्ञ डॉक्टर, 2 नर्स, एक फार्मासिस्ट और एक बहुपयोगी कर्मचारी जरूर होने चाहिए। भारत में कितने कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, यह संख्या विभिन्न सर्वेक्षणों में अलग-अलग रही है।

यह आश्चर्यजनक है कि देश में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की निश्चित गणना नहीं है। अलबत्ता यह अनुमान जरूर है कि देश में कमोबेश 2000 कैंसर विशेषज्ञों की कमी है। जो चिकित्सक सेवारत और उपलब्ध हैं, उनमें से करीब 50 फीसदी शहरों में ही काम कर रहे हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में कैंसर का विस्तार और संभावनाएं एक बेहद गंभीर समस्या है। तो ह्यकैंसर केयर केंद्रह्ण की बजटीय व्यवस्था पर शुरू से ही सवाल उठने लगते हैं। हम ऐसे मुद्दे को सवालिया बनाने के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन यथार्थ बेहद डरावना है कि औसतन एक लाख में से मात्र 100 लोगों में ही कैंसर की पहचान हो पाती है। कैंसर के प्रति जन-जागृति नगण्य है, लिहाजा भारत में जन-स्वास्थ्य की यह अहम चुनौती है कि कैंसर का रोग तब पता चल पाता है, जब रोग आखिरी चरण में पहुंच जाता है, लिहाजा कैंसर लाइलाज हो जाता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने अभी कुछ डाटा जारी किया है, जिसके मुताबिक, 2023 में भारत में कैंसर के 14 लाख से अधिक मरीज थे। विशेषज्ञ इससे भी ज्यादा संख्या मानते हैं। दरअसल यह संख्या दर्ज मरीजों से 1.5 से 3 गुना अधिक हो सकती है। बेशक यह संख्या डरावनी है। हालांकि देश में गर्भाशय, मुंह और स्तन कैंसर की जांच के कार्यक्रम चलते रहे हैं। कैंसर के एक-तिहाई से ज्यादा मामले शरीर के इन्हीं अंगों में होते हैं, लेकिन रोग के पता लगाने की दर विश्व में सबसे कम है। कैंसर केयर के जो केंद्र राजधानी दिल्ली में भी कार्यरत हैं, उनमें या तो डॉक्टर गायब हैं अथवा जांच के उपकरण खराब हैं या इलाज की बारी लंबे-लंबे वक्त के बाद आती है।

# विचार

## गीता प्रेस के संस्थापक - हनुमान प्रसाद

**सनातन धर्म** सम्बन्धी पुस्तकों की बात करें तो जो सबसे पहला नाम ध्यान में आता है वो गीता प्रेस का होता है। गीता प्रेस के नाम के साथ ही जिस महामानव का नाम धयन में आता है वे हैं गीता प्रेस के संस्थापक हनुमान प्रसाद पोद्दार जी। हनुमान प्रसाद जी का जन्म ही संभवतः इस युग में सनातन साहित्य का हनुमान बनने के लिए हुआ था । राजस्थान के रतनगढ़ की माता रिखी बाई के पुत्र लाला भीमराज अग्रवाल अपनी माता की तरह ही हनुमान भक्त थे तो जब उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुयी तो उन्होंने उसका नामकरण हनुमान प्रसाद किया। हनुमान प्रसाद जी मात्र दो वर्ष के ही थे जब इनकी माता का स्वर्गवास हो गया अतः स्वाभाविक रूप से इनका पालन पोषण अपनी हनुमान भक्त दादी के संरक्षण में हुआ। दादी के धार्मिक संस्कारों के बीच बालक हनुमान को बचपन से ही गीता, रामायण, वेद, उपनिषद और पुराणों की कहानियां पढ़ने - सुनने को मिलीं। इन धार्मिक संस्कारों का बालक हनुमान पर गहरा प्रभाव हुआ। बाल्यावस्था से ही इन्हें हनुमान कवच का पाठ सिखाया गया। निंबार्क संप्रदाय के संत ब्रजदास जी ने बालक हनुमान को दीक्षा दी। भारतीय संस्कृति की सेवा करते हुए भारत के समृद्ध ग्रंथों एवं परंपराओं की व्याख्या कर गीताप्रेस के माध्यम से उनको जन -जन तक पहुंचाने का कार्य करने वाले हनुमान प्रसाद पोद्दार जी, जीवन के कुछ समय तक क्रांतिकारी भी रहे और अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष का हिस्सा रहे । पोद्दार जी ने मात्र 13 वर्ष की अवस्था में ही बंग भंग आंदोलन से प्रभावित होकर स्वदेशी का व्रत ले लिया था। 1914 में महामना मदन मोहन मालवीय के साथ संपर्क में आने के बाद पोद्दार जी हिंदू महासभा में सक्रिय हो गये।

पारिवारिक व्यवसाय के कारण हनुमान प्रसाद अपने पिताजी के साथ कोलकाता में रहे और वहां अरविंद घोष, देशबंधु चितरंजन दास,पंडित झाबर लाल शर्मा जैसे महान क्रांतिकारियों के संपर्क में आए। वीर सावरकर के द्वारा लिखी गई पुस्तक 1857 का स्वातंत्र्य समर ग्रंथ से वे बहुत प्रभावित हुए और 1938 में वीर सावरकर से मिलने मुंबई चले गये। उनके विचारों से प्रभावित पोद्दार जी ने भारतीय संस्कृति साहित्य, पुराणों और आध्यात्मिक ज्ञान को संरक्षित करने में महती भूमिका निभाई। पोद्दार जी में देशभक्ति की भावना बहुत प्रबल थी। एक बार की बात है कि वह कलेक्टर कार्यालय में अंग्रेज गवर्नर का आदेश पत्र पढ़ रहे थे। कलेक्टर ने उन्हें एक कागज पर हस्ताक्षर करने का आदेश देते हुए कहा अपको इस इकरार नामे पर हस्ताक्षर करने होंगे कि आप आजीवन राजनीति में भाग नहीं लेंगे।ह्व तब हनुमान प्रसाद जी ने अपना निर्णय सुनाते हुए कहाकि ,ह्लमैं इस इकरारनामे पर हस्ताक्षर नहीं कर सकता हूंह्व। बाहर आकर उन्होंने अपने सहयोगी भाई हरिबख्श जी से कहा कि, मैं राजनीति में भाग लूं या नहीं,यह निर्णय लेने का अधिकार मेरा होना चाहिए न कि विदेशी सरकार का अतः मैंने उस आदेश पर हस्ताक्षर नहीं किए। हिंदू धर्मग्रंथों में त्रुटियों को देखकर उन्हें बहुत कष्ट होता था। कल्याण के लिए हनुमान जी ने जो नीति बनाई उसमें विज्ञापनों के लिए कोई स्थान नहीं था।गीता प्रेस से ही आगे चलकर कल्याण, कल्पतरु एवं महाभारत मासिक पत्रिका का प्रकाशन सन 1955 से लेकर 1966 तक चलता रहा।हनुमान जी की पत्रकारिता भारत की महान सनातन संस्कृति के यशोगान को समर्पित थी। गीता प्रेस से आज भी कल्याण मासिक पत्रिका का प्रकाशन उन्हीं नियमों के अनुरूप चल रहा है।

हनुमान प्रसाद पोद्दार जी ने गोपी प्रेम ,तुलसी दल, दाम्पत्य जीवन का आदर्श, दुख क्यों होते हैं, दुख में भगवत्कृपा, नारी शिक्षा ,प्रेम दर्शन, भगवच्चर्या, भगवतप्राप्ति एवं हिंदू संस्कृति, लोक परलोक सुधार,शान्ति कैसे मिले, श्री भगवन्नाम चिंतन ,श्री राधा- माधव चिंतन, सत्संग के बिखरे मोती ,सुख शान्ति का मार्ग जैसी पुस्तकों के लेखन के साथ ही ह्लसुखी बनो ह्व जैसी पुस्तक लिखकर कई संदेहों व संशयों को दूर करने का सफल प्रयास किया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## सतत विकास हेतु जल संरक्षण आवश्यक

**सुनील कुमार महला**

22 मार्च को 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व जल दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित एक वैश्विक पहल है जो वर्ष 1993 से मनाया जा रहा है। दरअसल,इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस का विचार वर्ष 1992 में सामने आया, जिस वर्ष रियो डी जनेरियो में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का आयोजन किया गया था। बहरहाल,जिन पाँच तत्वों को जीवन का प्रमुख व महत्वपूर्ण आधार माना गया है, उनमें से एक तत्व जल है।जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसीलिए कहा भी गया है कि-'जल ही जीवन है।' गौरतलब है कि सतत विकास के लिए निर्धारित 17 लक्ष्यों (एसडीजी) में से पृथ्वी पर सबके लिए स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता तक पहुंच एक प्रमुख लक्ष्य है और इसको प्राप्त करने के लिए वर्ष 2030 तक की समय सीमा तय की गई है। हाल फिलहाल, पाठक जानते हैं कि मानव के शरीर का निर्माण प्रकृत के पंच महाभूत, जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी व आकाश से होता है। हमारे वेदादि शास्त्रों ने जल की महत्ता को हमेशा से ही स्वीकार किया है। सृष्टि निर्माण प्रक्रिया में भी अग्नितत्व के पश्चात जल तत्व का ही स्थान आता है। मतलब यह है कि अग्नि से ही जलोत्पत्ति हुई है। कहना गलत नहीं होगा कि जल के आधार भूत संपूर्ण मानव सृष्टि है।जल की महत्ता कितनी है इसको हम रहीम जी के एक दोहे के माध्यम से बखूबी समझ सकते हैं, जिन्होंने कहा है-'रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून। पानी गए न ऊबरे मोती मानुस चून।' यहां तक कहा गया है कि 'जल में अमृत है, जल में औषधि है।' संस्कृत में बड़े खूबसूरत शब्दों में कहा गया है कि -'जलस्य रक्षणम् नूनं भवतु। जल संरक्षणम् अनिवार्यम्। विना जलं तु सर्वं हि नश्येत्। दाहं कष्टं करोति दूरम्।'पाठक जानते होंगे कि जल इतिहास के हर खंड में कुछ प्राचीनतम सभ्यताओं–जैसे सिंधु, नील, दजला और फरात नदी के आसपास विकसित हुई सभ्यताएँ–के लिये एक महत्त्वपूर्ण संसाधन रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि जल पृथ्वी के लगभग 70% हिस्से को कवर करता है, मीठे जल की मात्रा मात्र 3% है, जिसमें से दो-तिहाई जमे हुए रूप में या दुर्गम और उपयोग के लिये अनुपलब्ध है।

## प्रकाशन की दौड़ में गुरुजी का डिजिटल वरदान

**डॉ. सुरेश कुमार**

**नवभारत** के डिजिटल युग में आपका स्वागत है! एक ऐसा दौर, जहाँ सब कुछ डिजिटल हो गया है–इश्क भी, धोखा भी, और अब तो सम्मान भी। यह कहानी उसी आधुनिक युग के एक सम्मान समारोह की है, जहाँ डिजिटल यथार्थ की रामलीला मंचन हो रही थी। कहते हैं कि कोई भी प्रतिभा बिना गुरू के पूर्ण नहीं होती। लेकिन जब से डिजिटल युग आया है, गुरू-शिष्य परंपरा भी 'डाउनलोड' और 'अपलोड' में तब्दील हो गई है। सोशल मीडिया का कोई भी मंच देख लीजिए–गुरू अपने चेले को डिजिटल दीक्षा देते मिल जाएंगे। मैं भी इसी परंपरा का भागी बना और एक साहित्यिक समूह में शामिल हो गया। वहां हर हफ्ते सम्मान समारोह आयोजित होते थे। बिना किसी कृतित्व के भी आप वरिष्ठ साहित्यकार बन सकते थे, बशर्ते कि आप उचित गुरू को वंदना करें। एक दिन, एक प्रसिद्ध डिजिटल साहित्याचार्य की रिक्वेस्ट मुझे मिली, और मेरे जीवन का सोने पर सुहागा क्षण आ गया। मैंने उन्हें तुरंत स्वीकार कर लिया। फिर क्या था, गुरूदेव ने मुझे डिजिटल आशीर्वाद दिया और दो दिन बाद मुझे सूचित किया कि एक भव्य समारोह में मेरी अध्यक्षता होगी। मेरे नाम का ऐलान होने से पहले ही मेरे अंदर एक लेखक-पुरोधा जाग उठा। मैंने ट्रेन पकड़ी और गुरूधाम पहुँच गया। वहाँ होटल की भव्यता ने मुझे चौंका दिया, लेकिन जब पता चला कि खर्च मुझे ही उठाना है, तो मेरी आत्मा वैराग्य की ओर प्रवृत्त होने लगी। अगले दिन कार्यक्रम स्थल पर पहुँचा तो वहाँ साहित्य की आधुनिक गंगा बह रही थी। गुरूवर के चेलों की कतार लगी थी, हर कोई अपने प्रकाशनों की पोटली लिए खड़ा था। मैंने एक कोने में बैठकर गौर किया कि कैसे मंच पर गुरूजी के आदेशानुसार वरिष्ठ साहित्यकार गढ़े जा रहे थे। कोई भी चेला अगर गुरू के नाम की स्तुति करता, तो उसे विशिष्ट रचनाकार का खिताब मिल जाता। जिसने गुरू के दो-तीन आलेख लाइक कर दिए, उसे राष्ट्रीय स्तर का कवि घोषित कर दिया गया। जिसने गुरूजी के फेसबुक लाइव पर जय हो लिखा, वह तो अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार घोषित कर दिया गया!

## न्यूज फ्लैश

### मानसून से पहले सभी नालों व ड्रेन की होगी मुकम्मल साफ-सफाई : डॉ. वैशाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम आयुक्त** डॉ. वैशाली शर्मा ने आगामी मानसून सीजन को देखते हुए निगम अभियंतओं को एक आदेश जारी कर कहा कि शहर के सभी बड़े नाले, मुगल कैनाल (कर्ण कैनाल), ड्रेन नम्बर-1, तथा मध्यम व छोटे नालों की साफ-सफाई का कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित स्टोरम वाटर डिस्पोजल पम्प की मरम्मत इत्यादि कार्य भी समय रहते शुरू करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष मानसून से पूर्व उपरोक्त सभी नालों व ड्रेन की सफाई करने व गाद निकालने का कार्य किया जाता है। उन्होंने सभी कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठद्द अभियंता व तकनीकी विशेषज्ञ को आदेश देते कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आने वाले सभी नालों, ड्रेन व डिस्पोजल पम्पों की साफ-सफाई, गाद निकालने तथा मरम्मत इत्यादि कार्य करवाने के लिए उचित अनुमान तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके लिए उन्होंने एक सप्ताह का समय दिया, ताकि समय रहते प्रशासनिक मंजूरी देकर निविदाएं आमंत्रित की जा सकें। निगमायुक्त ने अभियंताओं से कहा कि मानसून को लेकर ड्रेन व नालों की सफाई करवाने के सभी कार्य समय रहते शुरू करवा लिए जाएं, ताकि शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो और शहरवासियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आदेशों की सख्ती से पालना की जाए।

### समाधान शिविर में 241 शिकायतों का हुआ निवारण : डॉ. वैशाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम आयुक्त** डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि आमजन की शिकायतों का समाधान करने के मकसद को लेकर नगर निगम कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस को समाधान शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में अब तक 241 शिकायतों का निवारण किया जा चुका है। समाधान शिविर की जानकारी देते उन्होंने बताया कि बीती 22 अक्तूबर 2024 से शुरू हुए समाधान शिविर में अब तक कुल 276 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 241 शिकायतों का निवारण किया जा चुका है। नगर निगम क्षेत्र से बाहर होने के कारण 21 शिकायतों को रिजेक्ट किया गया है, जबकि 10 शिकायतों का निवारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गम्भीरता से लिया जाए। शिविर में आने वाले आमजन को त्वरित समाधान देना सुनिश्चित किया जाए।

### होटल में लगी आग, ऊपरी मंजिल से उठा धुआं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के कै**थल रोड स्थित राजमहल होटल में बीती रात करीब साढ़े दस बजे अचानक आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और होटल के ऊपरी हिस्से से धुआं उठने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड की गाडियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी बाल्टियों और पाइप की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन होटल का काफी सामान जल गया। स्थानीय निवासी मनोज कुमार, विवेक और अन्य लोगों ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे अचानक ऊपर की ओर से धुआं उठने लगा था। कुछ ही पलों में पूरा इलाका धुएं से भर गया। आग को बढ़ते देख लोग घबराने लगे, लेकिन कुछ स्थानीय लोग तुरंत हरकत में आए और बाल्टियों में पानी भरकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। इस दौरान होटल स्टाफ भी आग बुझाने में जुट गया। होटल के मालिक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि अचानक होटल के एक हिस्से में आग लग गई थी, जिससे थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। होटल स्टाफ और स्थानीय लोगों ने मिलकर बाल्टियों और पाइप के जरिए आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

# एक्शन मोड में विधायक: खाद्य आपूर्ति विभाग में औचक निरीक्षण

## सख्त निर्देश-भ्रष्टाचार और अनियमितता नहीं होगी बर्दास्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद एक्शन मोड में नजर आए। शुक्रवार को उन्होंने खाद्य आपूर्ति विभाग में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि भ्रष्टाचार और अनियमितता कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसा करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो जोलरेंस पॉलिसी पर चल रही है। दागी अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। विधायक जगमोहन आनंद खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यालय में पहुंचे। यहां उन्होंने अधिकारियों



की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने डिपो होल्डर की समस्याओं और आगामी गेहूं खरीद के सीजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। कोई अधिकारी यदि भ्रष्टाचार करता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने डिपो होल्डर की समस्याओं पर भी अधिकारियों से जवाब लिए। बैठक में अधिकारियों और कर्मचारियों को साफ तौर पर निर्देश दिए कि सभी अपने कार्य को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ करें। कोई भी प्रकार की लापरवाही एवं शिकायत को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस मौके पर जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अनिल कुमार सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**हर नए निर्माण कार्य पर लिखी जाएगी प्रोजेक्ट की पूरी जानकारी**

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल की नवनियुक्त मेयर रेनू बाला गुप्ता जल्द कार्यभार संभाल लेंगी। उनके कार्यभार संभालते ही अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब नगर निगम के अंतर्गत कहीं भी कोई निर्माण या विकास कार्य शुरू होगा, वहां उस प्रोजेक्ट का नाम, प्रोजेक्ट की अनुमानित राशि, प्रोजेक्ट के पूरे होने की अनुमानित तारीख व टेंडर किसे दिया गया है, उस ठेकेदार का नाम व संबंधित अधिकारी का मोबाइल नंबर अंकित किया जाएगा।

## आर्य महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का हुआ शानदार आगाज



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय** की एनएसएस इकाई द्वारा शुक्रवार को "यूथ फॉर मॉय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी" विषय पर 21 से 27 मार्च तक लगाए जा रहे सात दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारम्भ आज हवन यज्ञ से हुआ। शिविर के उद्घाटन समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन और स्वयंसेविका तमन्ना की सरस्वती वंदना से हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने शिविर की शानदार शुरूआत के लिए कॉलेज की एनएसएस इकाई के प्रभारी प्रो विवेक गुप्ता व एनएसएस पीओ डॉ. मनीषा डुडेजा को बधाई दी एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि कैसे युवा राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल सिद्धांत को अपने जीवन में अपनाकर सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनएसएस द्वारा आयोजित कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का समग्र विकास होता है। इस तरह के शिविर से विद्यार्थियों में एकता, अनुशासन, सेवाभाव व भाईचारे की भावना का विकास होता है।

### विभिन्न अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

**पंचकूलाः** नगर निगम आयुक्त अपराजिता ने बताया कि हरियाणा राज्य की पालिकाओं के नवनिर्वाचित प्रधान एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 25 मार्च 2025 को सेक्टर-5 के इंद्रधनुष सभागार में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्यों की विभिन्न पालिकाओं के जनता द्वारा चुने गए मेयर प्रधान व अन्य सदस्यगण की शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सैनी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर निगम के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।

## शहीदी दिवसः आज सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत ( कमाल हुसैन )**

**आरटीआइ एक्टिविस्ट** पीपी कपूर ने प्रेस के नाम जारी बयान में बताया कि कल 22 मार्च शनिवार को सांय 5 बजे देसराज कॉलोनी के देवी मूर्ति स्कूल में शहीदों की याद में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम और सभा का आयोजन किया जाएगा, 23 मार्च 1931 को हर साल शहीद ए आजम भगत सिंह का शहादत दिवस मनाया जाता है। 23 मार्च के दिन ही साम्राज्यवादी ब्रितानी सरकार ने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी चढ़ा दिया था क्योंकि भगत सिंह के विचार उनकी लूट की राह में सबसे बड़ी रुकावट थे। इसलिए उन्होंने उनके विचारों




को दबाने के लिए उन्हें उनके साथियों समेत फांसी पर चढ़ा दिया और उन्हें आतंकवादी करार दे दिया। बड़ी शर्म की बात है कि आज की सरकारें भी उनकी राह पर चलने वाले लोगों को आतंकवादी करार देकर जेलों में डाल रही है और झूठी मुठभेड़ों में मार रही है। अगर कोई मजदूर किसानों के हकों की बात करता है तो उस पर देशद्रोह के मुकदमे लाद दिए जाते हैं। धोखे से जबरदस्ती किसानों के धरने को पुलिसिया दमन से उठाकर किसानों को गिरफ्तार करना सरकारों की इसी घटिया सोच का परिचायक है। उन्होंने मजदूर और किसान के राज का सपना देखा था लेकिन आज मौजूदा सरकारें जाति धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ा कर बड़े बड़े धन्नासेठों की तिजोरियां भरने में लगी है। उन्होंने लोगों से एकजुट होकर साम्राज्यवाद से लड़ने का आह्वान किया था लेकिन आज नफरती ताकतें समाज को आपस में बांटकर लड़ाने का काम कर रही हैं। कभी हिन्दू मुस्लिम कभी जाट गैर जाट के नाम पर लोगों को आपस में लड़ाया जा रहा है। मेरठ में नमाज पढ़ रहे छात्रों पर मुकदमे दर्ज कर सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसी घृणित और नफरती साजिश को अंजाम दिया है। सरकार के ऐसे ही प्रयासों से नागपुर में दंगे भड़के।

### नवीन जिंदल सभी के कल्याण के लिए प्रयास कर रहे हैं: नरेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र /शाहबाद मारकंडा :** नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा शाहबाद मारकंडा के गांव अहमदपुर और कतलाहरी में आयोजित नवीन संकल्प शिविरों में ग्रामीणों ने दी जा रही सुविधाओं का लाभ लिया। शाहबाद हल्के के दोनों गांवों में आयोजित इन संकल्प शिविरों में पेंशन,आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर आरंभ किए गए नवीन संकल्प शिविरों में विशेष रूप से मोबाइल मेडिकल यूनिट भी चलाई जा रही है, जिसमें मुफ्त दवाइयां, चिकित्सा परामर्श और टेस्ट की सुविधाएं दी जाती है। कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में गांवों के लोगों द्वारा इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाया जा रहा है। इन नवीन संकल्प शिविरों में सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग मिल सके।उन्होंने बताया कि आज शाहबाद हल्के के गांवों में नवीन संकल्प शिविरों में 49 लोगों की समस्याओं का समाधान और लोगों को छात्रवृत्ति योजना के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभान्वित किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने शराब ठेका संचालकों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : अपराधों और** अपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए आमजन और पुलिस प्रशासन को मिलकर काम करना होगा। पुलिस अपना काम कर रही है इसके साथ-साथ आमजन का सहयोग मिले तो अपरोधों को रोकना और भी आसान होगा। ये बातें शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने जिला के शराब ठेका संचालकों के साथ बैठक के दौरान कही। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में अपील



करते हुए कहा कि शराब के ठेकों को आबकरी पोलिसी के तहत संचालन करे नियमों में कोई लापरवाही ना बरतें। ठेकों पर हाई रेज्युलेशन के कैमरे लगवाए जिसमें ज्यादा से ज्यादा दिनों की रिकॉर्डिंग सेव रह सके कैमरों की फुटेज साफ होगी। जिससे अपराधियों की पहचान करने तथा उनको पकड़ने मे आसानी होगी। उन्होंने कहा कि ठेकों पर होने वाली अपराधिक वारदातों को रोकने के लिए ठेकेदारों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कार्यरत कर्मचारियों तथा चोंकीदारों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं। ज्यादा कैश देने पर पुलिस कंट्रोल रूम में सूचित करें ताकि सुरक्षा व्यवस्था समय पर उपलब्ध करवाई जा सके। पुलिस आधीक्षक वरूण सिंगला ने कहा कि वर्तमान समय नई तकनीक का है। उन्होंने कहा कि हथियार रखने वालों की सूचना देने की भी अपील की तथा कहा कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा । उन्होंने कहा कि जिला पुलिस उनकी सुरक्षा को लेकर और बेहतर सेवा देने के लिए तत्पर है। मीटिंग में आए शराब ठेका संचालकों ने पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया। मीटिंग में डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार, जिला सुरक्षा प्रभारी उप निरीक्षक धर्मेन्द्र व स्टेनों मुख्य सिपाही रोबिन के साथ-साथ ठेका संचालक मौजूद रहे ।

## यज्ञ-संस्कार भगवान को पूजा पद्धति में सबसे अधिक प्रिय है: अनिल वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :- पूजा करने की** विभिन्न पद्धतियों के माध्यम से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है लेकिन यज्ञ संस्कार से की गई पूजा ईश्वर को अति प्रिय है।यह कहना है भारतीय जनता पार्टी के कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व भाजपा नेता अनिल वर्मा का। यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम जी से यज्ञ स्थल पर निर्मित कुटिया में आशीर्वाद लेने के पश्चात अनिल वर्मा ने कहा कि स्वामी हरिओम जी द्वारा



जनकल्याण के उद्देश्य से भारत के विभिन्न राज्यों में अब तक 1008 कुंडीय 101 यज्ञ आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न करवाए जा चुके हैं और धर्मक्षेत्र- कुरुक्षेत्र को 102 वां 1008 कुण्डीय यज्ञ आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अनिल वर्मा ने कहा कि स्वामी हरिओम जी के मार्गदर्शन में इस आयोजन की तैयारी लगभग दो माह पूर्व से ही चल रही थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली,पूर्व मंत्री सुभाष सुधा भी इस आयोजन की सफलता हेतु पूरी रुचि ले रहे हैं। अनिल वर्मा ने कहा कि इस यज्ञ कार्यक्रम में पूरे राष्ट्र से यज्ञ- प्रेमी और सनातन- प्रेमी भक्तजन 1008 हवन कुंडों में आहुतियां डाल कर अपना जीवन धन्य और लोक- कल्याण की मंगल कामना कर रहे हैं।

## बैंकों को 3 महीने में अपनी मूल बिल्डिंग में स्थांतरित होना होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**जिला सचिवालय कांफ्रेंस** हॉल में शुक्रवार को जिला स्तरीय समीक्षा कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि एनएचआई पर जो बैंक स्थित हैं उन्हें अपने मूल स्थान पर स्थानांतरित होना चाहिए। आगामी तीन महीने में जीटीरोड़ पर कोई भी बैंक नहीं होगा। यातायात के मध्य नजर एन.एच.ए.आई. के सर्विस रोड़ का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने सभी बैंकरों को को अपने अपने बैंकों में सुरक्षा के दृष्टिद्दगत सीसीटीवी कैमरे लगाने व पार्किंग के लिए पास बनवाने के भी निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने प्रशासन की



और से सुरक्षा से संबंधित किसी भी तरह की जरूरत के लिए भी सुझाव मांगे। उपायुक्त ने इस त्री मासिक बैठक से पूर्व की बैठक का ब्यौरा भी अधिकारियों से लिया व उनकी प्रगति रिपोर्ट भी जानी। बैठक में आरबीआई व नाबार्ड की गाईडलाईन पर भी चर्चा की गई व अधिकारियों को नई गाईड लाइन से भी अवगत करवाया। उपायुक्त ने डीसीपी/एसीपी की फाईनेंसल ईयर 2025-26 की अप्रूवल के बारे में भी जानकारी ली। उपायुक्त ने सरकार की विभिन्न स्कीमों की प्रगति भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों से जानी व कुछ आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए। उपायुक्त ने पीकेसीसी और पीएम स्वनिधि योजना पर भी आकिारियों से चर्चा की। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर भी अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की अब तक क्या प्रगति हुई है इस पर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री जन-जन योजना को लेकर भी बैंकर्स से बातचीत की और इसमें और बढ़ोतरी करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना और अटल पैंशन योजना को लेकर भी अधिकारियों से बातचीत की व प्रगति को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने बैठक में साल भर में जो टारगेट दिए गए थे वो पूरा ना होने के कारण भी जाने और सभी बैंकों में एफएलसी की नियुक्ति करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने कृषि में टारगेट बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने बैठक में जिन विभागों की पेंडेंसी बचती है उन्हें अतिशिघ्रता से दूर करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर एलडीएम राजकुमार, पशु पालन विभाग के एसडीओ श्रीभगवान, एलडीओ श्री कमल सिंह, डीडीएम अजीत कुमार के अलावा नाबार्ड अनूसूचित जाति विकास निगम, महिला विकास निगम, आरबीआई, एचएसआरएलएम, फसल बीमा निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम 15 को पानीपत में प्रवेश करेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**हरियाणा उदय आउटरीच** कार्यक्रमों की श्रृंखला में हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी द्वारा 5 अप्रैल को हिसार जिला से ड्रग फ्री हरियाणा के तहत एक साइकिल यात्रा नशा मुक्ति के नाम थीम पर आधारित साइक्लोथॉन-2.0 का आगाज किया जाएगा। मुख्यमंत्री के कर कमलों से हिसार जिला से शुरू होने वाली यह साइकिल यात्रा नशा मुक्त हरियाणा के सार्थक संदेश के साथ पानीपत जिला में मंगलवार, 15 अप्रैल को पहुंचेगी। साइक्लोथॉन-2.0 के जिला में प्रवेश करने पर जिला प्रशासन, जिलावासियों, सामाजिक




संगठनों द्वारा भव्य स्वागत एवं उत्साहवर्धन किया जाएगा। साइक्लोथॉन-2.0 अगले दिन बुधवार, 16 अप्रैल को जिला पानीपत से प्रस्थान करेगी। साइक्लोथॉन-2.0 के आयोजन के मद्देनजर को प्रदेश भर के डीसी के साथ शुक्रवार को पीएस टू सीएम अरुण कुमार गुप्ता व हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं ओएसडी सीएम पंकज नैन ने विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक लेकर पूरी रूपरेखा तैयार की। बैठक उपरांत डीसी डाक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई से लडने.के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते हैं। नशा शरीर के लिए जहां खतरनाक है, वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है। लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। साइक्लोथॉन में भाग लेने के इच्छुक नागरिक उदयडॉट हरियाणा डॉटजीओवीडॉटइन/ एंटीड्रगसाईक्लोथॉन पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के आधार पर ही साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को साइक्लोथॉन-2.0 यात्रा का रात्रि विश्राम पानीपत में ही रहेगा तथा साइक्लोथॉन-2.0 अगले दिन 16 अप्रैल को सुबह 6 बजे पुलिस लाईन पानीपत से सिवाह गांव के रास्ते फ्लाई ओवर रास्ते टोटल प्लाजा पानीपत से मुनक, गगसीना, घरोडा के रास्ते करनाल जिला के लिए रवाना होगी।

**जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी साइक्लोथॉन, जुड़ते जाएंगे साइकिलिस्टः** डीसी डाक्टर विरेन्द्र कुमार दहिया ने बताया कि साइक्लोथॉन-2.0 आगामी 15 अप्रैल को पानीपत के पट्टीकल्याणा, समालखा को होते हुए पुलिस लाईन पानीपत में रात्रि ठहराव होगा। जिला में साइक्लोथॉन जिन मुख्य प्वाइंट पर होते हुए आगे बढ़ेगी वहां से साइकिलिस्ट साइक्लोथॉन-2.0 के साथ जुड़ते चले जाएंगे।

## आई.बी. कॉलेज में प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**आई.बी. स्नातकोत्तर** महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा बी.ए/बी.एस.सी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रेजेंटेशन ऑन ह्ववेरियस टॉपिकस ऑफ मैथमेटिक्सह्व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया` जिसमें कॉलेज के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया ` यह प्रतियोगिता डॉ. पूनम गुप्ता के द्वारा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और ज्ञान बढ़ाने के लिए आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने न केवल अपने ज्ञान का प्रदर्शन



किया बल्कि अपनी बोलचाल की कला और आत्मविश्वास दिखाया `कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. शशि प्रभा ने छात्रों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी प्रतिभा निखर कर आती है
तथा छात्रों को विभिन्न विषयों पर प्रभावशाली और संवेदनात्मक तरीके से अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिलता है।

## न्यूज फ्लैश

### बस परिसर में बनी पार्किंग से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के बस स्टैंड परिसर में बनी पार्किंग से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस वाहन चोर का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव हुल्लाहेड़ी निवासी विकास ने बताया कि वह किसी काम से सोनीपत आया था। इस दौरान बाइक को बस स्टैंड की पार्किंग में खड़ा कर काम के लिए चले गया। जब वापस आया तो बाइक वहां नहीं मिली। आसपास के लोगों से भी बाइक के बारे में पता किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। पार्किंग से कोई बाइक चोरी कर ले गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी ब्रिजेश ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द बाइक चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### संदिग्ध हालत में युवती लापता, परिजनों ने अज्ञात पर लगाया अपहरण करने का आरोप

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में युवती के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। युवती की मां ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवती की तलाश के प्रयास कर रही है। हनुमान नगर गली नंबर-11 निवासी एक महिला ने बताया कि उसके पास तीन लड़कियां व बेटा है। उसकी साढ़े अठारह साल की बेटी संदिग्ध हालत में घर से लापता हो गई। अपने स्तर पर उसको रिश्तेदारों व आसपास तलाश किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई शिव मुनि ने बताया कि युवती की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द किशोरी की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### डेयरी संचालक की गोली मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: जिले** की क्राईम यूनिट वेस्ट सोनीपत सीआईए-1 पुलिस टीम ने डेयरी संचालक की गोली मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कपिल उर्फ मिंटू निवासी बागपत यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। दिल्ली के आजादपुर स्थित गोपाल नगर निवासी नरेश कुमार ने 28 जून को राई थाना पुलिस को बताया था कि उनके भाई सुरेश (42) पहले दिल्ली के स्वरूप नगर स्थित घर में रहते थे। वह आजादपुर मंडी में दूध डेयरी चलाते थे। पत्नी से मनमुटाव के बाद वह अब दूध डेयरी में अकेले रहने लगे थे। तडके चार बजे उन्हें केएमपी पर सुरेश की हत्या किए जाने का पता लगा था। मामले में राई थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार व जांच अधिकारी एएसआई सतीश कुमार की टीम ने मृतक सुरेश के भांजे गांव शाहपुर तगा निवासी मयंक व उसके दोस्त सागर को गिरफ्तार कर हत्या से पर्दा उठाया था। मयंक ने पुलिस को बताया है कि उनके मामा सुरेश ने 50 लाख रुपये की बीमा पॉलिसी ली थी। जिसमें उसकी मां राधा को नॉमिनी बनाया था। उसने बीमा राशि को हड़पने के लिए मामा सुरेश की हत्या कराई थी। इसके लिए अपने दोस्त सागर को साथ मिलाया था। हत्यारोपी मयंक ने बताया है कि मामा की हत्या के लिए यूपी के मेरठ स्थित कंकरखेड़ा से 50 हजार रुपये में पिस्तौल खरीदी थी।

# एमएसपी पर खरीदने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य: श्याम सिंह

**कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने लाडवा अनाजमंडी में औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। यहां**

**कृषि यंत्र**

**साथ-साथ बीज खाद कृषि यंत्रों पर सरकार द्वारा किसानों को अनुदान राशि भी प्रदान की जाती है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा देश का प्रथम राज्य है, जहां पर किसानों की सबसे अधिक फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है, इसके साथ-साथ बीज खाद कृषि यंत्रों पर सरकार द्वारा किसानों को अनुदान राशि भी प्रदान की जाती है। अहम पहलू यह है कि मंडियों में सरसों के साथ-साथ अन्य फसलों के खरीद कार्य में किसानों और व्यापारियों को रत्ती भर भी दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा शुक्रवार को लाडवा अनाजमंडी में औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। यहां पर कृषि मंत्री ने सरसों की खरीद कार्य का जायजा लिया। इस दौरान कृषि मंत्री ने किसानों, व्यापारियों से बातचीत कर खरीद कार्य के बारे में फीडबैक ली और कृषि मंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिए कि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए और जल्द से जल्द किसानों की फसल खरीदी जाए। इस मामलें में अगर किसी अधिकारी, कर्मचारी ने लापरवाही बरती तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। इसके साथ ही अधिकारियों मंडियों में किसानों, व्यापारियों और मजदूरों के लिए तमाम सुविधाएं और व्यवस्थाएं करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर उनकी सोच हमेशा किसान हित की रही है, क्योंकि वह स्वयं भी किसान परिवार से जुड़े हुए हैं और किसानों की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर हैं और सरकार का प्रयास है कि जनहित की योजनाओं का लाभ किसान के साथ-साथ हर वर्ग को मिले।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश विकास के साथ-साथ हर क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों से सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर विकासात्मक योजनाएं बनाई गई। हरियाणा सरकार हर वर्ग को साथ लेकर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है। इस प्रदेश में किसानों की सभी 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का काम किया जा रहा है और किसानों को फसल प्रबंधन के लिए यंत्र सबसिडी पर उपलब्ध करवाए जा रहे है।

इसके अलावा और जरूरी यंत्रों पर सरकार सबसिडी दे इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा केन्द्र सरकार को भी पत्र लिखा है। सरकार ने अभी विधानसभा सत्र में भी अभी किसानों के हित में विधेयक पारित किए है। यह सरकार किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए हमेशा कल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहना रही है।

# डीएवी स्कूल में ग्रेजुएशन सेरिमनी धूमधाम से मनाई



**गेम्स**

**कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्रों ने ग्रुप डांस परफॉरमेंस दी। अलग गेम्स खिलाकर उनका मनोरंजन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** डी ए वी पब्लिक स्कूल, अम्बाला शहर के जूनियर विंग प्रांगण मे कक्षा दूसरी का ग्रेजुएशन सेरेमनी कम ग्रैंड पेरेंट्स डे बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के छात्रों ने ग्रुप डांस परफॉरमेंस दी। ग्रैंड पेरेंट्स को अलग अलग गेम्स खिलाकर उनका मनोरंजन किया गया। ग्रैंड पेरेंट्स ने अपने ग्रैंड चिल्ड्रन के साथ अलग अलग गेम्स खेलकर अपना बचपन जिया। कक्षा दूसरी के छात्रों ने एक नाटक के जरिए यह सन्देश दिया कि अपने बड़ो की सेवा करेंगे, उनके साथ रहेंगे और वृद्धाश्रम का रास्ता नहीं दिखाएंगे। इस नाटक को देखकर सभी उपस्थित गण भाव विभोर हो उठे। प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी द्वारा गेम्स विनर्स को अलग अलग उपहार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों द्वारा स्कूल को वोट ऑफ थैंक्स दिया गया। अंत मे प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी ने सभी ग्रैंड पेरेंट्स का धन्यवाद किया।

# बिहार दिवस के अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन 23 मार्च को : तेजिन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** बिहार दिवस के मौके पर एक स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन 23 मार्च को किया जाएगा। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री नायब सैनी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिहार सरकार में गन्ना मंत्री कृष्ण नंदन पासवान होंगे। जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि इस आयोजन के दौरान बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और विकास की दिशा पर चर्चा की जाएगी, साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। तेजिन्द्र गोल्डी ने इस



कार्यक्रम के आयोजन को लेकर कहा कि यह आयोजन बिहार के गौरवमयी इतिहास और सांस्कृतिक धरोहर को मनाने के साथ-साथ राज्य के विकास की दिशा को साझा करने का एक बेहतरीन अवसर होगा।

# नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर कुरुक्षेत्र के गांव और शहरी क्षेत्र में पहुंचेगी

**अभियान**

**नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर साईकिलोथॉन यात्रा गांव और शहरी क्षेत्र में पहुंचेगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा का संदेश लेकर साईकिलोथॉन की दूसरी यात्रा कुरुक्षेत्र के गांव और शहरी क्षेत्र में पहुंचेगी। इस साईकिलोथॉन में पूरे प्रदेश में 50 लाख से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस साईकिलोथॉन कुरुक्षेत्र के भी हजारों युवा और नागरिक भाग लेंगे। इसके लिए कोई भी नागरिक, खिलाड़ी हरियाणा उदय पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाकर कुरुक्षेत्र के साथ-साथ हरियाणा को नशा मुक्त बनाने में अपना सहयोग दे सकता है।

उपायुक्त नेहा सिंह शुक्रवार को उपायुक्त आवास कार्यालय पर साईकिलोथॉन यात्रा के प्रबंधों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले चंडीगढ़ से वीडियों कांफ्रेसिंग के जरिए अधिकारियों को आदेश दिए गए कि साईकिलोथॉन का दूसरा चरण 5 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। यह साईकिलोथॉन 5 अप्रैल को हिसार से चलकर 27 अप्रैल को सिरसा जिले में सम्पन्न होगी। इस साईकिलोथॉन का शुभारंभ मुख्यमंत्री नायब सिंह करेंगे और लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि साईकिलोथॉन में प्रदेश भर से 50 लाख से ज्यादा लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। हालाकि गत वर्ष साईकिलोथॉन के पहले चरण में करीब 45 लाख लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की थी।

उपायुक्त ने कहा कि साईकिलोथॉन कुरुक्षेत्र जिले में 21 अप्रैल को अंबाला से प्रवेश करेगी। यह साईकिलोथॉन कुरुक्षेत्र की मोहडी, खानपुर जाटान, चढुनी जाटान,खानपुर कोलिया और रात्रि कुरुक्षेत्र में ही साईकिलोथॉन यात्रा रूकेगी और 22 अप्रैल को सुबह 7 बजे साईकिलोथॉन को कैथल जिले के लिए रवाना किया जाएगा। यह यात्रा कुरुक्षेत्र के कमौदा, पिंडारसी के साथ-साथ मार्ग में आने वाले अन्य गावों में भी पहुंचेगी। इस साईकिलोथॉन का जगह-जगह स्वागत करने के लिए गांव के सरपंचों और गणमान्य नागरिकों की डयूटियां लगाई

# नेपाली समुदाय चेयरमैन पद के लिए 3 उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.) नेपाली संस्था एवं श्री पशुपतिनाथ मंदिर समिति के चेयरमैन पद के 3 उम्मीदवारो ने भरा नामांकन जिसमे से अंबाला शहर से दीपक वोहरा , राधा शर्मा और अंबाला छावनी से प्रेम केसी चुनाव के मैदान में उतरे हैं वही पूर्व अध्यक्ष गणेश पटेल और महासचिव रीटा पटेल ने नामांकन में अपना नाम दर्ज नहीं कराया । पूर्व अध्यक्ष




गणेश पटेल पत्नी रीटा पटेल दोनों संस्था में सदस्य रहकर करगे तन मन धन से सेवा ।संस्था के वर्तमान उपाध्यक्ष कृष्ण लाल ने बताया कि आने वाली 6 अप्रैल दिन रविवार को हिसार रोड सिंगावाला धर्मशाला में अपना कीमती वोट देकर खड़े उम्मीदवारों को विजयी बनाए ।

**चुनाव**

**पूर्व अध्यक्ष गणेश पटेल और महासचिव रीटा पटेल ने नामांकन में अपना नाम दर्ज नहीं कराया**

चुनाव प्रचार का कार्य चल रहा है तीनों प्रत्याशियों के चुनाव चिह्न भी घोषित कर दिए गए हैं जिसमे से दीपक वोहरा का चुनाव चिह्न चड़ता सूरज, राधा रानी का चुनाव चिह्न कलश और अंबाला छावनी से प्रेम के सी का चुनाव चिह्न शंख रखा गया है वर्तमान में व्यवस्था एवं सह सलाहकर प्रमुख श्याम लाल शर्मा ने बताया कि चुनाव में वोट डालने का समय दोपहर 12 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा । ठीक शाम 4 बजे चुनाव का परिणाम घोषित किया जाएगा और मतदान के लिए सिर्फ संस्था के सदस्य जिसके आईकार्ड बने हैं सिर्फ वही मतदान कर सकेंगे।

# नशे के विरुद्ध अभियान से जुड़े युवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिदेर्शों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुँच रहा है। इस कड़ी में आज थानेसर में शिक्षकों एवं समाज के लोगों को बकेट चैलेंज से जोड़ा गया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स



कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए थानेसर पहुंचे और शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश और डॉ. अरुण कुमार के साथ लोगों को इस अभियान से जोड़ा। शिक्षक एवं समाजसेवी भारतेन्दु हरीश ने कहा कि नशा मुक्त अभियान एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है क्योंकि युवा देश की धरोहर है। यदि युवा नशे की दलदल में चला गया तो यह देश के विकास में बहुत बड़ी बाधा होगी।

डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि वे बकेट चैलेंज को स्वीकार करते हैं और उनका ध्येय जन जन को इस अभियान से जोड़ना है।

### अस्पताल परिसर में निकाली जागरूकता रैली

**सोनीपत: वर्ल्ड** ओरल हेल्थ डे के अवसर पर सोनीपत के नागरिक अस्पताल में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में नर्सिंग छात्राओं ने भाग लिया और नागरिक अस्पताल व आसपास के क्षेत्रों में मुख एवं दंत स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलाई। इस वर्ष की थीम हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी माइंड पर ध्यान केंद्रित किया गया था। रैली में उप सिविल सर्जन डा. अनीता, वरिष्ठ दंतक सर्जन डा. कृष्ण लाल, दंत चिकित्सक डा. निकिता, डा. सुभाष, डा. नरेंद्र व विवेक, राजदुलारी व जयदीप ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सेंट जोसफ स्कूल में मनाया स्नातक समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला शहर स्थित सेंट जोसफ स्कूल में यू.के.जी के बच्चों के लिए स्नातक समारोह का आयोजन किया गया। यू.के. जी के नन्हे मुन्हे कर्णधारों को विद्या के अगामी क्षेत्र में कदम रखते हुए देखने के लिए उनके अभिभावक विद्यालय के प्रांगण में एकत्रित हुए। कार्यक्रम का आगाज प्रधानाचार्य महोदया भावना छिब्बर पर द्वारा पवित्र ज्योति को प्रज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात एल. के. जी के नन्हें-नन्हे जोसफियनस ने स्वागतम गीत गाकर सभी का अभिनंदन किया और अपनी अद्भुत नृत्य कला द्वारा सबका मन मोह लिया। छोटे-छोटे जोसफियनस अपने अनोखे अंदाज



व आत्मविश्वास के साथ स्टेज पर आए और अपनी अपनी डिग्री ग्रहण की। डिप्टी डायरेक्टर आशिमा किरण बैनर्जी के मार्गदर्शन में इन बच्चों में आया आत्मविश्वास वाकई प्रशंसनीय है।

**मार्गदर्शन**

**कदम रखते हुए देखने के लिए उनके अभिभावक विद्यालय के प्रांगण में एकत्रित हुए**

अंत में डायरेक्टर किरण बैनर्जी, डिप्टी डायरेक्टर आशिमा किरण बैनर्जी से व प्रधानचार्या महोदया ने इन नन्हे नन्हे जोसफियनस व उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी तथा अपने बच्चों के साथ अधिक से अधिक समय व्यतीत करने वह उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने का संदेश दिया।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: खरखौदा** थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 52 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं वारदात में शामिल दो अन्य आरोपित नाबालिग है। जिनकी सुनाई अदालत में चल रही है। वारदात के बाद किशोरी गर्भवती हो गई थी। जिसने बच्ची को जन्म दिया था। एक किशोरी ने 24 नवंबर 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसके पिता की मौत हो चुकी है। वह गांव के स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा है। अप्रैल से सितंबर 2023 को वह स्कूल में पढ़ी। उसके बाद घर अपने पर फलों की रेहड़ी पर काम करती थी। उसी दौरान उसकी पहचान कशिश व दो अन्य लड़कों के साथ हुई। अप्रैल-मई में वह एक दिन अपने घर से टूटी पर पानी भरने के लिए गई थी। जहां उसके पास कशिश का दोस्त आया। उसे बहला फुसलाकर गांव के पार्क में ले गया। जहां उसके साथ गलत काम किया। किसी से कुछ बताने पर उसे व परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी। उसके तीन चार दिन बाद कशिश उसे मिला। उसे बहला कर प्लॉट में ले गया।

**सम्मेलन**

**वारदात में शामिल दो अन्य आरोपित नाबालिग है। जिनकी सुनाई अदालत में चल रही है, किशोरी गर्भवती हो गई थी**

जहां उसके साथ गलत काम किया। उसने भी किसी से कुछ बताने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। उसके बाद कशिश का दूसरा दोस्त उसे बहला कर ले गया। उसके साथ गलत काम किया। कई दिनों के बाद फिर से कशिश ने कई बार उसके साथ गलत काम किया। उसके बाद उसकी बहन उसे गांव से लेकर अपनी ससुराल आ गई। उसके पेट में दर्द हुआ तो उसे प्राथमिक केंद्र पर उपचार के लिए लेकर पहुंची। जहां चिकित्सक ने उसे बताया कि वह गर्भवती है। उसे नागरिक अस्पताल सोनीपत में रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एसआई सरिता की टीम ने आरोपितों को काबू कर लिया। जिसमें दो आरोपित नाबालिग मिले। जबकि कशिश का आरोपित बालिग मिला। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दो आरोपितों को बाल सुधार गृह में भेज दिया। जबकि आरोपित कशिश को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने बच्ची को जन्म दिया। मामले में सुनवाई करते हुए एएसजे नरेंद्र की अदालत ने आरोपित कशिश को 6 पोक्सो एक्ट में दोषी मानते हुए दोषी कशिश को 20 साल कैद की सजा व 50 हजार रुपये जुर्माना, आईपीसी की धारा-506 में दो साल केद की सजा व दो हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। साथ ही 40 हजार रुपये की राशि पीड़िता को देने के आदेश अदालत ने दिए है।

मामले में दो नाबालिगों का केस अदालत में चल रहा है।

# 21 महिला उद्यमियों को सम्मानित करेगा स्वदेशी जागरण मंच

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** स्वदेशी जागरण मंच व स्वावलंबी भारत अभियान के संयुक्त तत्वाधान में महिला उद्यमी सम्मान समारोह आगामी 23 मार्च 2025 दिन रविवार को गीता ज्ञान संस्थान में आयोजित होने जा रहा है। स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक लेफ्टिनेंट (डॉ.) अजय जांगड़ा व स्वावलम्बी भारत अभियान के जिला समन्वयक डॉ. रमेश ढांडा ने समारोह की तैयारी हेतु आयोजित बैठक में बताया कि इस महिला उद्यमी सम्मान समारोह में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा बतौर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र



जिले की 21 महिला सफल उद्यमियों को सम्मानित कर अपना विशेष उद्बोधन भी देंगे। समारोह की संयोजक डॉ. अर्चना शर्मा व डॉ. सीमा ने बताया कि यह समारोह स्वदेशी की विकास यात्रा व देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयंती वर्ष उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। आज के युवा ही नहीं अपितु महिलाएं भी स्वदेशी के महत्व को समझ चुकी हैं। वर्तमान में महिलाएं स्वावलंबन एवं स्वरोजगार की राह पर चल कर समाज को महिला सशक्तिकरण का उदाहरण दे रही है।

# वर्तमान परिप्रेक्ष्य के साथ जोड़कर कला के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं: प्रो. सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि समकालीन परिप्रेक्ष्य के साथ जोड़कर कला के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे प्रयास भारतीय कला को वैश्विक स्तर पर अधिक पहचान दिलाने में सहायक हैं। वे शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ललित कला विभाग द्वारा ह्यसमकालीन भारतीय कला और वैश्विक कला बाजार पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ



सचदेवा ने कहा कि हरियाणा की लोककला सांझी को लोकप्रिय बनाने के कार्य करने की आवश्यकता है। यह बेहद बारीकी से चित्रण करने की कला है। यह रंगोली और पेंटिंग का मिला-जुला रूप है, लेकिन असल में इसका अलग ही महत्व है। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक कला परिदृश्य को वैश्विक कला विमर्श के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में प्रस्तुत किया। सम्मेलन की मुख्य वक्ता पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला के ललित कला विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कविता सिंह ने कहा कि कला को बाजार की मांग के अनुसार प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि भारतीय कलाकार अपनी पारंपरिक जड़ों से प्रेरणा लेते हुए वैश्विक रुझानों को आत्मसात कर रहे हैं और अपने कार्यों के माध्यम से स्थापित कलात्मक मानदंडों को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि समकालीन भारतीय कला को वैश्विक प्रदर्शनियों, द्विवार्षिक आयोजनों और नीलामी घरों में बढ़ती स्वीकृति मिल रही है। ललित कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन भारतीय कला की वैश्विक पहचान को मजबूती देने का एक प्रयास है। उन्होंने सम्मेलन के उद्देश्य पर संक्षिप्त प्रकाश डाला सम्मेलन सह-संयोजक डॉ. पवन कुमार और आयोजन सचिव डॉ. राकेश बानी ने भी महत्वपूर्ण विचार साझा किए। डॉ. पवन कुमार ने चर्चा की कि वैश्विक कला बाजार न केवल कला के आर्थिक मूल्य को प्रभावित करता है बल्कि इसकी सांस्कृतिक प्रस्तुति को भी आकार देता है।

# राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने कुरुक्षेत्र भाजपा कार्यालय में बैठक की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: भारतीय जनता पार्टी** के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने आज कुरुक्षेत्र भाजपा कार्यालय में शिरकत की। इस अवसर पर एडवोकेट वेदपाल और डॉ. संजय शर्मा,चेयरमैन धूमन किरमच,प्रदेश सचिव राहुल राणा, रवि बतान भी उनके साथ मौजूद रहे। मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि भा.ज.पा. के जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह गोल्डी ने राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ का स्वागत करते हुए उन्हें एक शाल औड़कर व किरपाण देकर स्वागत किया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने धनखड़ से मुलाकात की और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की।ओम प्रकाश धनखड़ ने



कार्यकताओं से पार्टी के लिए मेहनत करने की अपील की और आने वाले चुनावों में भाजपा की सफलता के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकताओं को उत्साहित किया। यह कार्यक्रम भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसमें कार्यकताओं की निष्ठा और पार्टी के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक प्रस्तुत किया गया।इस अवसर परजस्वीन्द्र सैनी, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स,रामपाल पाली,गुलशन सैनी, विक्रम शर्मा, विजय लक्ष्मी, अनु माल्यान, वंदना, विजय कम्बोज, राजेश मेहला, सुनील चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### नाबालिग की शादी रोकी, बिना दुल्हन लौटी बारात

**गन्नौर । थाना गन्नौर पुलिस** ने एक नाबालिग लड़की की शादी रुकवा दी। विवाह स्थल पर स्वजन से आयु के दस्तावेज मांगे गए, जिसमें लड़की की उम्र 18 साल से छह महीने कम पाई गई। इसके बाद शादी की रस्में रोक दी गईं, और वर पक्ष को बिना दुल्हन लौटना पड़ा। शादी गन्नौर के एक गार्डन में हो रही थी। लड़की समालखा के एक गांव की थी, जबकि बारात पानीपत के एक गांव से आई थी। किसी ने पुलिस को नाबालिग के विवाह की सूचना दी, जिसके बाद बड़ी थाना से महिला पुलिसकर्मी मंजू और प्रदीप कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर समारोह में हड़कंप मच गया। महिला पुलिसकर्मी मंजू ने बताया कि लड़की की उम्र शादी के लिए पर्याप्त नहीं थी। परिजनों ने लिखित में आश्वासन दिया कि उम्र पूरी होने पर ही शादी करेंगे। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### गरीब व्यक्ति की पूरी हो रही हर आस, मिल रहा पक्का आवास: नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त यश** जालुका ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की वीसी के दौरान बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिला में 5559 पात्र लाभार्थियों के मकान निर्माण की स्वीकृति आ चुकी है। इनमें से आज मौके पर ही 100 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में पहली किस्त के 45 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए हैं और शेष पात्र लाभार्थियों के दस्तावेज सत्यापन के बाद राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिला में करीब 10328 गरीब परिवारों के मकान बनाने का लक्ष्य निर्धारित है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टीम द्वारा घर-घर जाकर पात्र व्यक्तियों का सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो पात्र परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ नहीं ले पाए हैंए उनके लिए सरकार द्वारा दोबारा से अब पोर्टल खोल दिया गया है। पात्र व्यक्ति इस पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाकर सरकार की योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों को पंजीकरण करवाने के लिए प्रेरित करें और ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण करवाएं। इस मौके पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार तथा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मौजूद रहे।

### विदेश भेजने का झांसा दे 1.17 करोड़ हड़पे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के कस्बा** इंद्री में इमिग्रेशन के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। इंद्री में इमिग्रेशन की फर्म चलाने वाली महिला ने पुलिस में शिकायत दी कि एक व्यक्ति ने विदेश भेजने के नाम पर उसके ग्राहकों से 1.17 करोड़ रुपए हड़प लिए। आरोपियों ने ग्रीस का टूरिस्ट वीजा दिलाने का झांसा दिया और नकली वीजा देकर उनके साथ धोखाधड़ी की। जब इस मामले में जवाब मांगा तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकियां देनी शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी गई है। इंद्री निवासी श्वेता ने बताया कि उसे एक बुक के जरिए ठगों का नंबर मिला था, जिस पर संपर्क करने के बाद कुलदीप नामक व्यक्ति से बात हुई। उसने ग्रीस का टूरिस्ट वीजा दिलाने का दावा किया और भरोसा दिलाया कि उसके रिश्तेदार वीटीएस (विजा एप्लिकेशन सेंटर) में ऊंचे पदों पर हैं, जो बिना अप्वाइंटमेंट अंदर जाने की अनुमति दे सकते हैं। यह सुनकर पीड़िता ने अपने ग्राहकों के लिए इस सेवा का उपयोग करने का निर्णय लिया।उसने बताया कि 16 दिसंबर 2024 को पहली अप्वाइंटमेंट तय की गई, जिसमें आरोपी का कर्मचारी इमिग्रेशन ऑफिस से पासपोर्ट और पैसे लेकर चला गया। 20 दिसंबर को दूसरी अप्वाइंटमेंट हुई, जिसमें आरोपी ने एक ग्राहक का वीजा दिखाया और इसके बदले 10 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद 30 दिसंबर को जसबीर और हरमिंद्र नाम के दो अन्य ग्राहकों के वीजा लेकर आए और उनसे 20.50 लाख रुपए ऐंठ लिए।

# उपायुक्त ने पार्टियों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत। चुनाव की** निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं मतदाता सूची में सुधार व सुझाव के लिए शुक्रवार को उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने लघु सचिवालय के प्रथम तल के कॉन्फ्रेस हॉल में राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की व मतदाता सूची मे सुधारों पर चर्चा की। उपायुक्त ने जिलें के सभी एसडीएम को निर्देश दियें कि वो सभी बीएलओ के साथ मीटिंग कर उन्हें आदेश दे कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची को वेरिफाई करें। मतदाता सूची में किसी भी मृत व्यक्ति की वोट न मिले। किसी भी व्यक्ति की अगर ड़बल वोट है। तो उसे तुरंत हटाया जाए और जो व्यक्ति स्थायी रूप से




स्थानांतरित हो गया है, उसकी भी वोट मतदाता सूची से हटा दी जाएं। उपायुक्त ने सभी राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियों से आहवान किया कि वो अपनी पार्टियों के जिलें में पदाधिकारियों के नाम, पार्टी कार्यालय का स्थायी पता, पार्टी के कार्यालय का फोन नंबर, ई-मेल आईडी, व बूथ स्तर पर सभी पार्टियां अपने प्रतिनिधि बनाए जो बीएलओ के साथ मिलकर कार्य करें। जिससे मतदाता सूची मे सुधार के लिए राजनैतिक पार्टियों का सहयोग प्रशासन को मिल सकें। जिससे चुनाव की निष्पक्षता व पारदर्शिता बनी रहें। उपायुक्त ने राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियो के साथ बूथ की जगह से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की। इस मौके पर एसडीएम खरखौदा डॉ. निर्मल नागर, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, निर्वाचन तहसीलदार दिनेश शर्मा, निर्वाचन कानूनगो पूजा शर्मा, भाजपा गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, कांग्रेस से संदीप, व अन्य पर्टियों के पदाधिकारी मौजूद रहें।

**चर्चा**

राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की व मतदाता सूची मे सुधारों पर चर्चा की

# कैंट बस स्टैंड इंचार्ज ने यात्री का बैग लौटाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: अम्बाला अंबाला** छावनी बस स्टैंड पर लगभग 3 बजे रोडवेजक कर्मचारी अनिल कुमार शर्मा को एक अज्ञात बैग मिला। जिसमें नगदी व कुछ जरूरी कागजात था। बैग संबंधी अनाउंसमेंट करवाई गई। डायरी से एक कॉन्टेक्ट नंबर देखकर फोन किया तो पता चला कि यात्री अहमदाबाद का था और करनाल से आते हुए अंबाला कैंट परिसर में उसका बैग गिर गया था। यात्री को बस स्टैण्ड ईचार्ज भीम सिंह की देख रेख में बैग लौटाया गया।



इस दौरान यात्री भी अपना बैग पाकर खुश था। यात्री का कहना था कि उसे पता ही नही चला कि कब उसका बैग गिर गया। लेकिन अंबाला रोडवेज कर्मचारियों की कर्तव्य निष्ठा से आज उसका बैग उसे फिर से मिल गया है। यात्री ने हरियाणा रोडवेज का आभार जताया। जिसके प्रयासों से उसे बैग फिर से मिल सका है।

# सम्मानित, अधिकारियों को दिए समय रहते प्रबंध करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र,: उपायुक्त नेहा सिंह** ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 23 मार्च को दोपहर 12 बजे हरियाणा कला परिषद के सभागार से आबकारी एवं कराधान विभाग की एकमुश्त व्यवस्थापन योजना का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बार एसोशिऐशन, चार्टड एकाउंटेंट और प्रदेश के व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम को लेकर पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था, नगर परिषद स्वच्छता, जनस्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, हरियाणा कला परिषद के साथ-साथ अन्य विभाग अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित सभी तैयारियां समय रहते पूरी करेंगे। सभी अधिकारी आपसी तालमेल के साथ समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध पूरा करना सुनिश्चित करेंगे। इस मामले में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जीएसटी लागू होने से पहले वैट व अन्य टैक्स भरने वाले व्यापारियों को राहत देने के लिए विभाग एक मुश्त व्यवस्थापन योजना को शुरू करने जा रहा है।

# मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों का किया चेकअप

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला छावनी: अंबाला** छावनी के नागरिक अस्पताल में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त बच्चों की मेडिकल जांच के लिए कैंप का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. हरमन ने बताया कि इस प्रकार की मांसपेशी संबंधी बीमारियां तब होती हैं जब कोई जीन डिस्ट्रोफिन नामक प्रोटीन बनाने में विफल हो जाता है, जो मांसपेशियों के गतिशील भाग को शरीर को एक साथ रखने वाले ऊतकों से जोड़ने में मदद करता



है। उन्होंने बताया कि आज इस कैंप में बच्चों के सभी जरूरी टेस्ट किए गए और उनका वैक्सीनेशन किया गया। उन्होंने बताया कि सभी टेस्ट व चेकअप एक ही जगह पर किए गए ताकि पेरेंट्स को बच्चों को इधर उधर ले जाने में दिक्कत न हो। इस कैंप बच्चों के यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए पेरेंट्स को परामर्श दिया। वहीं अभिभावकों ने बताया कि यह सरकार की अच्छी पहल है।

# एनडीपीएस एक्ट के मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला पुलिस** की एंटी नारकोटीक सेल टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर आरोपी मोहसीन उर्फ काला पुत्र नसीम वासी गंगोह थाना गंगोह जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। मामले में गिरफ्तार किए गए दो आरोपी मोहसीन उर्फ कला इससे स्मैक खरीद कर लाए थे। सेल इंचार्ज उप निरीक्षक हिम्मत सिंह की अध्यक्षता में टीम द्वारा पहले दो आरोपियों राशिद पुत्र अनवर निवासी गांव नया कुंडा, थाना गंगोह, सहारनपूर युपी और मुश्तकिम वासी गांव बसेड़ा, थाना कैराना, शामली यूपी को पहले ही 271.31 ग्राम हीरोइन (स्मैक) के साथ गिरफ्तार करके एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# किसानों ने सीएम भगवंत मान का पुतला फूंका

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: एमएसपी गारंटी** कानून सहित किसानों की दर्जनों मांगों को लेकर धरनारत किसानों को पंजाब की भगवंत मान सरकार द्वारा धोखे से मीटिंग में बुलाकर व चोरी-छिपे बॉर्डर खाली करवाने के विरोध में किसानों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए आज अंबाला शहर अनाज मंडी के बाहर भगवंत मान सरकार का पुतला फूंका। किसानों ने कहा कि इतिहास में पहली बार हुआ है, जबकि किसी मुख्यमंत्री ने इस प्रकार के हथकंडे अपनाकर किसानों को जबरन बॉर्डर से हटाया हो। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से एमएसपी गारंटी कानून सहित तमाम मांगों को



लेकर 7वें दौर की वार्ता चल रही थी, लेकिन उससे पहले ही पंजाब की भगवंत मान सरकार ने पहले धोखे से किसानों को मीटिंग के लिए बुलाया और पीछे से दोनों बॉर्डरों शंभू व खनौरी पर शांतिपूर्वक तरीके से बैठे किसानों को हिरासत में लेकर किसानों की पीठ में छुर्रा घोंपने का काम किया है, जिसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार ने ये घिनौता कृत्य किसके इशारे पर किया है, ये सोचने वाली बात है, क्योंकि जो मुख्यमंत्री कल तक किसानों के हित की बात करता था, आज वो किसानों का विरोधी कैसे हो गया। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार का ये निर्णय कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने पंजाब सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द हिरासत में लिए गए किसानों को नहीं छोड़ा गया तो किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। वहीं प्रदर्शन कर रहे किसान मंजीत सिंह ने कहा कि रास्ता सरकार ने बंद किया था न कि किसानों ने। वहीं किसान सिर्फ अपनी मांगों को सरकार से पूरा करवाने के लिए प्रदर्शन कर रहे थे। ऐसे में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों के लिए आवाज उठाना हर नागरिक का हक है। किसानों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक वह अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे। किसान नेताओं ने गिरफ्तार साथियों की तत्काल रिहाई की मांग की है।

# जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन कल से

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन)**
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरु युवा केंद्र संगठन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन कल से होगा । युवा संसद में अतिविशिष्ट मेहमान के तौर पर डॉ अर्चना गुप्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा हरियाणा, कोमल सैणी महापौर पानीपत, दुष्यंत भट्ट जिला अध्यक्ष पानीपत और गजेन्द्र सलूजा अध्यक्ष करनाल लोकसभा निगरानी समिति एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा पानीपत कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे । इस संसद का आयोजन देश भर के 301 जिलों में हो रहा है जिसमें हरियाणा के 8 जिले शामिल है और इनमें से पानीपत और सोनीपत जिलों की जिम्मेदारी सनातन धर्म कॉलेज पानीपत को मिली है । जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का थीम ह्यएक राष्ट्र एक चुनावः विकसित भारत की ओर एक कदमह्न है । युवा संसद में पानीपत और सोनीपत जिले के 18 से 25 वर्ष की आयु के 150 प्रतिभागी भाग ले रहे है जिसमें से 75 प्रतिभागी कल हिस्सा लेंगे । युवा संसद में भाग लेने के लिए 513 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई जिनमें से सर्वश्रेष्ठ 150 को चयनित किया गया है।

# आधुनिकता में अधिकारी निभाये अपनी बेहतरीन भूमिका: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब** सिंह ने प्रदेश के लोगों के लिए बहुत ही कम समय में उनके जीवन में सुधार करने को लेकर शानदार अवसर प्रदान किये है। पूरे प्रदेश में जनता समाधान शिविर के तहत लोगों की समस्याओं का अधिकारी समाधान करके में अधिकारी अपने कौशल का परिचय दे रहे हैं। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने शुक्रवार को जिला सचिवालय सभागार समाधान शिविर में अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओ का मौके पर जिस गति से समाधान हो रहा है उससे आम जन का



समाधान शिविर के प्रति हौंसला बढ़ा है। अधिकारियों के सही दिशा में किये जा है प्रयास से बड़ी मात्रा में लोगों को लाभ पहुंचा रहा है। यह समाधान शिविर अधिकारियों के प्रयासों से आमजन को इंसपायर कर रहा है व समाज में इसके सकारात्मक बदलाव से लोग खुश है। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को उमंग, उत्साह व हौंसले के साथ इस समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का समाधान तत्परता से करना है। अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय देते हुए बदलते इंडिया व नए भारत में अपनी भूमिका बेहतर तरीके से निभानी है। उपायुक्त ने कहा कि इस जनता समाधान शिविर के प्रति आम जन में करेज बनता जा रहा है। दूर-दराज के लोग भी अब समाधान शिविर में अपनी समस्याओं के सूाधान के लिए पहुंच रहे हैं। समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारी अपना बेहतर प्रदर्शन शिविर में कर रहे हैं। पूरे प्रशासन के अधिकारी अपने-अपने विभागों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिवादित व प्रयासरत हैं। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान कम से कम समय में हो। इसके लिए हमें और प्रयास करने की जरूरत है। अधिकारियों को खुद को मानसिक रूप से स्थिर रखना होगा। अधिकारियों के प्रयास से लोगों की जिस तरह समस्याओं का समाधान हो रहा है। उससे लोगों के जीवन में बदलाव की बियार दिखाई देने पड़ लग गई है। अधिकारियों के सार्थक प्रयास, पारदर्शिता पूर्वक समस्याओं के किए जा रहे समाधान ने चुनौतीपूर्ण समस्याओं को सरल कर दिया है। समाधान शिविर में नगर निगम से सम्बंधित आई समस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम संयुक्त-आयुक्त डॉ. संजय व जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह ने कहा कि जिस गति से समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान हो रहा है व लोगों को जिस तरह से प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे जनता समाधान शिविर की गरिमा में और बढौतरी हुई है।

# यातायात नियम तोड़ने वाले तथा हुडदंगबाजी करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर: पुलिस अधीक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : यातायात नियमों को** ताक पर रखकर हुडदंगबाजी करने वालों को एक्शन होना तय है। ऐसे शरारती तत्वों कुरुक्षेत्र पुलिस पैनी नजर रखे हुए है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र वरुण सिंगला ने जिला पुलिस में नाकाबंदी करके ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ कारवाई करने के आदेश दिए थे। पुलिस अधीक्षक के आदेशों की पालना करते हुए जिला पुलिस का अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने हेतू चैकिंग अभियान लगातार जारी है। जानकारी देते



हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने अपने आदेश में कहा था कि नाकाबंदी के दौरान बुलेट से पटाखे बजाने वाले, ब्लैक फिल्म लगे वाहन, बिना नम्बर प्लेट तथा संदिग्ध वाहनों की गहनता से जाँच करें तथा नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई करें। आदेशों की पालना में यातायात पुलिस सहित पुलिस की विभिन्न टीमें अलग-अलग एरिया में चैकिंग अभियान चला रही है।

# टी.बी. के खिलाफ कलंक को समाप्त करने के लिए समुदाय बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली उत्तर पूर्वी** दिल्ली स्थित गंगा विहार में प्रतिष्ठा युवा संगठन एवं दिल्ली टीबी एसोसियेशन द्वारा संयुक्त रूप से विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च के उपलक्ष्य में (टी.बी.) के खिलाफ कलंक को समाप्त करने के लिए समुदाय बैठक का आयोजन किया कार्यक्रम में करावल नगर चेस्ट क्लीनिक जिला टीबी अधिकारी डॉ प्रमोद तायल, प्रतिष्ठा युवा संगठन संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित कुमार भारतीय, पी एस कुमार प्रशासनिक अधिकारी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हरिओम शर्मा दिल्ली टीबी एसोसियेशन, समाज सेवी सुभाष शर्मा, सिंघल अणुव्रत महासमिति पूर्व अध्यक्ष बाबू लाल गोलछा, निवर्तमान अध्यक्ष अणुव्रत समिति ट्रस्ट श्री शांतिलाल पटावरी, बाबू लाल, समाज सेवी हीरा लाल शर्मा, वरुण तावड़ा,





गोकल पुर विधान सभा पूर्व प्रत्याशी प्रवीण निमेष, महिला मोर्चा अध्यक्ष रजनी एवं वंदना शर्मा उपस्थित रहे वहीं कार्यक्रम में 125 से अधिक महिलाओं, युवतियों व आम लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा संचालन प्रतिष्ठा युवा संगठन जिला अध्यक्ष गाजियाबाद अरविंद कुमार ने किया सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने बच्चों द्वारा मंत्र उच्चारण से दीप प्रज्वलित कर स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया तथा सभी अतिथियों को प्रतिष्ठा युवा संगठन द्वारा अंगवस्त्र, माला और प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया मोहित भारतीय ने बताया कि दिल्ली टीबी एसोसियेशन और प्रतिष्ठा युवा संगठन के साथ मिलकर हम (टी.बी.) के खिलाफ कलंक को समाप्त करने के लिए प्रयास कर रहे हैं जिसके लिए आज समुदाय बैठक आयोजित की गई हैं जिससे आम लोगों को जागरूक कर हम टीबी को भारत से मुक्त कर सकते है डॉ प्रमोद तायल ने बताया कि यह हवा के माध्यम से फैलने वाला रोग है इसके लक्षण है दो सप्ताह से अधिक की खाँसी जो साधारण उपचार से ठीक ना हो, हल्का बुखार रहता हो, भूख कम लगती हो, वजन घट रहा हो या बलगम अथवा बलगम के साथ खून आता हो तो पास के चेस्ट क्लीनिक पर जा कर जाँच अवश्य करवा लें जिससे समय रहते इस बीमारी का पता कर इसे फैलने से रोका जा सकता है साथ कई गलत धारणा भी आम लोगों में बनी हुई हैं जिसे समाप्त करने हम अभियान भी चला रहे हैं पी एस कुमार ने बताया कि इसकी जाँच व पूरा ईलाज दिल्ली के सभी डॉट सेन्टरों पर मुफ्त दिया जाता है इसके बचाव के लिए रोगी को खॉसते, छीकते समय मुँह व नाक को रूमाल से ढके, रोगी यहाँ वहा ना थूके, रोगी को धूम्रपान, मदिरा व नशीली वस्तुओं का प्रयोग नहीं करना चाहिए व रोगी को क्षय रोग का पूरा ईलाज 6 से 8 माह तक डॉक्टर की सलाह व देख रेख में लेना चाहिए तथा बीच मे ईलाज को अधूरा न छोड़े नहीं तो यह लाईलाज बीमारी के रूप मे हो सकती हैं टीबी के कलंक मरीज को होने के वजह से इलाज में बाधा आ सकती हैं इसका इलाज पुरा सम्भव है हरिओम ने बताया कि समय समय पर हम संगठन के साथ मिलकर स्वयं सेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं जिससे वह ऐसे लोगों को जिनके लक्षण क्षय रोग से मिलते जुलते हुए लगे तो उनको नजदीक के डॉट सेन्टर पे भेज कर जॉच के लिए प्रेरित करें और पुष्टि होने पर कैसे आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं और ध्यान भी रखेगा कि वो समय पे पूरा ईलाज ले पलक और अंजलि ने बताया कि जब हम प्रतिष्ठा युवा संगठन के जागरूकता कार्यक्रम मे प्रतिभागी के रूप से जुड़े थे तब हमे पता चला कि अगर इसका सही ईलाज नहीं लिया जाये तो यह एक व्यक्ति से कई व्यक्तियों को ग्रसित कर सकता है साथ ही महिलाओं ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए वहीं जिन महिलाओं ने कुछ वर्षों में उत्कृष्ट कार्य किया उनको प्रतिष्ठा युवा संगठन द्वारा प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया जिसमें सीमा कश्यप, मधु शर्मा, सन्तोष गर्ग, मिथलेश जायसवाल, मुस्कान, पलक, अंजलि, स्नेहा गुप्ता, काजल, अंशिका जैन, सुशीला, दीक्षा शर्मा, मोनिका शर्मा, आदि शामिल रहे।

# सरकार भूमिगत जलाश्य पर बात करने के साथ हरियाणा सरकार से यमुना का अधिक पानी छोड़ने पर सहमति बनाए: देवेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में भूमिगत जल का स्तर नीचे पहुँचने पर भाजपा सरकार को राजधानी में जलाश्यों को बढ़ाने और भूमिगत जल संग्रहण पर योजनबद्ध तरीके से काम करना होगा। दिल्ली में दस्तावेजों में 1367 जल निकाय है जबकि वर्ष 2021 के राजस्व रिकार्ड अनुसार 1045 जल निकायों की पहचान की गई थी और जीएडीएल द्वारा अन्य 322 जल निकायों की पहचान हुई। जबकि जमीनी हकीकत में देखा जाए तो 1045 में 631 ही



अस्तित्व में है और 43 जल निकाय ही पानी का मुख्य श्रोत बने हुए हैं और 237 जल निकाय ही उपयोग करने योग्य बचे हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार जल निकायों को संरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाए क्योंकि लोगों ने जल निकायों पर अतिक्रमण कर लिया है और कहीं सरकारी एजेंसियों ने निर्माण कर लिए हैं व कई जगहों पर कचरा डालकर जल निकायों को नष्ट कर दिया है। इनके सरंक्षण का काम सिर्फ कागजों में है। आम लोग, औद्योगिक इंकाईयां और सरकारी एजेंसियां कई जल निकायों में कचरा डालकर उनके पानी को प्रदूषित कर रहे है जिसे रोकने के लिए वेटलैंड नियम 2017 के तहत अधिसूचित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार को भूमिगत जल संग्रहण और जल निकायों को पुनः जीवित करने और जल निकायों में बढ़ोत्तरी करके दिल्ली की जनता के लिए जलापूर्ति का काम करें। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस पहले से ही मांग कर रही जल रिसाव और चोरी से पानी की 58.28 प्रतिशत की बबार्दी के कारण दिल्ली वालों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। जल रिसाव से दिल्ली जल बोर्ड को 17575 करोड़ राजस्व का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि जल मंत्री प्रवेश वर्मा का फैंसला कि जल वितरण स्थलों की सूची बनाकर उचित दस्तावेजीकरण किया जाए और जलापूर्ति को मजबूत बनाने के लिए टैंकरों की ट्रिप संख्या बढ़ाकर 16 प्रतिदिन किया जाए।

# एम्स नई दिल्ली ने स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा में एक मानक स्थापित किया है : राष्ट्रपति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी** मुर्मु ने शुक्रवार को भारत मंडपम में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के 49वें दीक्षांत समारोह में कहा कि एम्स नई दिल्ली ने स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा में एक मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि आज स्नातक होने वाले डॉक्टर और शोधकर्ता हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि एम्स गीता के कर्मयोग की चलती हुई प्रयोगशाला है। दीक्षांत



समारोह के दौरान विभिन्न विषयों में कुल 1,886 डिग्रियां प्रदान की गईं, जिनमें 77 पीएचडी स्कॉलर, 363 डीएम एवं एमसीएच विशेषज्ञ, 572 एमडी, 76 एमएस, 49 एमडीएस, 74 फेलोशिप, 172 एमएससी, 191 एमबीबीएस और 312 बीएससी शामिल हैं।
एम्स में सराहनीय सेवाओं के लिए 8 डॉक्टरों को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। 28 छात्रों और डॉक्टरों को पदक और पुस्तक पुरस्कार जबकि 9 को प्रशंसा पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एम्स एक गौरवपूर्ण मेड-इन-इंडिया सफलता की कहानी है और यह पूरे देश में अनुकरणीय मॉडल है। यह विशेष रूप से कोविड-19 जैसी महामारी के समय में पथप्रदर्शक अनुसंधान में सबसे आगे रहा है। उन्होंने कहा, ह्लएम्स की जिम्मेदारी स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और अनुसंधान से परे है। यह एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देने तक फैली हुई है जहां हर हितधारक की आवाज सुनी जाती है, जहां संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाता है और जहां उत्कृष्टता आदर्श है।

# वर्मा का हाई कोर्ट ट्रांसफर जांच प्रक्रिया से अलग: कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट** का कहना है कि दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर हुई घटना के संबंध में गलत सूचना और अफवाहें फैलाई जा रही हैं। जस्टिस वर्मा का इलाहाबाद हाई कोर्ट में तबादला किये जाने के बारे में बताया गया है कि यह फैसला स्वतंत्र और आंतरिक जांच प्रक्रिया से अलग है। दूसरी ओर दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से नकदी बरामद होने पर आश्चर्य जताया है। सुप्रीम कोर्ट ने आज एक बयान में कहा कि जस्टिस यशवंत वर्मा दिल्ली हाई कोर्ट में दूसरे सबसे



वरिष्ठ न्यायाधीश और कॉलेजियम के सदस्य हैं। उन्हें उनके मूल हाई कोर्ट यानी इलाहाबाद हाई कोर्ट में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव स्वतंत्र और आंतरिक जांच प्रक्रिया से अलग है। इलाहाबाद हाई कोर्ट में वह वरिष्ठता में नौवें स्थान पर होंगे। बयान में यह भी कहा गया कि भारत के चीफ जस्टिस और सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठ जस्टिस वाले कॉलेजियम ने 20 मार्च को इस प्रस्ताव की जांच की है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के परामर्शी न्यायाधीशों, संबंधित हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों और जस्टिस यशवंत वर्मा को पत्र लिखे गए। इन पत्रों पर मिलने वाली प्रतिक्रियाओं की जांच की जाएगी और उसके बाद कॉलेजियम एक प्रस्ताव पारित करेगा। दूसरी तरफ दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस उपाध्याय ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से नकदी बरामद होने पर आश्चर्य जताया है। आज चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष वकील रजत भारद्वाज ने कहा कि इस खबर से बड़ी संख्या में वकील दुखी हैं। भारद्वाज ने चीफ जस्टिस से इस मामले पर प्रशासनिक स्तर पर फैसला करने का आग्रह किया। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि कोर्ट भी इस खबर से दुखी है। भारद्वाज ने कहा कि हाई कोर्ट को ऐसा कदम उठाना चाहिए कि आगे ऐसी बातें दोहराई नहीं जा सके। उन्होंने कहा कि हम न्यायपालिका का सम्मान करते हैं। दरअसल, जस्टिस यशवंत वर्मा के घर आग लगने के बाद अग्निशमन विभाग ने कैश बरामद किया था। इसी खबर के बाद सवाल उठने लगे। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा का दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने की अनुशंसा की थी। इस मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट ने एक बयान जारी कर कहा कि जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से नकदी बरामद होने की खबर से उनके इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने की अनुशंसा का कोई संबंध नहीं है।

# खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025: तमिलनाडु के रमेश शंगुमन ने एथलेटिक्स में जीता पहला स्वर्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। तमिलनाडु के** रमेश शंगुमन ने शुक्रवार को खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 के दूसरे दिन एथलेटिक्स में ट्रैक और फील्ड स्पधाओं में अपने राज्य को शानदार शुरूआत दिलाई। पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी चेन्नई के शंगुमन ने खेलों का पहला स्वर्ण जीता और यह पुरुषों की 800 मीटर टी53/टी54 स्पर्धा में आया। खबर लिखे जाने तक, 31 स्वर्ण पदकों का फैसला हो चुका था और तमिलनाडु ने उनमें से आठ जीते थे। महाराष्ट्र (पांच स्वर्ण) और हरियाणा (चार स्वर्ण) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर थे। शुक्रवार को एथलेटिक्स की विभिन्न श्रेणियों में 44 फाइनल होने हैं। तिरुचिरापल्ली के मन्नथमपट्टी गांव के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले शंगुमन को उस समय बड़ा झटका लगा जब आठ साल की उम्र में एक ट्रक दुर्घटना में उनके पैर कट गए। हालांकि, उन्होंने इस झटके को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और खेलों में शामिल हो गए। उन्होंने पैरा बास्केटबॉल खिलाड़ी के रूप में शुरूआत की, लेकिन फिर व्हीलचेयर रेसिंग में चले गए। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपनी जीत के बारे में साई मीडिया से बात करते हुए शंगुमन ने कहा, "मैंने अपने जीवन में बहुत संघर्षों का सामना किया है। मुझे कुछ हासिल करना है। हर दिन बस आता है और चला जाता है। लेकिन मुझे अपना नाम बनाने की इच्छा थी। मुझे खुद को साबित करना है। मैं हर दिन खुद को प्रेरित करता हूं। अब मेरे माता-पिता बहुत खुश हैं। 2023 में पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स में मैंने कांस्य पदक जीता था लेकिन इस बार मैंने स्वर्ण पदक जीता। मेरा परिवार मेरा बहुत बड़ा सहारा है। उनके बिना, मैं पदक विजेता नहीं बन पाता।" उधर, इंदिरा गांधी स्टेडियम में पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता का यह दूसरा दिन था।

# भाजपा राज में हो रहा है दिल्ली में विकास: उमाकान्त शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। वजीरपुर मंडल** भाजपा के अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है, आज दिल्ली सहित देश में विकास ही विकास देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद विधायकों द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहे हैं और कई जगह पर औचक निरीक्षण भी किया जा रहा हैं। उन्होंने यह बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी को साथ लेकर चलती है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अब गांव में विकास हुआ है, सड़कों की स्थिति में सुधार हुआ है उससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग काफी ज्यादा खुश हैं। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया था, अब दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद दिल्ली में विकास की लहर चली है और दिल्ली की जनता को सुविधा मिलना शुरू हुआ है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने पीसी एंड पीएनडीटी पोर्टल लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक दिवसीय 'स्टेट लेवल वर्कशॉप ऑन द इफेक्टिव इम्प्लीमेंटेशन ऑफ पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट' कार्यशाला में भाग लिया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने पीसी एंड पीएनडीटी ऑनलाइन पोर्टल को लॉन्च किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल (https://pcpndt.delhi.gov.in/) के शुरू होने से पारदर्शिता बढ़ेगी, भ्रूण जांच की सख्त निगरानी होगी। यह पूर्व गभार्धान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (पीसी एंड



पीएनडीटी एक्ट) के प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पोर्टल रियल टाइम में डायग्नोस्टिक केंद्रों की निगरानी करेगा, जिससे मैन्युअल प्रक्रिया को डिजिटल सिस्टम से बदलकर जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इस पोर्टल के माध्यम से यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी डायग्नोस्टिक सेंटर कानून का पालन करें और अल्ट्रासाउंड तकनीक का दुरुपयोग लिंग जांच में न हो। यह पोर्टल अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों के लिए फॉर्म-एफ ऑनलाइन भरने, लोगों के लिए शिकायत दर्ज करने, जांच और कार्रवाई की डिजिटल निगरानी करने और नियमों के पालन की रियल टाइम जानकारी देने की सुविधा देगा। इससे सरकार को डायग्नोस्टिक सेंटर्स पर निगरानी रखना और नियम लागू करना आसान और असरदार होगा। इस मौके पर मंत्री ने लिंग समानता और बालिका सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस डिजिटल पहल के सफल लॉन्च के लिए अधिकारियों को बधाई दी और कहा कि यह दिल्ली के लिंगानुपात (922) में सुधार में मदद करेगा। साथ ही उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि 'लिंग जांच का मुद्दा समाज के लिए एक अभिशाप है, जो वर्षों से गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है।

# राष्ट्रपति भवन में पर्पल फेस्ट का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिव्यांगजनों** की प्रतिभा, उपलब्धियों और आकांक्षाओं का जश्न मनाने के लिए शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में एक दिवसीय ह्यपर्पल फेस्टह्ण का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महोत्सव का दौरा किया और दिव्यांगजनों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को देखा। इस मौके पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि वंचित वर्ग के प्रति संवेदनशीलता किसी देश या समाज की प्रतिष्ठा निर्धारित करती है।

करुणा, समावेशिता और सद्भावना हमारी संस्कृति और सभ्यता के मूल्य रहे हैं। हमारे संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक न्याय, समान दर्जे और व्यक्ति की गरिमा की बात कही गई है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारत सरकार सुगम्य भारत अभियान के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। आगंतुकों के लिए दिन भर विभिन्न गतिविधियां जैसे खेल, डिजिटल समावेशन और उद्यमिता पर कार्यशालाएं, एबिलिम्पिक्स, रचनात्मक कार्यक्रम और सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया।

# वर्ष 2032 तक 1.91 लाख सर्किट किलोमीटर पारेषण लाइन जोड़ने की योजना: मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। केंद्रीय विद्युत** मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने वर्ष 2032 तक करीब 1.91 लाख सीकेएम (सर्किट किलोमीटर) विद्युत पारेषण लाइन और 1,274 जीवीए परिवर्तन क्षमता जोड़ने की योजना बनाई है। विद्युत मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने बिजली मंत्री ने बिजली मंत्रालय से संबंधित संसदीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्?होंने कहा कि वर्ष 2047 तक



विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में बिजली एक महत्वपूर्ण घटक है। इस बैठक का विषय "राष्ट्रीय विद्युत योजना - ट्रांसमिशन" था। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता करते कहा कि राष्ट्रीय विद्युत योजना वर्ष 2023 से वर्ष 2032 की अवधि के दौरान देश में जोड़े जाने वाले आवश्यक पारेषण व्यवस्था का विवरण प्रदान करती है, जो देश में बिजली की मांग में वृद्धि और उत्पादन क्षमता के अनुरूप है। इस बैठक में लोकसभा और राज्यसभा के विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों ने भाग लिया। इस बैठक में आरओडब्ल्यू (मार्ग का अधिकार), विद्युत पारेषण में नई प्रौद्योगिकियों, साइबर सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान सांसदों ने विभिन्न पहलों और योजनाओं के बारे में कई सुझाव दिए। उन्होंने देश में विद्युत पारेषण नेटवर्क के विस्तार में बिजली मंत्रालय की पहलों और प्रयासों की भी सराहना की।

# भाजपा अध्यक्ष की चेतावनी- आतिशी माफी मांगे या कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा** के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष आतिशी मालेर्ना द्वारा सोशल साइट् पोस्ट में भाजपा नेताओं पर कमीशन मांगने के आरोप की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री या तो माफी मांगे या कानूनी कार्रवाई का सामना करने को तैयार हो जाए। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दस साल तक रात-दिन दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल को एक ही राग अलापते सुनती रही कि केंद्र सरकार और अधिकारी



हमें काम नहीं करने दे रहे हैं। वहीं जनता आज आम आदमी पार्टी के नेता आतिशी मालेर्ना को यह कहते देख आश्चर्यचकित है कि हमारी सरकार ने दिल्ली में अधिकारियों के सहारे नए स्कूल, अस्पताल एवं फ्लाईओवर बनाए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आतिशी एवं उनके राजनीतिक आका अरविंद केजरीवाल बताएं कि यदि उनकी सरकार ने कमीशनखोरी रोकी थी तो दिल्ली जल बोर्ड बर्बाद क्यों हुआ, क्यों पूरी दिल्ली 2024 के मानसून में जलजमाव से त्रस्त हुई, क्यों दिल्ली की सड़कें टूटी बदहाल हैं, क्यों दिल्ली में 10 साल में एक नया अस्पताल नहीं बना, क्यों दिल्ली के स्कूलों में विज्ञान एवं कॉमर्स नहीं पढ़ाये गए। आखिर क्यों दिल्ली के लगभग सभी तत्कालीन मंत्री एवं खुद अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल और जमानत है।

# आर्थिक व्यवस्था में खनिज क्षेत्र का अहम योगदान

## 'प्रदेश में नीलामी योग्य प्रमुख खनिज ब्लॉक एवं अन्वेषण संभावना ' विषयक कार्यशाला का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
**लखनऊ:** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की 'प्रदेश में नीलामी योग्य प्रमुख खनिज ब्लॉक एवं अन्वेषण संभावना' विषयक कार्यशाला में प्रतिभाग किया। मुख्य सचिव ने सोनभद्र जिले में लौह अयस्क के दो ब्लाक एवं लाईमस्टेन के एक ब्लॉक समेत कुल तीन ब्लॉक की नोटिस इन्वाइटिंग टेंडर (एनआईटी) को लांच किया। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आर्थिक व्यवस्था में खनिज क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में उपलब्ध खनिज संपदा को विधिवत और वैज्ञानिक तरीके से अन्वेषण और दोहन करने की जरूरत है, इससे प्रदेश को आय



का अच्छा स्रोत मिल सकता है और इसका प्रभाव निर्माण उद्योग (कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री) पर भी पड़ेगा। उम्मीद कि आज की वर्कशाप से मेजर मिनरल्स में हमारी और सहभागिता बढ़ेगी। उन्होंने अपने अभिभाषण में अन्वेषण कार्य में लगीं सभी सरकारी व प्राइवेट एजेन्सियों को प्रदेश में खनिजों की खोज के लिए अधिक से अधिक कार्य किये जाने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने उद्यमियों को प्रदेश सरकार की उदार नीति के बारे में अवगत कराते हुए प्रदेश में पूँजी निवेश कर उद्योग स्थापित किये जाने के लिए भी आमंत्रित किया।
कार्यशाला में सचिव, भूतत्व एवं

**प्रस्तुतीकरण**

**प्राइवेट अन्वेषण संस्थाओं ने प्रदेश में खनिजों के अन्वेषण के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण व विचार-विमर्श किया**

खनिकर्म माला श्रीवास्तव ने विभाग की नीतियों आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने विभिन्न अन्वेषण संस्थाओं को प्रदेश में मुख्य खनिज तथा उपखनिज का अन्वेषण कार्य किये जाने के लिए आमंत्रित किया।
कार्यशाला में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, एम.ई.सी.एल., आई.बी.एम., एन.एम.ई.टी., विभिन्न प्राइवेट अन्वेषण संस्थाओं ने प्रदेश में खनिजों के अन्वेषण के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण व विचार-विमर्श किया।
कार्यशाला में एम.ई.सी.एल. से इन्द्र देव नारायण सिंह, जी.एस.आई. से वी.पी. गौर, आई.बी.एम. से सुदीप रंजन मजुमदार, एन.एम.ई.टी. से सेबाब्राता दास, अपर निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म नवीन कुमार दास, यू.पी.आर.सेक से अनिरुद्ध उनियाल, विश्वविद्यालय से भूविज्ञान विधा के विभागाध्यक्ष ध्रुवसेन सिंह, मुख्य खनिज के ब्लाक धारक संतोष शुक्ला, शशिशेखर र व अभिजीत आदि तथा उद्यमियों मेसर्स अल्ट्राटेक, एचएसएम कॉमर्स प्रा.लि., आरएचएसएम, लीलाकृष्णा प्रा.लि., कुन्दन केयर प्रोडक्ट्स लि., मामको प्रा. लि.ने प्रतिभाग किया।

# एक्सएलआरआई आयोजित करेगा एआई कॉन्क्लेव

टीम एक्शन इंडिया
**जमशेदपुर: एक्सएलआरआई** Jamshedpur, 22 मार्च 2025 को "एआई और बिजनेसः ट्रांसफॉर्मिंग स्ट्रैटेजी, इनोवेशन और लीडरशिप" थीम पर एआई कॉन्क्लेव 2025 आयोजित करने के लिए तैयार है। पीजीडीएम (जीएम) बैच द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम इस पर चर्चा करेगा कि एआई किस तरह व्यापार परिदृश्य को नया आकार दे रहा है, रणनीतिक निर्णय लेने से लेकर नेतृत्व में नवाचार तक।
व्यवसाय परिवर्तन के केंद्र में एआई होने के साथ, यह कॉन्क्लेव उद्योग जगत के नेताओं, एआई विशेषज्ञों और प्रबंधन पेशेवरों को एक साथ लाएगा ताकि एआई-चालित बदलावों और उभरते अवसरों पर चर्चा की जा सके। इस आयोजन में पैनल चर्चाएं, इंटरैक्टिव सत्र और नेटवर्किंग के अवसर शामिल होंगे, जिससे छात्रों, उद्योग पेशेवरों और शिक्षाविदों के लिए सहयोग करने का एक अनूठा मंच मिलेगा।
उद्घाटन संबोधन डॉ. (फादर) एस. जॉर्ज, एस.जे., निदेशक, छक्क द्वारा दिया जाएगा, जिसके बाद डॉ. (फादर) डोनाल्ड डीसिल्वा, एस.जे., डीन - प्रशासन एवं वित्त का संबोधन होगा।
"एआई और कार्य का भविष्यः नौकरियों और कौशल की नई परिभाषा" इस चर्चा में एक्सिस बैंक, अमेरिकन एक्सप्रेस, पीडब्ल्यूसी इंडिया, कैपजेमिनी, टाटा स्टील और माइक्रोसॉफ्ट के वक्ता शामिल होंगे, जो एआई के रोजगार पर प्रभाव, हाइब्रिड कौशल सेट और कार्यबल के पुनः कौशल विकास (रीस्किलिंग) पर विचार-विमर्श करेंगे।
"व्यवसाय परिवर्तन के लिए एआई" इस पीडब्ल्यूसी इंडिया, जियो, एटोस, टार्गेट इंडिया, माइक्रोसॉफ्ट और वेरिजॉन के विशेषज्ञ एआई-चालित स्वचालन, स्मार्ट निर्णय-निर्धारण और टिकाऊ व्यावसायिक विकास के लिए नैतिक एआई तैनाती पर अपने विचार साझा करेंगे।
कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए, एआई नेक्सस क्लब ने भविष्य के व्यवसायिक नेताओं को आकार देने में एआई के महत्व को रेखांकित कियाः
"एआई सिर्फ एक उपकरण नहीं है, बल्कि व्यवसाय परिवर्तन को संचालित करने वाली एक बुनियादी शक्ति है। यह कॉन्क्लेव प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त और जिम्मेदार नेतृत्व के लिए एआई के उपयोग पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।"
एआई नेक्सस क्लब द्वारा आयोजित एआई कॉन्क्लेव 2025 एक प्रभावशाली शिक्षण अनुभव बनने का वादा करता है, जिसमें व्यावहारिक अंतर्दृष्टि, वास्तविक दुनिया में एआई अनुप्रयोगों और जिम्मेदार एआई अपनाने पर गहन चर्चाएँ शामिल होंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स मार्च में 12 नए शोरूम खोलेगा

**रोहतक।** दुनिया का छठा सबसे बड़े आभूषण विक्रेता मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स भारत में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए मार्च 2025 तक 12 नए शोरूम खोलने की तैयारी में है. इस हालिया विस्तार से 13 देशों में कंपनी के कुल शोरूम की संख्या 391 तक पहुंच जाएगी और कंपनी की मौजूदगी भारत के 19 राज्यों तक हो जाएगी. ये नए शोरूम मुंबई के पनवेल, पुणे के सिंहगढ़ रोड, ओडिशा के ब्रह्मपुर रोड और सौभाग्य नगर, झारखंड के धनबाद, कर्नाटक के होस्पेट, नगरभवी और चित्रदुर्ग, आंध्र प्रदेश के नांदयाल, अमलापुरम और मछलीपट्टनम एवं उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित होंगे. मलाबार ग्रुप ने विस्तार के इस चरण में कुल 600 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और इस वित्त वर्ष में विभिन्न पदों पर 406 कर्मचारियों की नियुक्ति की है. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लोकप्रिय एक्टर और ब्रांड एंबेसडर एनटीआर जूनियर के साथ एक उपभोक्ता जागरूकता अभियान की शुरुआत की है. यह कैंपेन ब्रांड को एक जिम्मेदार ज्वेलर के रूप में रेखांकित करता है और टिकाऊ व्यवसायों असली हॉलमार्क वाली ज्वेलरी और प्रमाणित नेचुरल डायमंड्स को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता पर बल देता है. इस विस्तार को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, हमारी विस्तार योजना वैश्विक स्तर पर उपस्थिति बढ़ाने और क्वालिटी पर केंद्रित, पारदर्शी खुदरा प्रैक्टिस उपलब्ध कराते हुए दुनिया भर में अधिक से अधिक लोगों को विश्वस्तरीय खरीदारी अनुभव प्रदान करने के हमारे व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है. हम नैतिक व्यापार प्रथाओंऔर जिम्मेदार तरीके से सोर्सिंग करने को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और ये हमारे मूल्यों के केंद्र में हैं. हम जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे हैं और नए बाजारों में प्रवेश कर रहे हैं, ऐसे में हर शोरूम की शुरुआत से हम दुनिया के नंबर एक ज्वेलरी और लक्जरी ब्रांड बनने के अपने सपने को साकार करने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा रहे हैं.

### एचएमएसआई ने फतेहाबाद में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का किया आयोजन

**फतेहाबाद।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए फतेहाबाद, हरियाणा में जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस पहल के तहत, गवर्नमेंट आईटीआई के 1500 से अधिक छात्रों और स्टाफ सदस्यों को जिम्मेदार सड़क व्यवहार के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। फतेहाबाद में आयोजित इस अभियान में सेफ्टी राइडिंग लेसन, डेंजर प्रेडिक्शन ट्रेनिंग, खेल, क्विज, हेलमेट जागरूकता और राइडिंग ट्रेनर मॉड्यूल जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। इन इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा शिक्षा को न केवल दिलचस्प बनाया गया, बल्कि इसे व्यावहारिक रूप से भी प्रभावी बनाया गया, ताकि प्रतिभागी सड़क सुरक्षा दिशा-निर्देशों को सीखने के साथ-साथ सड़क पर जिम्मेदारी का भी पालन करें। एचएमएसआई ने इस पहल को सफल बनाने में गवर्नमेंट आईटीआई के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। छात्रों और स्टाफ सदस्यों की उत्साही भागीदारी ने जिम्मेदार सड़क व्यवहार के प्रति जागरूकता फैलाने और सुरक्षित सड़कों की दिशा में कार्य करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एचएमएसआई अपने चल रहे सड़क सुरक्षा अभियानों के माध्यम से अब तक हरियाणा में करीब 3 लाख वयस्कों और बच्चों तक पहुँच चुका है, जिन्हें सड़क पर सही निर्णय लेने के लिए व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया है। ऐसे अभियानों के माध्यम से, लटरकसड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और सभी के लिए जिम्मेदार ड्राइविंग व राइडिंग आदतों को प्रोत्साहित करने के अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है।



### तीन तस्कर 15 लाख के गांजा समेत गिरफ्तार

**प्रयागराज,21 मार्च (हि.स.)। नवाबगंज** थाना एवं बारांबकी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने तीन गांजा तस्करों को झोकरी गांव के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। तीनों के कब्जे से 103.50 किलोग्राम गांजा एवं 250 किलोग्राम अवैध भांग बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत 15 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में करीमुद्दीनपुर गांव निवासी प्रभाकर उपाध्याय, होलागढ़ थाना क्षेत्र के जूड़ापुर बीहर गांव निवासी मनीष कुमार मिश्रा उर्फ पिन्टू और होलागढ़ के बरई हरख गांव

# सरकार के आठ साल : शिक्षा का हुआ कायाकल्प,मिशन लेकर आगे बढ़ी

**लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव किए हैं। 2017 में सत्ता संभालने के बाद से प्राइमरी से लेकर उच्च शिक्षा तक को गुणवत्तापरक बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए। स्कूलों की बदहाल स्थिति को सुधारने से लेकर नए विश्वविद्यालयों की स्थापना तक, सरकार ने शिक्षा को सशक्त और समावेशी बनाने का संकल्प पूरा किया। योगी सरकार के 8 सालों में शिक्षा सिर्फ सुविधा नहीं, बल्कि एक मिशन बन गई है। ऑपरेशन कायाकल्प से लेकर विश्वविद्यालयों की स्थापना तक, हर कदम बच्चों और युवाओं को वैश्विक मंच पर तैयार करने की दिशा में उठाया गया है। यह बदलाव न केवल शिक्षा का स्तर ऊंचा कर रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है।
**ऑपरेशन कायाकल्प से मिली स्कूलों को नई पहचान**
बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के अनुसार 2017 में बच्चों के पास यूनिफॉर्म, जूते और बैग तक नहीं थे। योगी सरकार ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों का कायाकल्प किया। उन्हें आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा गया। इसका नतीजा सबके सामने है। आज 1.91



करोड़ बच्चों को दो यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते, बैग, साथ ही स्कूलों में स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, टॉयलेट और पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। हर साल अभिभावकों के खातों में सीधे धनराशि भेजी जा रही है।
**शिक्षा का किया गया आधुनिकीकरण:** पीएम श्री योजना के तहत 1,565 विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं दी जा रही हैं। 6,481 स्कूलों को नए सिरे से बनाया जा रहा है, ताकि बच्चों को बेहतर माहौल मिले। 57 कंपोजिट विद्यालयों के लिए बजट स्वीकृत किया गया है, जो प्री-प्राइमरी से 12वीं तक एक ही कैंपस में शिक्षा देंगे।
**बालिकाओं और ग्रामीण क्षेत्रों पर फोकस:** कस्तूरबा गांधी विद्यालय के तहत गरीब बालिकाओं के लिए 8वीं तक सीमित इन स्कूलों को 12वीं तक विस्तारित किया गया। बंटागिया गांवों में शिक्षा के प्रसार के लिए 22 प्राथमिक और 11 उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण, ग्रामीण बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा गया। अटल आवासीय विद्यालयों के अंतर्गत इंटीग्रेटेड कैंपस के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर प्रदान किया गया।
**उच्च शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण में क्रांति:** सहारनपुर, अलीगढ़, आजमगढ़, मीरजापुर, देवीपाटन और मुरादाबाद में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई, जिसमें से तीन शुरू हो चुके हैं। 150 आईटीआई में एआई, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन और रोबोटिक्स जैसे न्यू एज कोर्स शुरू किये गये। साथ ही 62 नए आईटीआई का भी निर्माण किया गया। यही नहीं, संस्कृत शिक्षा को भी बढ़ावा दिया गया, जिसके अंतर्गत पहली बार पूर्वा से आचार्य स्तर तक छात्रवृत्ति शुरू की गयी, विश्वविद्यालयों को

# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने मोबाइल बैंकिंग ऐप पर लॉन्च किया 'ऐस' फीचर स्मार्ट म्यूचुअल फंड निवेश अब हुआ आसान

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली: आईडीएफ**सी फर्स्ट बैंक ने अपने प्रीमियम मोबाइल बैंकिंग ऐप में एक नया फीचर लॉन्च किया है। 'ऐस' नाम का यह फीचर निवेशकों को सही म्यूचुअल फंड चुनने में मदद करने के लिए जरूरी जानकारियाँ और आसान टूल्स प्रदान करता है। साथ ही, यह फीचर यूजर्स को 'डिजिटल डीआईवाई इन्वेस्टिंग' के लिए सक्षम बनाने पर जोर देता है। ऐस फीचर के जरिए यूजर्स भारत के 2,500 से अधिक म्यूचुअल फंड्स की जानकारी हासिल कर सकते हैं। वे इक्विटी, डेट, टैक्स-सेविंग, हाइब्रिड और इंडेक्स फंड्स जैसी अलग-अलग कैटेगरीज में जाकर अपनी आवश्यकता के अनुसार सही फंड चुन सकते हैं और एक बेहतर पोर्टफोलियो बना सकते हैं।यह फीचर निवेशकों को एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करता है, जहाँ उन्हें इससे जुड़ी सार्वजनिक जानकारी, एक्सपर्ट इनसाइट्स और आसान निवेश प्रक्रिया, सब कुछ एक ही जगह पर मिल जाता है। ऐस फीचर इसे आसान बनाता है और साथ ही जरूरी जानकारी देकर आपको सबसे बेहतर परफॉर्म करने वाले फंड्स चुनने में मदद करता है।'सीनियर सिटिजन असिस्टेंस स्पेशल' फीचर सुरक्षित निवेश के लिए कम जोखिम वाले 'कंजर्वेटिव' फंड्स स्वचालित रूप से चुनता है। सीनियर सिटिजन चाहें तो अपने हिसाब से दूसरे फंड्स भी चुन सकते हैं। अब ग्राहक ई-सीएएस इलेक्ट्रॉनिक कंसॉलिडेटेड अकाउंट स्टेटमेंट सर्विस के जरिए अपने बाहरी म्यूचुअल फंड्स को भी लिंक कर सकते हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के डिजिटल बैंकिंग के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर, आशीष अंचलिया ने कहा, हम जानते हैं कि निवेश करना कई लोगों के लिए मुश्किल लग सकता है, विशेषकर जब 2,500 से ज्यादा म्यूचुअल फंड्स में से सही विकल्प चुनना हो।

### एंटी करप्शन की टीम ने लेखा अधिकारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

**जौनपुर**
**प्रदेश** में भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए भ्रष्टाचार निवारण संगठन लगातार कार्रवाई कर भ्रष्टाचारियों की धरपकड़ में लगी है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिले में विकास भवन से एक वरिष्ठ लेखा परीक्षक को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है। वाराणसी एंटी करप्शन इकाई के निरीक्षक मैनेजर सिंह ने बताया कि वीरेंद्र कुमार ने शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि उनकी मां सुदामा ग्राम प्रधान है। उनसे विकास भवन में कार्यरत वरिष्ठ लेखा परीक्षक सत्य नारायण गांव में कराए गए विकास कार्यों की ऑडिट के नाम पर 30 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है।

# ऋण पाकर खिले युवा उद्यमियों के चेहरे

## सीएम योगी ने अयोध्या मंडल के 1,148 युवा उद्यमियों को किया ऋण वितरित, ओडीओपी लाभार्थियों को सीएम योगी ने किया टूलकिट का वितरण

टीम एक्शन इंडिया
**अयोध्याः राम** कथा पार्क में शुक्रवार को अपना व्यवसाय शुरू करने वाले युवाओं के चेहरे पर एक नई उम्मीद की किरण दिखाई दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या मंडल के 1,148 युवा उद्यमियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत 47 करोड़ रुपये के ब्याजमुक्त ऋण वितरित किए। इस दौरान सीएम ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के लाभार्थियों को टूलकिट भी वितरित की, ताकि वे अपने हुनर को निखार सकें। ऋण पाकर युवा उद्यमियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने योगी सरकार की इस पहल की जमकर सराहना की। अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकर नगर और बाराबंकी से आए युवाओं ने इसे स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।
**ब्याजमुक्त ऋण पाकर खिले युवा उद्यमियों के चेहरे:** ब्याजमुक्त ऋण और टूलकिट पाकर युवा उद्यमियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। अयोध्या की युवा उद्यमी ऊषा देवी को 4 लाख रुपये का ऋण मिला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी जिस तरह युवाओं का ध्यान रख रहे हैं, उसका बखान शब्दों में नहीं किया जा सकता। इस ऋण से मैं अपना स्वरोजगार शुरू करूंगी और आत्मनिर्भर बनूंगी। वहीं 5 लाख रुपये का ऋण पाकर अमेठी के धर्मेंद्र

**वितरित किए**

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 47 करोड़ रुपये के ब्याजमुक्त ऋण वितरित किए**

सरोज ने योगी सरकार के प्रति अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अब मेरी खुद की पैथोलॉजी होगी। योगी सरकार देश की एकमात्र सरकार है, जो युवाओं के भविष्य को संवारने में लगी है।
सुल्तानपुर के केएनआई के पास रहने वाले दिलीप को ओडीओपी के तहत टूलकिट मिला। उन्होंने कहा कि मैंने वेल्डिंग के काम का प्रशिक्षण लिया है। अब टूलकिट मिल गया है इससे मैं अपना काम शुरू करूंगा। यह टूलकिट मेरे व्यवसाय को नई दिशा देगा। वहीं सुल्तानपुर के बगिया चौराहा निवासी अतुल वर्मा को 5.60 लाख रुपये का ऋण मिला। उन्होंने बताया कि मैं डीजे और साउंड सर्विस का काम करूंगा। पहले दो बार लोन के लिए अप्लाई किया, लेकिन नहीं मिला।
योगी सरकार की इस योजना ने मेरे सपनों को सच कर दिया। कार्यक्रम में मौजूद युवा उद्यमियों ने योगी सरकार की इस पहल को ऐतिहासिक बताया।

# कार्रवाई न होने तक फटी कमीज और नंगे पांव रहने का ऐलान

## भाजपा विधायक नंदकिशोर ने प्रदेश के बड़े अधिकारी पर लगाया हत्या की साजिश रचने का आरोप

टीम एक्शन इंडिया
**गाजियाबादः लोनी** से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के एक बड़े अधिकारी पर उनकी हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने एलान किया कि जब तक दोषी अधिकारियों के खिलाफ करवाई नहीं हो जाती तब तक वह राम कलश यात्रा के दौरान पुलिस की बर्बरता के कारण फटी कमीज पहनेंगे और नंगे पैर रहेंगे। मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नन्द किशोर गुर्जर ने आरोप लगाया कि गुरुवार को कलश यात्रा के दौरान हुई घटना उनकी

**मांग**

**तब तक वह राम कलश यात्रा के दौरान पुलिस की बर्बरता के कारण फटी कमीज पहनेंगे**

हत्या करने की साजिश थी। उन्होंने पुलिस के उस दावे को भी गलत बताया कि उन्होंने रामकलश यात्रा निकालने की अनुमति नहीं ली। कहा कि उन्होंने एसडीएम को भी अनुमति के लिए पत्र लिखा था। इस पत्र को बकायदा उन्होंने मीडिया के सामने पेश भी किया। लोनी में गुरुवार को कलश यात्रा निकाली जा रही थी। इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं कलश लेकर चल रही थीं। इस दौरान कलश यात्रा की अनुमति न लेने के मामले को लेकर पुलिस और विधायक के बीच विवाद हो गया था। पुलिस ने कलश यात्रा को रोका तो इस बात को लेकर झड़प हुई। आरोप है विधायक नंद किशोर गुर्जर के कपड़े तक फाड़ दिए गए। नंदकिशोर गुर्जर ने मीडिया के समक्ष कहा कि पहले ही इस साजिश का आभास हो चुका था। लखनऊ बैठे एक उच्च स्तर के अधिकारी ने इसकी योजना बनाई थी। इसकी वजह यह है कि वह भ्रष्टाचार और गरीबों पर हो रहे अत्याचार का विरोध करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऊपर काला जादू कराया हुआ है। उन्होंने कहा कि जब तक इस घटना के आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती तब तक वह फटे कपड़े और नंगे पैर रहेंगे। इसी वेशभूषा में वह मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्ष से मिलेंगे और न्याय की मांग करेंगे।
हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें सरकार और पुलिस पर भरोसा नहीं है और अब उनका केवल

# जयंती पर याद किए गए उस्ताद बिस्मिल्लाह खां, कब्र पर प्रशंसकों ने पढ़ी फातिहा

टीम एक्शन इंडिया
**वाराणसीः शहनाई** सम्राट भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की 109वीं जयंती शुक्रवार को दरगाह फातमान में मनाई गई। परिवारीजनों के साथ ही उस्ताद के प्रशंसकों ने उनकी मजार पर अकीदत के फूल चढ़ा फातिहा पढ़ दुआ-ए-खैर मांगी। पूर्वाह्न 11 बजे बिस्मिल्लाह खां फाउंडेशन के पदाधिकारी और प्रशंसक दरगाह पर पहुंचे। प्रशंसकों ने मजार को साफ कर गुलपोशी (पुष्प अर्पित) की । इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के पुत्र शांतनु राय भी वहां पहुंचे और पिता की तरफ से उस्ताद के

**याद किया**

**परिवारीजनों के साथ ही उस्ताद के प्रशंसकों ने उनकी मजार पर अकीदत के फूल चढ़ा फातिहा पढ़**

कब्र पर अकीदत के फूल चढ़ाए। कार्यक्रम के संयोजक शकील अहमद 'जादूगर' ने बताया कि आज के दिन 21 मार्च 1916 में बिहार के डुमरांव में उस्ताद का जन्म बेहद साधारण परिवार में हुआ था। उस्ताद के जन्मदिन के दिन उनके पिता पैगम्बर बख्श राज दरबार में शहनाई बजाने के लिए घर से निकलने की तैयारी ही कर रहे थे कि उनके कानों में एक बच्चे की किलकारियां सुनाई पड़ी। अनायास ही उनके मुंह से बिस्मिल्लाह शब्द ही निकला। उन्होंने अल्लाह के प्रति आभार व्यक्त किया। हालांकि उस्ताद के बचपन का नाम कमरुद्दीन था। लेकिन वह बिस्मिल्लाह के नाम से जाने गए। शकील अहमद ने कहा कि जिस समय उस्ताद का इंतकाल (निधन) हुआ था। तब उस वक्त की मौजूदा सरकार ने यह आश्वासन दिया कि उनके नाम से संगीत अकादमी खोला जाएगा।

# आइकॉनिक व्हाइट ने रचा इतिहास

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** भारत की तीसरी सबसे बड़ी स्पिरिट कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) ने अपनी आइकॉनिक व्हाइट के साथ नया मुकाम हासिल किया है। लॉन्च के महज 344 दिनों में इस ब्रांड ने 50 लाख (5 मिलियन) केस की बिक्री पार कर ली है। सितंबर 2023 में लॉन्च हुई इस प्रीमियम ब्रांड ने अपने आकर्षक डिजाइन और गुणवत्ता के दम पर तेजी से बाजार में पकड़ बनाई। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3.2 लाख केस की शुरुआती बिक्री के बाद, 2023-24 में यह आंकड़ा 22.7 लाख केस तक पहुंच गया, जिससे यह 2023 का सबसे तेजी से बढ़ने वाला स्पिरिट ब्रांड बन गया। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) के मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक गुप्ता ने कहा, एफवाय 25 के केवल 344 दिनों में ही 50 लाख केस पार कर जाना एबीडी के लिए एक निर्णायक क्षण है, इसके साथ-साथ आइकॉनिक अपने सॉफिस्टिकेटेड ब्लेंड और स्टाइलिश पैकेजिंग के चलते युवकों के बीच भारत की नंबर वन ट्रेंडिंग बन चुकी है। हमें इस बात पर विशेष रूप से गर्व है कि हमारा ब्रांड एलडीए के ब्रैकेट में प्रवेश करने जा रहे, वयस्क होते उपभोक्ताओं को दिलकश लग रहा है, साथ ही वैश्विक विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बल पर, हमारा ब्रांड 5 देशों में अंतरराष्ट्रीय मान्यता भी प्राप्त कर चुका है।

# रेलवे ट्रैक के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मिला एसएसबी जवान का शव

टीम एक्शन इंडिया
**मीरजापुरः बिहार** के मधुबनी जिले में तैनात एसएसबी जवान योगेंद्र यादव (35) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक के पास मिला। शव शुक्रवार सुबह पैतृक गांव तिवारीपुर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी अनीता यादव ने बटालियन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए कि मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के बावजूद उन्हें अकेले घर जाने क्यों दिया गया। मृतक योगेंद्र यादव एसएसबी की 18वीं बटालियन में राजनगर, मधुबनी (बिहार) में तैनात थे। बटालियन के हवलदार चंदन सिंह के अनुसार, योगेंद्र गुरुवार को सुबह 10 बजे छुट्टी लेकर घर के लिए निकले थे और उन्हें राजनगर रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़नी थी। लेकिन करीब 11 बजे आरपीएफ थाने से सूचना मिली कि ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद बटालियन ने शव परिजनों को सौंप दिया।
शव घर पहुंचते ही पत्नी अनीता यादव बिलख पड़ीं और बटालियन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उनके पति मानसिक रूप से बीमार थे, तो उन्हें अकेले यात्रा करने क्यों दिया गया? उन्होंने कहा कि जब बटालियन के अधिकारी जानते थे कि मेरे पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, तो उन्हें अकेले भेजने की बजाय किसी जवान को उनके साथ भेजा जाना चाहिए था।

**जांच जारी**

**ााात एसएसबी जवान योगेंद्र यादव (35) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक के पास मिला**

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



## फास्ट न्यूज

### कोटद्वार और गोपेश्वर में पासपोर्ट ऑफिस को मंजूरी: बलूनी

**देहरादून।** गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात कर कोटद्वार और गोपेश्वर में पासपोर्ट ऑफिस खोलने की मांग की थी, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है। सांसद बलूनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन पासपोर्ट ऑफिसों के खुलने से स्थानीय लोगों को पासपोर्ट संबंधी सेवाएं सुगमता से मिल सकेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर का आभार व्यक्त किया।

### बीएसएफ ने जब्त की 15 करोड़ की हेरोइन

**बीकानेर:** सेक्टर हेडक्वार्टर सीमा सुरक्षा बल बीकानेर इंटेलिजेंस ब्रांच की पुख्ता सूचना के आधार पर पंद्रह करोड़ रुपये की तीन किलो हेरोइन जब्त की गई है। इंटेलिजेंस ब्रांच की सूचना के आधार पर शुक्रवार को 12 केएनडी ग्राम के चक्र 3 केएनएम में सीमा सुरक्षा बल द्वारा अतिरिक्त गश्त बढ़ाई गई, जिससे तस्कर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। डीआईजी इंटेलिजेंस जोधपुर विदुर भारद्वाज के दिशा-निर्देश पर उप समादेष्टा इंटेलिजेंस महेश चंद जाट, इंस्पेक्टर ताराचंद यादव, इंस्पेक्टर अजय कुमार पांडे, दीपक कुमार एवं उसकी टीम ने पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान 3 केएनएम इलाके में एक येलो पैकेट में तीन किलो हेरोइन बरामद हुई जिसकी अंतराष्ट्रीय कीमत पंद्रह करोड़ रुपये है। उप समादेष्टा इंटेलिजेंस महेश चंद जाट के अनुसार बीएसएफ इंटेलीजेंस बीकानेर बॉर्डर एरिया में बहुत सतर्कता से काम रहा है ताकि इस क्षेत्र को नशे और अपराध मुक्त बनाया जा सके।

### असम में मवेशी संरक्षण कानून में संशोधन

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने 'असम मवेशी संरक्षण अधिनियम 2021' में संशोधन करने के लिए एक विधेयक पेश किया है, जिससे अब व्यक्तिगत रूप से भी कृषि, पशुपालन और व्यापार जैसे वैध उद्देश्यों के लिए मवेशियों का परिवहन किया जा सकेगा। पहले केवल पंजीकृत एजेंसियों और फार्मों को ही इस तरह के परिवहन की अनुमति थी। विधानसभा में यह संशोधन मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा की ओर से संसदीय कार्य मंत्री चंद्रमोहन पटोवारी ने प्रस्तुत किया। यह संशोधन व्यक्तियों को भी यह अधिकार देता है।

# मंदिरों में जनसुविधाओं की व्यवस्था करें: सीएम

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या मंडल के विकास कार्यों, कानून व्यवस्था की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या मंडल के विकास कार्यों, कानून व्यवस्था व श्रीराम नवमी/श्री राम जन्मोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। इसके दृष्टिगत सभी प्रमुख देवी मंदिरों सहित धार्मिक स्थलों की साफ सफाई और आवश्यक जनसुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिए निर्देश...**
मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ 2025 के दौरान अयोध्या मंडल के प्रशासनिक एवं पुलिस टीम द्वारा भीड़ नियंत्रण एवम सुगम श्री राम लला दर्शन के लिए किये गए नवाचारों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के अनुभवों के अनुसार श्रीराम नवमी मेले की तैयारियां की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आसपास के जनपदों से




समन्वय स्थापित करते हुये होल्डिंग एरिया बनाकर मूलभूत जनसुविधाओं व समाजसेवियों को प्रेरित करते हुए यहां पर लंगर/फलाहार की व्यवस्था भी कर ली जाए। गर्मी के मौसम को देखते हुये अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को आवश्यक जनसुविधाएं शीतल पेयजल, साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जगह-जगह पर शीतल पेयजल के लिए वाटर एटीएम लगवाए जाएं। नगर निगम सुबह, दोपहर व शाम साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाए। इसके साथ ही अयोध्या के प्रमुख मठ मंदिरों, घाटों व सरयू नदी की भी साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय। स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं आदि को साफ सफाई के लिए भी प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क व फुटपाथ चलने योग्य हों, कहीं भी किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पायें, इसके लिए नियमित अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए। स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वेंडिंग जोन बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान गर्मी

### विविध

**▶▶ प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर 25 से 27 मार्च तक कराए जाएं विविध आयोजन: मुख्यमंत्री**

को देखते हुये श्री हनुमानगढ़ी के दर्शन मार्ग व श्रीरामलला के दर्शन मार्ग पर छाया हेतु कैनोपी की व्यवस्था की जाए तथा पैरों को धूप से बचाने के लिए यथावश्यक दर्शन मार्गों पर चटाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं को ज्यादा पैदल न चलने पड़े, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में ई-बसों की व्यवस्था अयोध्या के प्रमुख स्थलों से मंदिर तक की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को अयोध्या में प्रवेश से ही आनन्द की अनुभूति हो, इसके लिए अयोध्या धाम में राम धुन/भक्तिमय गीत प्रसारित किए जाएं। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से होटल, धर्मशाला, होम स्टे आदि में निर्धारित रेट लिस्ट के अनुसार ही भुगतान लिया जाए। अयोध्या सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों का व्यवहार मित्रवत हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष व केंद्र सरकार के लगभग 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समस्त जनपदों में जनसामान्य को अवगत कराया जाना है। इसके लिए आगामी 25, 26 व 27 मार्च 2025 को सभी जनपदों में समारोह आयोजित कर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी जाए। 25 मार्च को जनपद मुख्यालय पर प्रभारी मंत्री द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रिदिवसीय मेले का उद्घाटन किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विशेष लघु फिल्म, महाकुम्भ 2025 के सफल आयोजन पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाए।

# श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आजीविका का भी बन रही आधार: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या:** गुरुवार को अयोध्या दौरे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतल पेय बॉटलिंग प्लांट का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालु अयोध्या को देखने के लिए उत्सुक हैं। आज भी यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। यह केवल आस्था नहीं है, यह आस्था आजीविका का भी आधार बन रही है। यह विरासत विकास का आधार बन रहा है। यह संस्कृति का संवर्धन हमारी समृद्धि का आधार बन रहा है। महाकुम्भ

### रोजगार सृजन

**▶▶ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में शुरू किया बॉटलिंग प्लांट, रोजगार सृजन पर दिया जोर**

प्रयागराज ने आपके सामने उसकी एक झलक दिखाई है और इस सामर्थ्य को हमें और अधिक सुविधाओं से युक्त करके नए-नए रोजगार के सृजन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# करुणामूलक नौकरी के लिए एक माह में बनेगी नीति: सुक्खू



**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने घोषणा की है कि हिमाचल प्रदेश में करुणामूलक आधार पर नौकरी देने के लिए सरकार एक माह में नई नीति लेकर आएगी। इसके साथ ही विधायकों की ऐच्छिक निधि में 1 लाख रुपये की बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणाएं शुक्रवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चली चार दिवसीय चर्चा का जवाब देते हुए कीं।

**भाजपा सरकार पर कर्ज बढ़ाने का आरोप**
मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश को कर्ज के बोझ तले दबा दिया। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार को केंद्र से 68 हजार करोड़ रुपये की राजस्व घाटा अनुदान और जीएसटी क्षतिपूर्ति मिली थी, लेकिन इस धनराशि का उपयोग प्रदेश का कर्ज चुकाने या कर्मचारियों के वेतन

### घोषणा

**▶▶ साथ ही विधायकों की ऐच्छिक निधि में 1 लाख रुपये की बढ़ोतरी की जाएगी: सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू**

आयोग की देनदारी निपटाने के बजाय चुनावी रेवड़ियां बांटने में किया गया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने दो वर्षों में 29,046 करोड़ रुपये का ऋण लिया, लेकिन इसमें से 12,266 करोड़ रुपये ब्याज भुगतान और 8,087 करोड़ रुपये पूर्व में लिए गए कर्ज चुकाने में खर्च हुए। ऐसे में विकास कार्यों के लिए केवल 8,693 करोड़ रुपये ही उपलब्ध रह सके। मुख्यमंत्री ने आंकड़े प्रस्तुत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश पर 40,352 करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण चढ़ा।

# भारतीय शास्त्र सृष्टि के रहस्यों को जानने का माध्यम: धामी

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार। हमारे शास्त्र** केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के रहस्यों को जानने का माध्यम हैं। भारतीय शास्त्रों और ग्रंथों में ऐसे अद्भुत सूत्र निहित हैं, जो आधुनिक ज्ञान-विज्ञान में परिलक्षित होते हैं। उक्त उद्गार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित 62वीं अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव स्पर्धा के समापन समारोह में व्यक्त किए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का आधार हमारे प्राचीन शास्त्र हैं, जिनमें विज्ञान, योग, चिकित्सा, गणित और दर्शन के गूढ़ रहस्य समाहित हैं। उन्होंने इस बात पर



बल दिया कि ऋषि-मुनियों द्वारा किए गए अनुसंधानों को केवल विरासत के रूप में संरक्षित करने के बजाय, उसे आगे बढ़ाना और आधुनिक परिप्रेक्ष्य में विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जैसे अद्वैत वेदांत का गूढ़ ज्ञान पूरे भारत में फैला, वैसे ही इस शास्त्रोत्सव के माध्यम से संस्कृत और शास्त्रों के गूढ़ रहस्य पूरे देश और वैश्विक स्तर पर फैलें। समापन समारोह के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार सनातन और भारतीय ज्ञान परंपरा को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कदम उठा रही

### गूढ़ रहस्य

**▶▶ हमारे प्राचीन शास्त्र हैं, जिनमें विज्ञान, योग, चिकित्सा, गणित और दर्शन के गूढ़ रहस्य समाहित हैं**

है, जिससे कि प्राचीन भारतीय ज्ञान विज्ञान को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने भारत के समृद्ध वैदिक ज्ञान को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने और इसे शिक्षा प्रणाली में अधिक प्रभावी रूप से समाहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# हिंदू नव वर्ष मनाने के लिए देव दर्शन यात्रा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर।** भारतीय हिंदू नव संवत्सर विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को लेकर नव वर्ष महोत्सव समिति की ओर से देव दर्शन यात्रा की गई। शहर के प्रमुख मंदिरों में दर्शन करने के साथ ही इस महोत्सव को उत्साह के साथ मनाने व 29 मार्च की शोभायात्रा व अन्य कार्यक्रमों में आने का निमंत्रण भी दिया गया। समिति के महासचिव वरुण धनाडिया ने बताया कि भारतीय नव वर्ष विक्रम संवत 2082 को लेकर जोधपुर के प्रमुख मंदिरों में संपर्क कार्यक्रम के तहत नववर्ष की शुभकामना दी गई।

# हाईकोर्ट ने रिपोर्ट पेश करने के लिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल: हाईकोर्ट ने** कालागढ़ डैम क्षेत्र में वन एवं सिंचाई विभाग की भूमि पर अवैध रूप से रह रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अन्य करीब चार पांच सौ परिवारों को हटाए जाने के मामले में सुनवाई के बाद अगली तारीख 28 अप्रैल निर्धारित की है हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के अनुपालन में उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश हुईं। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि कालागढ़ डैम उत्तर प्रदेश की भूमि में स्थित है, इसलिए विस्थापन की जिम्मेदारी यूपी सरकार की बनती है। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता ने कोर्ट में स्पष्ट किया कि इस मामले में उनकी सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं है इस पर हाईकोर्ट ने उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को एक माह के भीतर बैठक कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ता से सवाल किया कि जब कालागढ़ डैम का अधिकांश हिस्सा उत्तर प्रदेश में स्थित है, तो उन्होंने याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर क्यों नहीं की। इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने जवाब दिया कि उनके मुवक्किलों को हटाने का नोटिस उत्तराखंड के पौड़ी जिलाधिकारी ने जारी किया है, इसलिए उन्होंने उत्तराखंड हाईकोर्ट की शरण ली है।

# 'अखिलेश-राहुल को देखनी चाहिए छावा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ फीनिक्स प्लाजियो माल में ऐतिहासिक फि ल्म छावा देखी। फिल्म देखने पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि छावा जैसी ऐतिहासिक फि ल्म बहुत पहले बननी चाहिए थी! इसे हर किसी को देखना चाहिए, खासकर मुस्लिम परस्त राहुल गांधी और उनके सदाबहार दरबारी अखिलेश यादव व ममता दीदी जैसे नेताओं



को, ताकि उन्हें समझ आ सके कि क्रूरता का दूसरा नाम ही औरंगजेब था! केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि छावा केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि छत्रपति संभाजी महाराज के शौर्य और बलिदान का जीवंत प्रतीक है। संभाजी महाराज केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि धर्म,

### जीवंत प्रतीक

**▶▶ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ फीनिक्स प्लाजियो माल में ऐतिहासिक फिल्म छावा देखी**

संस्कृति एवं राष्ट्र के रक्षक थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि औरंगजेब जैसे अत्याचारी आक्रांताओं के सामने सिर झुकाने वाले नहीं, बल्कि लोहा लेने वाले ही सच्चे नायक होते हैं।

## विकास

### मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में 1,148 युवा उद्यमियों को वितरित किए 47 करोड़ का ऋण

# युवा बनेगा आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश का आधार: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्री अयोध्याधाम के श्री राम कथा पार्क में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत अयोध्या मंडल के 1,148 युवा उद्यमियों को 47 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमियों के स्टार्टअप की प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन भी किया। अयोध्या मंडल से आए युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम युवा अयोध्या मंडल को आत्मनिर्भर बनाने में




योगदान देगा, जो आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत का आधार बनेगा। उन्होंने युवाओं से धैर्य और निष्ठा के साथ अपने उद्यम को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।
**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास**

**अभियान युवाओं के आर्थिक स्वावलंबन का संबल बनेगा-सीएम**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या मंडल के युवा उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान उनके आर्थिक स्वावलंबन का संबल बनेगा। उन्होंने 1,148 युवाओं को 47 करोड़ रुपये का ऋण वितरित करते हुए कहा कि यह ब्याज मुक्त ऋण है। अगर आप समय पर मूलधन चुकाते हैं, तो ब्याज सरकार वहन करेगी। सीएम योगी ने बताया कि फरवरी 2024 के बजट में इस योजना की घोषणा हुई थी और 24 जनवरी 2025 को पोर्टल लॉन्च के साथ इसे शुरू किया गया। दो महीने में 1 लाख युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य था, लेकिन 3 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park, Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road, Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925